वॉयस ऑफ लखनऊ

सच, सिर्फ सच

शनिवार, 09 मई, 2026 | लखनऊ, महानगर, वर्ष 21, अंक 125, पेज 12, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper | voiceoflucknow@gmail.com | www.voiceoflucknow.com

सेंसेक्स में 516 अंकों की गिरावट

पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई। } 10

एकता की डोर से बंधा है भारत : पीएम मोदी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा कि भारत का हर हिस्सा पवित्र है और वह एक ऐसी एकता की डोर से जुड़ा है जो भौगोलिक की सीमाओं से परे है। } 12

आईएसआई से जुड़े मॉड्यूल ने उगले कई राज

दिल्ली के मंदिर व ढाबे, यूपी के थानों व कई सैन्य शिविर पर हमले की थी योजना

एजेंसी

दिल्ली। पाकिस्तान की खुफिया एजेंसी आईएसआई ने कथित तौर पर शहजाद भट्टी मॉड्यूल से जुड़े गुर्गों के माध्यम से दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर, दिल्ली-सोनीपत राजमार्ग पर एक लोकप्रिय ढाबे और हरियाणा में एक सैन्य शिविर पर हमले कराने की साजिश रची थी। उत्तर प्रदेश के कुछ पुलिस थाने भी हिट लिस्ट में शामिल थे। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों के अनुसार, इन बातों का खुलासा दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ द्वारा गैंग बस्ट ऑपरेशन 2.0 के तहत कई राज्यों से गिरफ्तार किए गए मॉड्यूल के नौ कथित गुर्गों से पूछताछ के दौरान हुआ। सूत्रों ने बताया कि जांचकर्ताओं ने पाया कि एक आरोपी ने दिल्ली के एक ऐतिहासिक मंदिर की टोह ली थी और सोशल मीडिया के माध्यम से परिसर की तस्वीरें पाकिस्तान स्थित आकाओं को भेजी थीं। उन्होंने कहा कि मॉड्यूल ने मंदिर में तैनात पुलिस कर्मियों और अर्धसैनिक बलों को निशाना बनाने और दहशत फैलाने व व्यवधान पैदा करने के लिए कथित तौर पर गोलीबारी करने की साज़िश रची थी। सूत्रों ने यह भी बताया कि बड़े पैमाने पर नुकसान पहुंचाने के इरादे से दिल्ली-सोनीपत राजमार्ग पर एक लोकप्रिय ढाबे पर ग्रेनेड हमला करने का काम ...शेष पृष्ठ 10 पर

सीएम योगी ने पैतृक गांव में 'हरि विष्णु पंचदेव मंदिर' की प्राण प्रतिष्ठा की

ग्रामीणों ने किया जोरदार स्वागत, वैदिक मंत्रोच्चार के साथ स्थापित की गयीं प्रतिमाएं

विशेष संवाददाता

लखनऊ/उत्तराखण्ड। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को उत्तराखंड के यमकेश्वर ब्लॉक स्थित अपने पैतृक गांव पंचूर में नवनिर्मित 'हरि विष्णु पंचदेव मंदिर' में मूर्तियों की प्राण प्रतिष्ठा की। सीएम योगी गुरुवार को हेलीकॉप्टर से अपने गांव पहुंचे थे, जहां ग्रामीणों ने उनका जोरदार स्वागत किया था। उन्होंने गुरुवार की रात अपने पैतृक आवास पर बिताई और स्थानीय 'जागर' (जागरण) अनुष्ठान में भाग लिया। शुक्रवार सुबह वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भगवान विष्णु, गणेश, शंकर, मां दुर्गा और हनुमान जी की प्रतिमाएं स्थापित की गईं। इस आध्यात्मिक यात्रा के दौरान योगी आदित्यनाथ ने जिम का उद्घाटन भी किया।

योगी आदित्यनाथ जब अपने गांव पहुंचे, तो वह एक मुख्यमंत्री नहीं बल्कि उस मिट्टी के बेटे के रूप में नजर आए। गुरुवार की रात बेहद

भावुक रही, जब उन्होंने अपने पुराने घर में समय बिताया. पहाड़ों की ठंडी हवाओं के बीच रातभर देवताओं के आह्वान की परंपरा 'जागर' का आयोजन हुआ। सीएम योगी ने न केवल इस धार्मिक उत्सव में हिस्सा लिया, बल्कि ग्रामीणों के बीच बैठकर उनकी बातें भी सुनीं। बच्चों के साथ उनकी आत्मीय बातचीत ने सबका दिल जीत लिया। नवनिर्मित 'हरि विष्णु पंचदेव मंदिर' की दिव्यता देखते ही बनती है। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां भगवान विष्णु के साथ प्रथम पूज्य गणेश, महादेव, आदि शक्ति मां दुर्गा और संकटमोचन हनुमान जी की मूर्तियां एक साथ स्थापित की गई हैं। शुक्रवार सुबह मंदिर की घंटियों और वैदिक मंत्रों की गूंज के बीच योगी ने पूर्ण श्रद्धा के साथ अनुष्ठान संपन्न कराया। प्राण प्रतिष्ठा के बाद एक विशाल भंडारे का आयोजन हुआ, जिसमें आसपास के दर्जनों गांवों के लोग शामिल हुए। इस दौरे का एक और दिलचस्प नजारा पौड़ी के महायोगी ...शेष पृष्ठ 10 पर

संक्षेप

लखनऊ में चलेगी ड्राइवरलेस मेट्रो ट्रेन

लखनऊ। मेट्रो के ईस्ट-वेस्ट कॉरिडोर के लिए अहम कदम उठाते हुए 15 अत्याधुनिक ट्रेन सेट और सिग्ननलिंग सिस्टम के डिजाइन और निर्माण के लिए टेंडर जारी कर दिया गया है। ट्रेनों को इस तरह तैयार किया जाएगा कि इनमें तेज रफ्तार, बेहतर सुरक्षा और यात्रियों के लिए अधिक आराम व उन्नत यात्री सुविधा मिल सके। रोलिंग स्टॉक यानि मेट्रो ट्रेन में कई आधुनिक तकनीकों को शामिल किया जा रहा है, जिससे उत्तर प्रदेश मेट्रो रेल कॉरपोरेशन देश की उन्नत व अत्याधुनिक मेट्रो प्रणालियों में से एक स्थापित करने की दिशा में आगे बढ़ रहा है। ट्रेनें अनअटेंडेड ट्रेन ऑपरेशन मोड पर संचालित होंगी, जिससे उनका संचालन पूरी तरह ड्राइवरलेस होगा। यूटीओ मोड एक आधुनिक ड्राइवरलेस प्रणाली है, जिसमें ट्रेनें कम्युनिकेशन-बेस्ड ट्रेन कंट्रोल जैसी उन्नत तकनीक की मदद से स्वतः चलती हैं, रुकती हैं और अपनी गति नियंत्रित करती हैं।

लखनऊ : सेप्टिक टैंक में उतरे दो सफाईकर्मियों की मौत

लखनऊ। माल थाना क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर सेप्टिक टैंक की सफाई कर रहे दो मजदूरों की जहरीली गैस से मौत हो गई। पहले एक मजूदर टैंक के अंदर सफाई करने के लिए उतरा। जब काफी देर तक उसकी ओर से कोई आवाज या हलचल नहीं हुई, तो दूसरा मजदूर उसे देखने के लिए टैंक में चला गया। इसके बाद दोनों की तरफ से कोई प्रतिक्रिया नहीं मिली। मौके पर मौजूद लोगों ने तत्काल डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस टीम और ग्रामीणों की मदद से दोनों मजदूरों को अचेत अवस्था में बाहर निकाला गया। उन्हें अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना मुख्यालय से करीब 35 किमी दूर माल थाना क्षेत्र के नवीपनाह गांव की है।

बंगाल के नये मुख्यमंत्री होंगे शुभेंदु अधिकारी

आज लेंगे शपथ, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने की औपचारिक घोषणा

एजेंसी

कोलकाता। पश्चिम बंगाल के मुख्यमंत्री पद के लिए नामित शुभेंदु अधिकारी ने शुक्रवार शाम राज्यपाल आर एन रवि से मुलाकात की और राज्य में भाजपा के नेतृत्व वाली पहली सरकार बनाने का दावा पेश किया। अधिकारी भाजपा की प्रदेश इकाई के दिलीप घोष, लॉकेट चटर्जी और तापस रॉय सहित कई शीर्ष नेताओं के साथ लोकभवन पहुंचे।

इससे पहले अधिकारी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में हुई बैठक में भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया। हाल में संपन्न हुए पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में भाजपा ने 294 सीट में से 207 सीट जीतकर विजय पताका फहराई, जबकि तृणमूल कांग्रेस केवल 80 सीट पर सिमट गई। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शीर्ष केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा शासित राज्यों के लगभग 20 मुख्यमंत्रियों की उपस्थिति में शनिवार को ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य समारोह में अधिकारी और उनकी मंत्रिपरिषद का शपथग्रहण होगा। वहीं दूसरी ओर पश्चिम बंगाल में मुख्यमंत्री पद के लिए नामित किए गए शुभेंदु अधिकारी ने कहा कि



राज्य में नई और पहली भाजपा सरकार पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में किए गए सभी वादों को पूरा करेगी और लोगों की उम्मीदों को पूरा करने के लिए केंद्र के साथ मिलकर काम करेगी। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) विधायक दल का नेता चुने जाने के बाद पार्टी विधायकों को संबोधित करते हुए अधिकारी ने कहा कि बंगाल में डर का माहौल खत्म हो गया है और राज्य अबै भरोसै के दौर की ओर बढ़ेगा। पार्टी विधायकों और समर्थकों की ज़ोरदार तालियों के बीच अधिकारी ने कहा, "भय अब खत्म हो गया है और जैसा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी ने कहा है, भरोसा आ गया है। इससे पहले अधिकारी को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और प्रदेश में पार्टी के शीर्ष नेतृत्व की मौजूदगी में सर्वसम्मति से भाजपा विधायक दल का नेता चुना गया, जिससे उनके पश्चिम बंगाल में भाजपा के पहले मुख्यमंत्री बनने का रास्ता साफ हो गया। अधिकारी ने कहा बंगाल की जनता ने हमें ऐतिहासिक ...शेष पृष्ठ 10 पर

बंगाल में अब घुसपैठ असंभव : शाह

एजेंसी

कोलकाता। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शुक्रवार को शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल में भाजपा विधायक दल का नेता और मुख्यमंत्री पद का चेहरा चुने जाने की घोषणा करने के बाद कहा कि राज्य में घुसपैठ और मवेशियों की तस्करी नामुमकिन हो जाएगी। यहां भाजपा विधायक दल की बैठक को संबोधित करते हुए, शाह ने कहा कि बंगाल में भारी जीत सिर्फ संगठन का विस्तार या विचारधारा की पुष्टि नहीं है, बल्कि राष्ट्रीय सुरक्षा और लोकतांत्रिक बहाली से जुड़ा जनादेश है। उन्होंने कहा यह जीत हमारे संगठन के विस्तार या विचारधारा की पुष्टि के बारे में नहीं है, बल्कि देश की राष्ट्रीय सुरक्षा में सबसे बड़ी कमी को ठीक करने के बारे में है, अब पश्चिम बंगाल में घुसपैठ और गो-तस्करी नामुमकिन हो जाएगी। पूर्ववर्ती तृणमूल कांग्रेस शासन पर तीखा हमला करते हुए, शाह ने आरोप लगाया कि ममता बनर्जी के 15 साल के शासन के दौरान राज्य में प्रशासन का राजनीतिकरण और राजनीति का अपराधीकरण हुआ था। उन्होंने कहा भाजपा के शासन के दौरान, न तो प्रशासन का राजनीतिकरण होगा, न ही राजनीति का अपराधीकरण होगा। शाह ने पश्चिम बंगाल में नव निर्वाचित विधायकों की एकमत से मंजूरी का हवाला देते हुए अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किया। शाह ने कहा विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आठ ...शेष पृष्ठ 10 पर

तमिलनाडु : विजय आज लेंगे सीएम पद की शपथ

चेन्नई। तमिलनाडु विधानसभा चुनाव में सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरी टीवीके के अध्यक्ष चंद्रशेखर जोसफ विजय ने वामपंथी दलों से समर्थन मिलने के बाद शुक्रवार को राज्यपाल राजेंद्र विश्वनाथ अर्लेकर से लोक भवन में मुलाकात ...शेष पृष्ठ 10 पर

अमेरिकी कोर्ट ने ट्रंप टैरिफ किया निरस्त

राष्ट्रपति के 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को बताया अवैध

एजेंसी

वाशिंगटन। अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को अवैध और कानून द्वारा अनधिकृत करार देते हुए खारिज कर दिया है।

ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिनों के लिए ये नए शुल्क लगाए गए थे। उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की

अनुमति नहीं देता। अमेरिका की अंतरराष्ट्रीय व्यापार न्यायालय ने बृहस्पतिवार को सुनाए फैसले में कहा कि ट्रंप ने 10 प्रतिशत शुल्क लगाने के लिए 1974 के व्यापार अधिनियम के जिन प्रावधानों का इस्तेमाल किया, वे केवल भुगतान संतुलन संकट की स्थिति में ही प्रभावी हो सकते हैं। अदालत ने एक के मुकाबले दो के बहुमत से कहा कि ट्रंप ने उस शुल्क अधिकार का अतिक्रमण किया जो संसद ने राष्ट्रपति को कानून के तहत दिया है। बहुमत ने अपने फैसले में कहा कि ये शुल्क ...शेष पृष्ठ 10 पर

बुलंदशहर : एक्सीडेंट में पांच लोगों की मौत

बुलंदशहर (उप्र)। बुलंदशहर जिले के कोतवाली देहात क्षेत्र में शुक्रवार को सड़क हादसे में मोटरसाइकिल सवार पति-पत्नी और उनके तीन बच्चों की मौत हो गई। पुलिस ने यह जानकारी दी।

पुलिस के अनुसार हादसे के बाद सभी को अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (एसएसपी) दिनेश कुमार सिंह ने बताया कि मृतकों की पहचान उत्तम कुमार (45), उनकी पत्नी उर्मिला (40) और बच्चे निशान्त (आठ), दिशा (छह) एवं अनायरा (छह) के रूप में हुई है जो धमैडा कीरत गांव के निवासी थे। उन्होंने कहा कि उत्तम कुमार किसी से मोटरसाइकिल लेकर खुर्जा गए थे और लौटते समय रास्ते में यह हादसा हो गया। एसएसपी के ...शेष पृष्ठ 10 पर

हिमालयी क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवा का नया अध्याय शुरू

चारधाम यात्रा को सुरक्षित व सुगम बनाने को प्रयत्नशील : धामी

प्रमुख संवाददाता

रुद्रप्रयाग (उत्तराखंड)। उच्च हिमालयी क्षेत्र श्री केदारनाथ धाम में श्रद्धालुओं और स्थानीय नागरिकों के लिए चिकित्सा सुविधाओं की दिशा में एक नया अध्याय शुरू हुआ। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा निर्मित अत्याधुनिक अस्पताल का लोकार्पण किया। इस अस्पताल का संचालन स्वामी विवेकानन्द हेल्थ मिशन सोसाइटी द्वारा किया जाएगा।

मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि केदारनाथ जैसे दुर्गम पर्वतीय क्षेत्र में स्वास्थ्य सेवाओं का मजबूत होना समय की आवश्यकता है। ऊंचाई, मौसम में अचानक बदलाव और ऑक्सीजन की कमी जैसी

परिस्थितियों के कारण यात्रियों को कई बार स्वास्थ्य संबंधी परेशानियों का सामना करना पड़ता है। ऐसे में यह अस्पताल आपातकालीन चिकित्सा, प्राथमिक उपचार और स्वास्थ्य परामर्श जैसी सुविधाओं के माध्यम से बड़ी राहत प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार चारधाम यात्रा को सुरक्षित, व्यवस्थित और सुगम बनाने के लिए निरंतर प्रयासरत है। यात्रा मार्गों पर स्वास्थ्य शिविरों, डॉक्टरों, एम्बुलेंस सेवाओं, ऑक्सीजन सपोर्ट सिस्टम और मेडिकल टीमों की तैनाती की गई है, ताकि किसी भी परिस्थिति में श्रद्धालुओं को त्वरित सहायता उपलब्ध कराई जा सके। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्वस्थ उत्तराखंड के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए प्रदेश में स्वास्थ्य ढांचे को तेजी से मजबूत किया जा रहा है। आयुष्मान भारत योजना के माध्यम से लाखों लोगों को मुफ्त इलाज की सुविधा मिल रही है, जबकि दूरस्थ और पर्वतीय क्षेत्रों तक आधुनिक चिकित्सा सेवाएं पहुंचाने के लिए सरकार लगातार कार्य कर रही है। साथ ही मेडिकल ...शेष पृष्ठ 10 पर

आज का मौसम

अधिकतम : 40.00 डिसे.
न्यूनतम : 26.00 डिसे.

भीतर पढ़ें

- संग्रहालयों के जरिए सहेजी जा रही प्रदेश की विरासत (पृष्ठ-02)
- आज और कल होगी प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा (पृष्ठ-02)
- रुपया 25 पैसे चढ़कर 94.47 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ-10)
- निर्माण उपकरण की बिकी वित्त दो प्रतिशत घटी (पृष्ठ-10)
- एयर इंडिया ने उठाए खर्च घटाने के कदम (पृष्ठ-10)

विशेष खबर | उत्तर प्रदेश में 2012 से 2017 के बीच प्रतिदिन हुए 19 दंगे

सपा सरकार में 25 हजार से अधिक हुए दंगे

विशेष संवाददाता

लखनऊ। कभी दंगा प्रदेश के नाम से चर्चित रहा उत्तर प्रदेश अब कानून व्यवस्था के मामले में नई पहचान बना रहा है। राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों के अनुसार वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में प्रतिदिन

योगी राज में नौ वर्षों से प्रदेश में शांति

औसतन 19 दंगे दर्ज होते थे, लेकिन वर्ष 2017 में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में सरकार बनने के बाद प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में कोई बड़ा दंगा नहीं हुआ।

सरकार का दावा है कि इस दौरान कुछ असामाजिक तत्वों की ओर से माहौल बिगाड़ने और दंगा भड़काने की कोशिशें जरूर की गईं, लेकिन पुलिस और प्रशासन की सख्ती के चलते ऐसे प्रयास सफल नहीं हो सके। संवेदनशील

इलाकों में लगातार निगरानी, त्वरित पुलिस कार्रवाई और खुफिया तंत्र की सक्रियता के कारण स्थिति को समय रहते नियंत्रित किया गया। प्रदेश में कानून व्यवस्था मजबूत होने का असर अपराध के अन्य मामलों में भी दिखाई दे रहा है। एनसीआरबी की वर्ष 2024 की रिपोर्ट के अनुसार उत्तर प्रदेश में फिरौती के लिए अपहरण का एक भी मामला दर्ज नहीं हुआ। कभी व्यापारियों और कारोबारियों के लिए चिंता का विषय रहने वाला यह अपराध अब पूरी तरह नियंत्रण में बताया जा रहा है। सरकार का कहना है कि बेहतर कानून व्यवस्था के कारण प्रदेश में निवेश का माहौल मजबूत हुआ है और आम नागरिकों में सुरक्षा की भावना बढ़ी है। वहीं राजनीतिक और सामाजिक स्तर पर भी उत्तर प्रदेश की बदली हुई छवि को लेकर चर्चा हो रही है। वर्ष 2012 से 2017 के बीच प्रदेश में हर दिन अपहरण की 33 घटनाएं दर्ज की गईं। एनसीआरबी की वर्ष 2024 रिपोर्ट के अनुसार फिरौती के लिए अपहरण के मामले में उत्तर प्रदेश की अपराध दर (क्राइम रेट) शून्य दर्ज की गई है। देश के अन्य राज्यों की तुलना में उत्तर प्रदेश इस मामले में सबसे बेहतर स्थिति में दिखाई देता है। रिपोर्ट के अनुसार नगालैंड में यह अपराध दर 0.7, मणिपुर ...शेष पृष्ठ 10 पर

यूपी में स्वास्थ्य विभाग पर बड़ी कार्रवाई, पांच डॉक्टर बर्खास्त

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। प्रदेश के लापरवाह डॉक्टरों पर की बर्खास्तगी, तबादले और वेतनवृद्धियां रोकी गई हैं। डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने अपर मुख्य सचिव को कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।

सीएमओ समेत 16 अफसरों के विरुद्ध विभागीय कार्रवाई

उनका कहना है कि नर्सिंग होम और अल्ट्रासाउंड जांच सेंटर के पंजीकरण और नवीनीकरण प्रक्रिया में खेल करने वालों पर शिकंजा कसा गया है। अम्बेडकर नगर के मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. संजय कुमार शैवाल एवं डिप्टी सीएमओ डॉ. संजय वर्मा पर निजी ...शेष पृष्ठ 10 पर

स्टांप तथा पंजीयन विभाग के तीन कर्मचारी निलंबित

लखनऊ। स्टांप तथा पंजीयन विभाग में कार्यरत तीन कार्मिकों को कार्य में अनियमितता और भ्रष्टाचार के आरोपों में तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। निलंबित किए गए कार्मिकों में रवि प्रकाश वर्मा उप निबन्धक सदर प्रथम बरेली, तोषक राजन राजपूत कनिष्ठ सहायक निबन्धन, कार्यालय उप निबन्धक सदर प्रथम बरेली तथा शिवम मिश्रा तत्कालीन कनिष्ठ सहायक निबन्धन, कार्यालय उप निबन्धक सदर प्रथम बरेली, सम्प्रति कार्यालय उप निबन्धन सदर ...शेष पृष्ठ 10 पर

न्यूजीलैंड तकनीक से बढ़ेगा गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन

मधुमक्खी पालकों को मिलेगा आधुनिक प्रशिक्षण, निर्यात को भी बढ़ावा

विशेष संवाददाता (vol)

- रायबरेली में सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी जल्द होगा शुरू

लखनऊ। उत्तर प्रदेश में गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन और प्रसंस्करण को बढ़ावा देने की दिशा में सरकार ने नई पहल शुरू की है। भारत और न्यूजीलैण्ड के मध्य शहद उत्पादन एवं निर्यात क्षेत्र में सहयोग को और मजबूत बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल की जा रही है। इसी क्रम में कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण(एपीडा) तथा न्यूजीलैण्ड सरकार की ओर से संयुक्त रूप से हनी एक्शन प्लान पर कार्य किया जा रहा है। शुक्रवार को उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से न्यूजीलैंड के शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण क्षेत्र से जुड़े प्रतिनिधिमंडल ने शिष्टाचार भेंट कर तकनीकी सहयोग और आधुनिक प्रशिक्षण की संभावनाओं पर विस्तृत चर्चा की।

प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बी.एल. मीणा, अपर मुख्य सचिव, उद्यान एवं खाद्य प्रसंस्करण विभाग ने किया। टीम में न्यूजीलैंड के कृषि और मधुमक्खी पालन विशेषज्ञ शामिल रहे, जिन्होंने प्रदेश में शहद उत्पादन की व्यापक संभावनाओं पर अपने अनुभव साझा किए।

प्रतिनिधिमंडल ने रायबरेली और बाराबंकी जनपदों का भ्रमण कर स्थानीय मधुमक्खी पालकों से संवाद किया और प्रदेश में गुणवत्तायुक्त शहद उत्पादन की संभावनाओं का अध्ययन किया।

विशेषज्ञों ने बताया कि न्यूजीलैंड में शहद उत्पादन, गुणवत्ता नियंत्रण और रोग प्रबंधन की अत्याधुनिक तकनीक विकसित की गई है, जिसका लाभ उत्तर प्रदेश के मधुमक्खी पालकों को दिया जा सकता है। उप मुख्यमंत्री श्री मौर्य ने कहा कि भारत और न्यूजीलैंड के बीच हुए फ्री ट्रेड एग्रीमेंट से व्यापारिक और तकनीकी सहयोग को नई गति मिलेगी। उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार किसानों की आय बढ़ाने के लिए मधुमक्खी पालन को एक मजबूत व्यवसाय के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि विभागीय अधिकारियों और शहद उत्पादन से जुड़े उद्यमियों को विशेष प्रशिक्षण के लिए न्यूजीलैंड भेजने की कार्ययोजना तैयार की जाए। उन्होंने कहा कि आधुनिक तकनीक के उपयोग से प्रदेश में निर्यात योग्य शहद उत्पादन को बढ़ावा मिलेगा और किसानों की आमदनी में उल्लेखनीय वृद्धि होगी।

बैठक के बाद खाद्य प्रसंस्करण निदेशालय में विभागीय अधिकारियों के साथ रणनीतिक चर्चा भी हुई, जिसमें न्यूजीलैंड की आधुनिक शहद उत्पादन एवं प्रसंस्करण प्रणाली पर विस्तृत प्रस्तुतीकरण दिया गया। योजना के अंतर्गत न्यूजीलैण्ड उच्चायोग के पांच सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने उत्तर प्रदेश का भ्रमण कर शहद उत्पादन, प्रसंस्करण एवं निर्यात से जुड़ी व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। प्रतिनिधिमंडल में ईशान जयवर्धन, प्रमुख सलाहकार-व्यापार योजना कार्यान्वयन एवं एमपीआई टीम प्रमुख, बायरन पीटर टेलर, मधुमक्खी पालन तकनीकी प्रबंधक, मेलानी फिलिप्स, कृषि सलाहकार एनजेडएचसी, प्रियम अरोरा तथा सुश्री सुदेशना रे शामिल रहीं।

इसके उपरांत शुक्रवार को उद्यान, कृषि विपणन, कृषि विदेश व्यापार एवं कृषि निर्यात राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दिनेश प्रताप सिंह से उनके आवास पर प्रतिनिधिमंडल की भेंटवार्ता हुई। बैठक के दौरान मंत्री ने निर्देश दिए कि रायबरेली में निमार्णाधीन सेंटर ऑफ एक्सीलेंस फॉर हनी के कार्य को शीघ्र पूर्ण कर उसे जल्द संचालित किया जाए। साथ ही बाराबंकी के प्रगतिशील मधुमक्खीवाला को 02 जून से 14 जून 2026 तक न्यूजीलैण्ड भेजकर आधुनिक तकनीकों एवं वैज्ञानिक मधुमक्खी पालन का प्रशिक्षण दिलाने के निर्देश भी दिए गए।

गांव की महिलाएं अब तकनीक के जरिए करेंगी दूध का कारोबार

विशेष संवाददाता (vol)

- लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी समेत 10 जिलों की महिलाएं बनेंगी हाईटेक
- गुणवत्ता से लेकर भुगतान तक, अब हर जानकारी रहेगी मोबाइल पर

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में गांव की महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने की मुहिम अब तकनीक के नए दौर में प्रवेश करने जा रही है। अवध क्षेत्र और आसपास के 10 जिलों में कार्यरत ह्यसामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी के जरिए ग्रामीण महिलाएं अब आधुनिक तकनीक और मोबाइल एप के माध्यम से दुग्ध उत्पादन, संग्रह और भुगतान व्यवस्था को संचालित कर सकेंगी। इस पहल से प्रतिदिन चार लाख लीटर से अधिक दूध के व्यापार को डिजिटल व्यवस्था से जोड़ा जा रहा है।

योगी सरकार के कार्यकाल में गांव की महिलाओं के लिए तैयार किया गया पारदर्शी दुग्ध नेटवर्क अब ग्रामीण अर्थव्यवस्था की नई ताकत बनता जा रहा है। अवध और आसपास के जिलों में सवा लाख से अधिक महिलाओं को इससे जोड़ा जा चुका है, जिनके हाथों में अब केवल दुग्ध उत्पादन ही नहीं बल्कि तकनीकी प्रबंधन की जिम्मेदारी भी होगी। सामर्थ्य दुग्ध उत्पादक कंपनी द्वारा गांव गांव दुग्ध संग्रह केंद्र स्थापित किए गए हैं, जहां किसानों के यहां से दूध को उचित मूल्य पर खरीदा जा रहा है। इसे महिलाएं ही संचालित करती हैं। इससे ग्रामीण महिलाओं को स्थानीय स्तर पर रोजगार मिला है, वहीं पशुपालकों को भी बाजार की अनिश्चितताओं से राहत मिली है। योगी सरकार की प्राथमिकता केवल खरीद तक सीमित नहीं है, बल्कि भुगतान व्यवस्था को भी पूरी तरह पारदर्शी बनाया गया है। महिला किसानों को महीने में तीन बार, दस-दस दिन के अंतराल पर सीधे उनके बैंक खातों में भुगतान किया जाता है। इससे बिचौलियों की भूमिका लगभग समाप्त हो गई है। लखनऊ, अयोध्या, रायबरेली, अमेठी सुल्तानपुर, बाराबंकी, उन्नाव, प्रतापगढ़ कानपुर नगर और फतेहपुर में ग्रामीण महिलाओं का विशाल नेटवर्क तैयार किया गया है। दुग्ध कारोबार को पूरी तरह डिजिटल बनाने के लिए ह्यसामर्थ्य साथीह्न नाम से मोबाइल एप शुरू किया गया है। इस एप के जरिए दुग्ध उत्पादकों को रियल टाइम दूध बिक्री, भुगतान, गुणवत्ता जांच और अन्य आवश्यक सूचनाएं उपलब्ध कराई जाएंगी।

ग्रामीण महिलाओं को तकनीक से जोड़ना केवल सुविधा नहीं बल्कि आर्थिक सशक्तीकरण का बड़ा माध्यम है। इसी उद्देश्य से गांव स्तर पर महिलाओं को डिजिटल प्रशिक्षण और तकनीकी जागरूकता भी की जा रही है। दूध की गुणवत्ता जांच से लेकर पैसे के भुगतान तक पूरी प्रक्रिया तकनीक आधारित होने से दुग्ध उत्पादकों का भरोसा तेजी से बढ़ा है। ग्रामीण महिलाएं अब केवल पशुपालन तक सीमित नहीं हैं, बल्कि डेटा, भुगतान और डिजिटल रिकॉर्ड की निगरानी भी स्वयं कर रहीं हैं।

स्वगणना के प्रचार-प्रसार के लिए ग्राम स्तर तक चलेगा जागरूकता अभियान

विशेष संवाददाता (vol)

- डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के सभी मानकों के पालन का भरोसा

लखनऊ। प्रदेश सरकार जनगणना- 2027 को पारदर्शी, तकनीक आधारित और सटीक बनाने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गुरुवार को प्रदेश में जनगणना-2027 के प्रथम चरण का औपचारिक शुभारंभ किया। इसी क्रम में शुक्रवार को पिछड़ा वर्ग कल्याण एवं दिव्यांगजन सशक्तीकरण मंत्री नरेन्द्र कश्यप के सरकारी आवास पर जनगणना-2027 के अंतर्गत स्वगणना सत्र आयोजित किया गया। इस दौरान मंत्री नरेन्द्र कश्यप ने स्वगणना कर अपनी भागीदारी दर्ज कराई।

स्वगणना की इस पहल से नागरिकों को अपनी और अपने परिवार की जानकारी जनगणना पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से दर्ज करने का अवसर मिलेगा। इसको लेकर प्रदेशवासियों से अपील की गई है कि वह जनगणना-2027 में उत्साहपूर्वक भाग लें और स्वगणना प्रक्रिया को सफल बनाने में अपनी भूमिका निभाएं। इस नई व्यवस्था का उद्देश्य डेटा संकलन की प्रक्रिया को तेज करना और त्रुटिहीन एवं सटीक आंकड़े प्राप्त करना है। जनगणना-2027 के प्रथम चरण यानी स्वगणना प्रक्रिया में डेटा सुरक्षा और गोपनीयता के सभी मानकों का पूर्ण रूप से पालन सुनिश्चित किया जाएगा। स्वगणना की 15 दिनों की अवधि पूर्ण होने के बाद 22 मई से औपचारिक मकान सूचीकरण का कार्य शुरू किया जाएगा। स्वगणना-2027 के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए योगी सरकार प्रदेश स्तर से लेकर जिला और ग्राम स्तर तक जागरूकता अभियान चलाएगी। साथ ही नागरिकों की सुविधा के लिए हेल्पडेस्क और सहायता केंद्र स्थापित किए जाने के लिए भी कहा गया है। कार्यक्रम के दौरान मंत्री नरेंद्र कश्यप ने सभी अधिकारियों और कर्मचारियों को निर्देश दिया कि वह मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निदेशानुसार अपने-अपने स्तर पर इस कार्यक्रम का प्रभावी क्रियान्वयन सुनिश्चित करें।

साथ ही अधिक से अधिक नागरिकों को इसमें सम्मिलित होने के लिए प्रेरित करें। मंत्री नरेंद्र कश्यप ने कहा कि जनगणना 2027 के माध्यम से स्वगणना प्रक्रिया को नई दिशा मिलेगी। इससे प्राप्त आंकड़े राज्य की विकासपरक योजनाओं के निर्माण एवं क्रियान्वयन में अत्यन्त सहायक सिद्ध होंगे।

संग्रहालयों के जरिए सहेजी जा रही प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत

लखनऊ। प्रदेश सरकार प्रदेश की ऐतिहासिक और सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित करने के लिए लगातार बड़े कदम उठा रही है। इसी क्रम में संस्कृति विभाग के अधीन संचालित पांच राज्य संग्रहालयों के निर्माण और सुदृढ़ीकरण कार्य पूरे कर जनता को समर्पित कर दिया गया है, जबकि तीन अन्य परियोजनाओं के कार्य तेजी से अंतिम चरण में पहुंच चुके हैं। इन संग्रहालयों में प्रदेश की गौरवशाली परंपरा, पुरातात्विक महत्व की वस्तुएं और दुर्लभ मूर्तियां संरक्षित की गईं हैं, जिससे आने वाली पीढ़ियां अपने इतिहास और संस्कृति से जुड़ सकेंगी। पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि बीते पांच वर्षों में राज्य संग्रहालयों के विकास के लिए व्यापक कार्य किए गए हैं। उन्होंने कहा कि योगी सरकार सांस्कृतिक विरासत के संरक्षण के साथ-साथ उसे आधुनिक स्वरूप देने का कार्य कर रही है। राज्य संग्रहालय लखनऊ में 2483.05 लाख रुपये की लागत से निर्मित प्राकृतिक विज्ञान संग्रहालय का उद्घाटन 4 मार्च 2024 को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा किया जा चुका है। यह संग्रहालय आम लोगों और विद्यार्थियों के लिए विशेष आकर्षण का केंद्र बना हुआ है। इसके अलावा अवधी गैलरी (नवाबी कला) के सुदृढ़ीकरण और नवीनीकरण का कार्य भी 171.80 लाख रुपये की लागत से पूरा करा लिया गया है।

आज और कल होगी प्रवक्ता संवर्ग भर्ती परीक्षा

624 पदों के लिए 4.64 लाख से अधिक अभ्यर्थी होंगे शामिल

विशेष संवाददाता (vol)

- 17 जिलों के 319 परीक्षा केंद्रों पर पूरी हुई तैयारियां, एआई आधारित सीसीटीवी निगरानी में होगी परीक्षा
- अफवाहों से बचें, आयोग की वेबसाइट और आधिकारिक एक्स हैंडल पर करें भरोसा

प्रयागराज/लखनऊ। उप्र शिक्षा सेवा चयन आयोग, प्रयागराज के तत्वावधान में प्रवक्ता संवर्ग के 18 विषयों के कुल 624 पदों के लिए लिखित परीक्षा का आयोजन 09 एवं 10 मई को किया जाएगा। परीक्षा प्रतिदिन दो पालियों में आयोजित होगी, जिसमें कुल 4,64,605 पंजीकृत अभ्यर्थी प्रतिभाग करेंगे।

आयोग के अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने 17 जिलों के 319 परीक्षा केंद्रों की तैयारियों की गहन समीक्षा की। उन्होंने बताया कि सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा संबंधी तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं। परीक्षा केंद्रों के सभी कक्षों एवं महत्वपूर्ण स्थलों को एआई आधारित सीसीटीवी कैमरों से आच्छादित कर जिला कंट्रोल रूम तथा आयोग के अत्याधुनिक इंटीग्रेटेड कंट्रोल कमांड रूम से जोड़ा गया है। आयोग द्वारा सभी केंद्रों की कनेक्टिविटी का सफल परीक्षण भी कर लिया गया है।

आयोग की ओर से परीक्षा के सघन देखरेख के लिए प्रत्येक जिले में एक-एक प्रेक्षक नियुक्त किया गया है। जिलाधिकारी, वरिष्ठ पुलिस अधिकारी एवं निगरानी टीमें लगातार परीक्षा केंद्रों का भ्रमण करेंगी। परीक्षा केंद्रों के आसपास निषेधाज्ञा लागू रहेगी तथा पर्याप्त सुरक्षा बल तैनात किए जाएंगे। आयोग ने स्पष्ट किया है कि परीक्षा की शुचिता प्रभावित करने वाले व्यक्तियों एवं नकल माफियाओं के विरुद्ध कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

09 मई को प्रथम पाली में भौतिक विज्ञान, जीव विज्ञान, गृह विज्ञान, इतिहास एवं शिक्षाशास्त्र सहित 06 विषयों तथा द्वितीय पाली में अंग्रेजी, कृषि, वाणिज्य एवं समाजशास्त्र सहित 04 विषयों की परीक्षा आयोजित की जाएगी। वहीं 10 मई को प्रथम पाली में नागरिक शास्त्र, गणित, अर्थशास्त्र, संस्कृत एवं मनोविज्ञान सहित 05 विषयों तथा द्वितीय पाली में रसायन विज्ञान, भूगोल, हिन्दी एवं कला सहित 04 विषयों की परीक्षा संपन्न कराई जाएगी। अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने बताया कि परीक्षा केंद्रों पर मोबाइल फोन सहित किसी भी प्रकार की इलेक्ट्रॉनिक डिवाइस पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगी। साथ ही एआई तकनीक की सहायता से ऐसे संदिग्ध अभ्यर्थियों की पहचान की गई है, जिन्होंने एक ही नाम से अलग-अलग फोटो के साथ अथवा एक ही फोटो के साथ अलग-अलग नामों से आवेदन किया है। ऐसे परीक्षार्थियों पर विशेष निगरानी रखी जाएगी। पारदर्शिता बढ़ाने के उद्देश्य से आयोग द्वारा अभिनव प्रयोग के रूप में लखनऊ मंडल के 10 परीक्षा केंद्रों पर पायलट प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसके अंतर्गत प्रत्येक पाली की परीक्षा समाप्त होने के तुरंत बाद अभ्यर्थियों द्वारा प्रयुक्त ओएमआर उत्तर पत्रकों की स्कैनिंग परीक्षा कक्ष में ही कक्ष निरीक्षकों एवं परीक्षार्थियों की उपस्थिति में की जाएगी। स्कैन डाटा को तत्काल सुरक्षित किया जाएगा, जिसका आवश्यकता पड़ने पर मूल ओएमआर से मिलान किया जा सकेगा। आयोग अध्यक्ष डॉ. प्रशांत कुमार ने सभी अभ्यर्थियों से समय से परीक्षा केंद्र पर पहुंचने एवं प्रवेश पत्र में अंकित निर्देशों का अक्षरशः पालन करने की अपील की है।

उन्होंने अभ्यर्थियों से किसी भी अफवाह अथवा भ्रामक सूचना से बचने तथा आयोग की वेबसाइट पर उपलब्ध सूचनाओं पर ही भरोसा करने को कहा है। परीक्षा की शुचिता को प्रभावित करने वाले अनुचित साधनों के प्रयोग पर उप्र सार्वजनिक परीक्षा (अनुचित साधनों का निवारण) अधिनियम-2024 के अंतर्गत कठोर कार्रवाई की जाएगी।

डिजिटल अर्थव्यवस्था को नयी गति देगा डेटा सेंटर पार्क

प्रदेश को डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर हब बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। प्रदेश सरकार के आईटी एवं इलेक्ट्रॉनिक्स कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा ने ग्रेटर नोएडा स्थित यॉटा डेटा सेंटर पार्क का दौरा कर वहां विकसित अत्याधुनिक डिजिटल अवसंरचना एवं परिचालन व्यवस्थाओं का अवलोकन किया। इस अवसर पर मंत्री का स्वागत यूपी इलेक्ट्रॉनिक्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड के प्रबंध निदेशक आईएएस हिमांशु कौशिक की ओर से किया गया।

दौरे के दौरान मंत्री को यॉटा डेटा सेंटर पार्क की प्रमुख उपलब्धियों, तकनीकी क्षमताओं एवं उत्तर प्रदेश की डिजिटल अर्थव्यवस्था में इसकी भूमिका के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। यॉटा नेतृत्व ने बताया कि कंपनी उत्तर प्रदेश में अपने परिचालन एवं निवेश का तेजी से विस्तार कर रही है तथा 125 मेगावाट स्थापित क्षमता प्राप्त करने का लक्ष्य लेकर कार्य कर रही है। यह परियोजना प्रदेश के डिजिटल इंफ्रास्ट्रक्चर इकोसिस्टम को और अधिक सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगी। माननीय मंत्री ने बड़े पैमाने पर संचालित डेटा सेंटरों की विद्युत एवं जल आवश्यकताओं तथा उनसे संबंधित चुनौतियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। कैबिनेट मंत्री सुनील कुमार शर्मा एवं यूपीएलसी के प्रबंध निदेशक हिमांशु कौशिक ने ग्रेटर नोएडा स्थित एलजी इलेक्ट्रानिक्स प्लांट के विनिर्माण परिसर का दौरा किया। इस दौरान कंपनी के अधिकारियों ने मंत्री को इकाई की उत्पादन क्षमता, तकनीकी उन्नयन, निवेश योजनाओं तथा स्थानीयकरण प्रयासों की विस्तृत जानकारी प्रदान की। मंत्री ने कहा कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण के क्षेत्र में तेजी से देश के अग्रणी राज्यों में अपनी पहचान बना रहा है। कंपनी अधिकारियों ने अवगत कराया कि उत्तर प्रदेश इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग पॉलिसी-2020 (प्रथम संशोधन-2022) के अंतर्गत लगभग 900 करोड़ रुपये के निवेश का प्रस्ताव है, जिसमें से अब तक लगभग 800 करोड़ रुपये का निवेश किया जा चुका है। यह निवेश आधुनिक मशीनरी, ऑटोमेशन, पीसीबी लाइन, कंप्रेसर निर्माण तथा उत्पादन क्षमता विस्तार जैसे क्षेत्रों में किया गया है। वर्तमान में एयर कंडीशनर, रेफ्रिजरेटर, वाशिंग मशीन, माइक्रोवेव ओवन एवं कंप्रेसर सहित विभिन्न इलेक्ट्रॉनिक उत्पादों का निर्माण किया जा रहा है और वर्तमान में इकाई में लगभग 3,220 कर्मचारियों को रोजगार प्राप्त है।

मानसून से पहले नदियों व बड़े नालों की बढ़ाई जा रही जलधारण क्षमता

लखनऊ। प्रदेश की योगी सरकार बाढ़ नियंत्रण और प्रबंधन को प्रभावी बनाने के लिए बड़े बदलाव कर रही है। सरकार बाढ़ नियंत्रण की पारंपरिक विधियों की जगह कुछ नए तरीके अपना रही है, जिससे करोड़ों रुपये की बचत होगी। साथ ही बाढ़ नियंत्रण के लिए किसानों की जमीनों का बार-बार अधिग्रहण नहीं करना पड़ेगा। सरकार ने बाढ़ प्रभावित जिलों में नए तरीकों से लगभग 40.72 लाख हेक्टेयर भूमि को सुरक्षित किया और 3 करोड़ से ज्यादा लोगों को इससे फायदा मिला। इसके बाद बाढ़ नियंत्रण के नए तरीकों को विस्तार देने की तैयारी चल रही है। अब तक बाढ़ नियंत्रण और प्रबंधन के लिए पत्थर की बड़ी मेड़, गैबियन दीवारें (लोहे की तार के बक्सों में पत्थर की दीवार), बड़े-बड़े बांध और तटबंध बनाने का ध्यान दिया जा रहा था। वहीं दूसरे तरीके में कई जगहों पर संवेदनशील क्षेत्रों में नदी और बड़े नालों से गाद निकालने, कीचड़ हटाने पर ध्यान दिया जा रहा है। ताकि नदी के मार्ग और मोड़ को पानी की अधिक क्षमता वहन करने लायक बनाया जा सके। लखीमपुर खीरी में बाढ़ सुरक्षा परियोजना के तहत इस नए तरीके को अपनाया गया। इंजीनियरों ने नदी की क्षमता बढ़ाने के लिए गाद निकाली, जिस पर महज 22 करोड़ रुपये खर्च हुए। पहले यहीं बाढ़ नियंत्रण की तैयारी में 180 करोड़ रुपये खर्च का अनुमान था। बाराबंकी में एल्गिन ब्रिज के आस-पास और सरयू क्षेत्र में भी नए तरीके से महज 5 करोड़ रुपये का खर्च आया, जिस पर पहले अन्य उपायों के जरिए 115 करोड़ रुपये के खर्च का अनुमान था। इसी क्रम में बाढ़ नियंत्रण से जुड़े विभागों ने इंजीनियरों के साथ मिलकर घाघरा, शारदा और सुहेली नदियों के कई हिस्सों में बड़ा बदलाव किया।

जनहित परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता बर्दाश्त नहीं

जल शक्ति मंत्री ने सिंचाई विभाग की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को दिये कड़े निर्देश

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने शुक्रवार को लखनऊ स्थित सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग के मुख्यालय के सभागार में विभागीय कार्यों की उच्च स्तरीय समीक्षा बैठक की। बैठक में मंत्री ने कड़े तेवर अपनाते हुए अधिकारियों को स्पष्ट चेतावनी दी कि जनहित की परियोजनाओं में किसी भी प्रकार की शिथिलता, लेटलतीफी या भ्रष्टाचार को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने दो-टूक शब्दों में कहा कि विभाग की सफलता का एकमात्र पैमाना किसान की संतुष्टि है।

समीक्षा बैठक के दौरान जल शक्ति मंत्री ने कृषि में जल के इष्टतम उपयोग पर जोर देते हुए सभी मुख्य अभियंताओं को कड़े निर्देश दिए। उन्होंने निर्देशित किया कि प्रत्येक मुख्य अभियंता अपने-अपने संगठन और परिक्षेत्र में वन ड्रॉप मोर क्रॉप (प्रति बूंद अधिक फसल) के सिद्धांत पर आधारित कम से कम एक नई और नवाचारी परियोजना का खाका तैयार करें। उन्होंने कहा कि बदलती जलवायु और घटते जल स्तर के बीच हमें सिंचाई की ऐसी तकनीकें विकसित करनी होंगी जो कम पानी में किसानों को अधिकतम पैदावार दे सकें।

उन्होंने संगठनवार समीक्षा करते हुए मुख्य अभियंताओं से प्रदेश की नहरों, रजबाहों, अल्पिकाओं और साइफन की वर्तमान स्थिति का ब्यौरा मांगा। उन्होंने बैराजों, फीडर और रेगुलेटरों के संचालन में तकनीकी खामियों को तत्काल दूर करने के निर्देश दिए और कहा कि फील्ड अफसर स्वयं मौके पर जाकर जल वितरण व्यवस्था का निरीक्षण करें। आगामी मानसून सत्र की तैयारियों को लेकर मंत्री जी ने बाढ़ सुरक्षा से जुड़ी परियोजनाओं की बिंदुवार समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि संवेदनशील और अति-संवेदनशील क्षेत्रों में बाढ़ बचाव के कार्य युद्धस्तर पर पूरे किए जाएं। उन्होंने स्पष्ट किया कि इन परियोजनाओं में प्रयुक्त होने वाली सामग्री की गुणवत्ता और कार्य की समयबद्धता से कोई समझौता नहीं किया जाएगा। यदि किसी भी परियोजना में मानक के विपरीत कार्य पाया गया, तो संबंधित अधिकारियों के विरुद्ध कठोर दंडात्मक कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

पेंशन मिलने से बुर्जुग महिलाओं के जीवन स्तर में हो रहा सुधार

- 29,23,364 महिलाओं को मिल रही पेंशन, जौनपुर में सबसे ज्यादा 1,00820 महिलाएं

लखनऊ। प्रदेश में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशन में संचालित वृद्धावस्था पेंशन योजना लाखों बुजुर्ग महिलाओं के लिए बड़ी राहत बनकर सामने आई है। प्रदेश सरकार वर्तमान में 29,23,364 बुजुर्ग महिलाओं को वृद्धापेंशन का लाभ दे रही है। आर्थिक रूप से कमजोर और असहाय महिलाओं के लिए यह योजना जीवन का मजबूत सहारा साबित हो रही है। योगी सरकार में 1,000 रुपये प्रति माह की आर्थिक सहायता दी जाती है। डीबीटी के जरिए हर तिमाही 3,000 रुपये सीधे बैंक खाते में भेजे जाते हैं, नियमित पेंशन मिलने से न केवल उनकी दैनिक जरूरतें पूरी हो रही हैं, बल्कि उनमें आत्मसम्मान और आत्मनिर्भरता की भावना भी मजबूत हुई है।

समाज कल्याण विभाग के अधिकारियों ने बताया कि वृद्धावस्था पेंशन योजना को पूरी पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा रहा है। पेंशन की धनराशि सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में भेजी जा रही है, जिससे बिचौलियों की भूमिका खत्म हुई है और पात्र महिलाओं तक समय पर सहायता पहुंच रही है। योगी सरकार की इस पहल से ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में रहने वाली बुजुर्ग महिलाओं को बड़ा आर्थिक संबल मिला है।

प्रदेश में जौनपुर जिला वृद्धावस्था पेंशन योजना का सबसे बड़ा लाभार्थी जिला बनकर उभरा है। यहां 1,00,820 बुजुर्ग महिलाओं को पेंशन का लाभ मिल रहा है। इसके बाद दूसरे स्थान पर आजमगढ़ है, जहां 86,166 महिलाओं को योजना से जोड़ा गया है। वहीं बलिया में 79,160 बुजुर्ग महिलाएं इस योजना का लाभ उठा रही हैं।

अखिलेश ने मेधावियों को दिया लैपटॉप और आईपैड

अब बात केवल चुनाव प्रक्रिया की नहीं देश बचाने की है

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने गोरखपुर में आईसीएसई बोर्ड की 10वीं एवं 12वीं की परीक्षा में उत्तीर्ण टापर छात्र-छात्राओं को लैपटॉप और आईपैड देकर सम्मानित किया और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

उन्होंने एचपी चिल्डेज्न्स एकाडमी, गोरखपुर की अक्षिता गुप्ता को 10वीं बोर्ड की परीक्षा में पूरे उत्तर प्रदेश में द्वितीय स्थान प्राप्त करने पर बधाई दी। अक्षिता गुप्ता ने 99.40 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। आईसीएसई बोर्ड की 10वीं परीक्षा में अनुज कसौधन को 98.5 प्रतिशत अंक मिले है। अनुज कसौधन सेंट जोजेफ हाईस्कूल के छात्र रहे हैं।

आईसीएसई बोर्ड की 12वीं की परीक्षा में सेंट जोजेफ स्कूल गोरखनाथ के छात्र-अनमोल अग्रवाल ने 98.5 प्रतिशत और गौरांग भटेजा ने 98.5 प्रतिशत अंक प्राप्त किए हैं। इसी विद्यालय की अनुष्का यादव ने 97.25 प्रतिशत अंक प्राप्त किए है। इन सभी को श्री अखिलेश यादव ने सम्मानित करते हुए उनके जीवन में सफलता की कामना की। इस अवसर पर गोरखपुर के पार्टी के वरिष्ठ नेता अरविन्द दत्त शुक्ल की उपस्थित रहे।

लखनऊ। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव ने शुक्रवार को बयान जारी कर कहा है कि प्रिय देशवासियों, पश्चिम बंगाल आकर चुनाव की महाधांधली और महाबेईमानी के बारे में जानकर ये लगा कि अब बात केवल चुनाव की प्रक्रिया को बचाने की नहीं है, देश को बचाने की है।

अखिलेश यादव ने कहा कि आज देश उन गलत हाथों में चला गया है जो संविधान, लोकतंत्र, आरक्षण, स्वतंत्रता, समता-समानता, न्याय, गरिमा, देश की एकता-अखंडता, सद्भाव-सौहार्द-बंधुत्व, महिलाओं के मान-सम्मान, युवाओं, किसानों, मजदूरों, शोषित, वंचित, गरीब कुल मिलाकर पीड़ित-पीडीए के वर्तमान व भविष्य के हक और अधिकारों के घोर विरोधी हैं। उन्होंने कहा कि भाजपाई और उनके मुखबिर संगी-साथी आजादी से पहले भी देश के विरोधी थे और आजादी के बाद भी हैं। उन्होंने राजनीतिक दलों को तोड़कर ये लोग देश की राज-व्यवस्था को नेस्तनाबूद करने पर क्यों आमादा है? उन्होंने कहा कि अब वो निर्णायक समय आ गया है, जब हम सबको मिलकर इन देश विरोधी नकारात्मक ताकतों को हमेशा के लिए हराना होगा, देश को बचाना होगा और देश की नई आजादी के लिए तिंरगा उठाना होगा।

प्राचीनतम तीर्थ नैमिषारण्य को मथुरा वृन्दावन से जोड़ा जाये : अजय पाल

विशेष संवाददाता (vol)

- विभिन्न जिलों से 8366 नागरिकों व श्रद्धालुओं ने प्रधानमंत्री और रेलमंत्री सामूहिक हस्ताक्षरित पत्र भेजकर उठायी मांग

लखनऊ। प्राचीनतम तीर्थ नैमिषारण्य जहां 88 हजार ऋषियों/मुनियों एक साथ कथा श्रवण की तथा जहां वेदो, पुराणों आदि की रचना हुई ऐसे पावन धाम को जाने के लिए रेलमार्ग की कोई सुविधा न होने से तीर्थ यात्रियो, श्रृद्धालुओं को हो रही कठिनाई के निवारण के लिए गठित नैमिषारण्य-मथुरा रेल जोड़ो अभियान समिति, उप्र द्वारा जिलों में चलाया जा रहा अभियान दिन प्रतिदिन जोर पकड़ता जा रहा है।

समिति के महासचिव अजय पाल सिंह सोमवंशी ने बताया कि प्रदेश के विभिन्न जिलों में जारी अभियान के क्रम में सीतापुर के भी 556 नागरिकों/श्रृद्धालुओं ने भी प्रधानमंत्री एवं रेल मंत्री भारत सरकार को सामूहिक हस्ताक्षरित पत्र भेजकर मांग की है कि देशभर के तीर्थ यात्रियों/श्रृद्धालुओं को नैमिषारण्य आने जाने में हो रही कठिनाइयों को देखते हुए नैमिषारण्य से हरदोई होकर फरूर्खाबाद तक मात्र 112 किमी नई रेल लाइन बिछाये जाने की आवश्यकता है।

नैमिष एवं फरूर्खाबाद को रेलमार्ग के जोड़ने से मथुरा वृन्दावन सहित न केवल प्रदेश के सभी पांचों तीर्थ एवं वैश्विक पर्यटन केंद्र (काशी, अयोध्या, प्रयागराज, मथुरा, चित्रकूट) आपस में रेलमार्ग से जुड़ जायेगे अपितु देशभर के तीर्थों, पर्यटन केंद्रो से नैमिषारण्य का स्वतः जुड़ाव हो जायेगा तथा भारतीय रेल को भी पूर्वोत्तर राज्यों से चलकर गोरखपुर, सीतापुर नैमिष, फरूर्खाबाद, मथुरा, आगरा, इटावा, होकर पश्चिमी, मध्य एवं दक्षिण के राज्यों को नया रेल-गलियारा (कारिडोर) मिल जायेगा जिससे माल ढुलाई सहित कानपुर एवं लखनऊ दिल्ली के रेलमार्गों का यातायात दबाव कम होने के साथ, लखीमपुर खीरी, सीतापुर, हरदोई, हाथरस, मथुरा, अलीगढ़, एटा, मैनपुरी, फिरोजाबाद, आगरा, कन्नौज, इटावा आदि 15 प्रदेश के जिलों की 4.50 करोड़ जनता को आपस के जिलो में आने जाने का रेल यातायात सुलभ हो जायेगा जिससे भारतीय रेलवे को भी अत्यधिक आय होगी।

संक्षेप

करंट से युवक की मौत, कोहराम

प्रतापगढ़। लालगंज कोतवाली के चुर्री चौराहे के समीप करंट की चपेट में आने से व्यवसायी की मौत हो गयी। चौराहे पर उमरपुर निवासी राममूरत वर्मा की किराने व खाद बीज की दुकान है। शुक्रवार को सुबह करीब आठ बजे दुकान पर पूजा की तैयारी हो रही थी। इस बीच राममूरत के पुत्र अश्विनी व विकास टेण्ट का सामान उतार रहे थे। अचानक पाइप एलटी लाइन में छू गयी। इससे करंट की चपेट में आने से अश्विनी 18 की मौत हो गयी। वहीं विकास 20 गंभीर रूप से झुलस गया। हालांकि परिजनों ने पुलिस को सूचना दिये बगैर मृतक का अंतिम संस्कार कर दिया। मृतक अश्विनी तथा विकास सगे भाई हैं। वहीं अश्विनी की मौत से परिजनों में कोहराम मच गया।

तमंचे संग धराया आरोपी, गया जेल

प्रतापगढ़। उदयपुर पुलिस ने शुक्रवार को गश्त के दौरान एक आरोपी को तमंचे व कारतूस के साथ धर दबोचा। दरोगा संजय यादव फोर्स के साथ गश्त पर निकले थे। इस दौरान थाना क्षेत्र के एक संदिग्ध युवक को पुलिस ने पूछताछ के लिए रोका। तलाशी लेने पर आरोपी लालगंज कोतवाली के अनीस वर्मा पुत्र त्रिभुवन कुमार के पास से एक तमंचा व एक जीवित कारतूस बरामद हुआ। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट का केस दर्ज किया है। आरोपी को दोपहर बाद जेल भेज दिया गया।

किशोरी लापता, अपहरण का मुकदमा दर्ज

प्रतापगढ़। किशोरी के घर से लापता होने को लेकर लालगंज पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ अपहरण का केस दर्ज किया है। कोतवाली क्षेत्र के रायपुर तियांई निवासी मंसूर अली पुत्र गुलाब ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मई को उसकी सोलह वर्षीया पुत्री दिन में दो बजे घर से निकली। देर रात तक उसकी पुत्री वापस नही आयी। परेशान परिजनों ने खोजबीन किया पर किशोरी का पता नही चल सका। सात मई को रिश्तेदारों के माध्यम से जानकारी हुई कि गांव के साहिल पुत्र अजय बेतवाल ने साजिशन किसी आरोपी के साथ उसकी पुत्री को बहला फुसलाकर भगा दिया है। पीड़ित ने किशोरी के साथ अप्रिय घटना की आशंका भी जतायी है। प्रभारी निरीक्षक आलोक कुमार का कहना है कि जांच कर दोषी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

दो आरोपियों के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस

प्रतापगढ़। जमीनी विवाद को लेकर मारपीट की घटना में लालगंज पुलिस ने दो आरोपियो के खिलाफ केस दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के रानीगंज कैथौला निवासी गोविन्द बाबू पुत्र ताराचंद्र केसरवानी ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मई को सुबह लगभग दस बजे वह रानीगंज कैथौला स्थित एक मंदिर परिसर में छोटे भाई संतोष के बुलावे पर पहुंचा। इस बीच वहां कुटी निर्माण को लेकर विवाद होने लगा। आरोप है कि भाई संतोष कुमार व माया देवी पत्नी राकेश कुमार ने गाली देते हुए उसके साथ मारपीट की। शोर मचाने पर आरोपियों ने पीड़ित को जानलेवा धमकी भी दी। तहरीर के आधार पर पुलिस ने केस दर्ज किया है।

आयुक्त दुर्गा शक्ति का दौरा

जनसुनवाई से लेकर निर्माण कार्यों तक गहन समीक्षा की

श्रावस्ती। देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने शुक्रवार को श्रावस्ती जनपद का दौरा कर जनसुनवाई, विभागीय समीक्षा, निर्माण कार्यों का निरीक्षण तथा ह्लसंध्या संवाद कार्यक्रमह्व में भाग लिया। इस दौरान उन्होंने आमजन से सीधे संवाद कर उनकी समस्याएं सुनीं और अधिकारियों को त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए।

कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जनसुनवाई कार्यक्रम में आयुक्त ने डीएम व अन्य अधिकारियों के साथ लोगों की शिकायतें सुनीं। कई मामलों का मौके पर ही निस्तारण कराया गया। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि जनता की शिकायतों का पारदर्शी, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध समाधान सुनिश्चित किया जाए। आयुक्त ने संभावित बाढ़ को देखते हुए जिला प्रशासन की तैयारियों की भी समीक्षा की। उन्होंने राहत व बचाव कार्यों, संवेदनशील क्षेत्रों की निगरानी, राहत सामग्री की उपलब्धता और विभागीय समन्वय की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि बाढ़ जैसी आपदा से निपटने के लिए सभी व्यवस्थाएं पहले से ही पूरी तरह तैयार रखी जाएं। दौरे के दौरान आयुक्त ने कर्मचारियों और पेंशनरों की समस्याएं भी सुनीं। कई सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने जीपीएफ, पेंशन और अन्य भुगतान लंबित होने की शिकायत की। इस पर आयुक्त ने संबंधित विभागों के अधिकारियों को सभी लंबित भुगतान जल्द कराने के निर्देश दिए।

निरीक्षण के दौरान आयुक्त ने जनपद में चल रही निमार्णाधीन और नवनिर्मित परियोजनाओं का जायजा लिया। उन्होंने राजस्व विभाग के कर्मचारियों के लिए बनाए गए आवासों का निरीक्षण किया और व्यवस्थाओं की समीक्षा की। इसके साथ ही पर्यटन विकास परियोजनाओं का भी स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने स्ट्रीट ब्यूटीफिकेशन, बुद्ध वनम पार्क, डोरमेट्री, गेट पिलर, पार्किंग व इंटरप्रिटेशन सेंटर सहित विभिन्न परियोजनाओं की प्रगति व गुणवत्ता देखी। आयुक्त ने कार्यदायी संस्थाओं और संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया कि निर्माण कार्यों में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए। उन्होंने अतिरिक्त मैनपॉवर लगाकर सभी परियोजनाओं को तय समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि पर्यटन विकास से क्षेत्र की पहचान मजबूत होगी और स्थानीय लोगों को रोजगार के अवसर मिलेंगे। दौरे के दौरान आयुक्त सीता द्वार मंदिर भी पहुंचीं, जहां उन्होंने दर्शन-पूजन कर मंदिर की पौराणिक और धार्मिक मान्यताओं की जानकारी प्राप्त की। इसके बाद टेण्डवा महंथ में आयोजित संध्या संवाद कार्यक्रम में आयुक्त ने ग्रामीणों से सीधा संवाद किया और उनकी समस्याएं सुनीं। उन्होंने

संध्या संवाद चौपाल में मजबूत हुआ जनविश्वास विधायक

श्रावस्ती। जनसरोकारों को धरातल तक पहुंचाने तथा शासन की लोककल्याणकारी योजनाओं का लाभ अंतिम व्यक्ति तक सुनिश्चित करने के उद्देश्य से इकौना विकासखंड स्थित सीता द्वार प्रांगण में आयोजित ह्लसंध्या संवादह्व एवं चौपाल कार्यक्रम जनसहभागिता और सुशासन का सशक्त उदाहरण बनकर उभरा। कार्यक्रम में श्रावस्ती विधायक रामफेरन पाण्डेय ने ग्रामीणों के बीच पहुंचकर शासन की योजनाओं की प्रगति का अवलोकन किया तथा जनसमस्याओं को गंभीरतापूर्वक सुना।

इस अवसर पर देवीपाटन मंडल की आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल एवं जिलाधिकारी अन्नपूर्णा गर्ग भी उपस्थित रहीं। अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों ने ग्रामीण नागरिकों से सीधा संवाद स्थापित करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों और अपेक्षाओं को सुना तथा संबंधित अधिकारियों को त्वरित एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए। चौपाल कार्यक्रम में सरकार की विभिन्न जनहितकारी योजनाओं की जानकारी विस्तारपूर्वक दी गई। ग्रामीणों को बताया गया कि शासन की प्राथमिकता समाज के अंतिम पायदान पर खड़े व्यक्ति तक विकास की रोशनी पहुंचाना है। कार्यक्रम के दौरान दिव्यांगजन एवं जरूरतमंद लाभार्थियों को ट्राई साइकिल, छड़ी तथा अन्य सहायक उपकरण वितरित किए गए। सहायता सामग्री प्राप्त कर लाभार्थियों के चेहरे प्रसन्नता से खिल उठे तथा उन्होंने शासन और प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया।

कार्यक्रम में पर्यावरण संरक्षण का संदेश भी प्रमुखता से दिया गया। जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने संयुक्त रूप से वृक्षारोपण कर हरित वातावरण के संरक्षण का संकल्प दोहराया। वक्ताओं ने कहा कि पर्यावरणीय संतुलन बनाए रखने के लिए वृक्षारोपण समय की अनिवार्य आवश्यकता है और प्रत्येक नागरिक को इसमें सहभागी बनना चाहिए।

विधायक रामफेरन पाण्डेय ने कहा कि प्रदेश सरकार गांव, गरीब, किसान, महिला और युवाओं के उत्थान हेतु निरंतर प्रतिबद्ध है। शासन की मंशा है कि पारदर्शिता, संवेदनशीलता और जवाबदेही के माध्यम से जनविश्वास को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। ह्लसंध्या संवादह्व कार्यक्रम इसी दिशा में एक प्रभावी पहल सिद्ध हो रहा है।

विश्व रेडक्रॉस दिवस पर रक्तदान शिविर और जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

अमेठी। इंडियन रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा विश्व रेड क्रॉस दिवस के अवसर पर जनपद अमेठी में विभिन्न जनजागरूकता एवं स्वास्थ्य संबंधी कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कार्यक्रमों का आयोजन रेड क्रॉस सोसाइटी की राज्य शाखा के सभापति एवं उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक तथा महासचिव रामानंद कटियार के निदेर्शानुसार किया गया। संयुक्त जिला चिकित्सालय संयुक्त जिला चिकित्सालय गौरीगंज में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ अंशुमान सिंह ने किया। इस अवसर पर उन्होंने समाज सेवा एवं जनहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाने के लिए रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव धीरेन्द्र कुमार सिंह एवं सभी स्वयंसेवकों को विश्व रेड क्रॉस दिवस की शुभकामनाएं दीं। रक्तदान शिविर में लोगों ने बढ़-चढ़कर सहभागिता की। इस दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डॉ विवेक, श्रवण कुमार, अभिषेक, जिला क्षय रोग अधिकारी डॉ दीपक सिंह, अरविंद त्रिपाठी एवं गौरव श्रीवास्तव सहित अन्य लोग उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमेठी में रेड क्रॉस सोसाइटी द्वारा टीबी एवं हीट वेव जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में डॉ सौरभ सिंह ने लोगों को हीट वेव से बचाव के उपायों की जानकारी दी तथा गर्मी के मौसम में सावधानी बरतने की अपील की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए संस्था के सचिव धीरेन्द्र सिंह ने उपस्थित आशा एवं एएनएम कार्यकताओं को टीबी के प्रति जागरूक करते हुए कहा कि यदि किसी व्यक्ति को दो सप्ताह से लगातार खांसी, शाम के समय बुखार, भूख न लगना अथवा वजन कम होने जैसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर बलगम एवं एक्स-रे जांच करानी चाहिए। उन्होंने बताया कि टीबी की जांच एवं उपचार पूर्णतः निःशुल्क उपलब्ध है। कार्यक्रम में लालमनी तिवारी, जयदीप सिंह, चंद्रिका शुक्ला, मनोज पांडे सहित अन्य गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समर्थन जुटाने के लिए अधिवक्ताओं ने जत्थे के साथ भरी हुंकार, गहमागहमी

प्रतापगढ़। संयुक्त अधिवक्ता संघ के चुनाव में शुक्रवार को तहसील तथा दीवानी परिसर में प्रत्याशियों की जोर आजमाईश दिखी। अगले दो दिनों शनिवार व रविवार को अवकाश होने के कारण प्रत्याशियों ने समर्थक साथियों के जत्थे के साथ परिसर में घूम घूम कर समर्थन का माहौल खड़ा करने का भरपूर प्रयास दिन भर जारी रखा। परिसर में दिन भर नारेबाजी के साथ प्रत्याशियों के समर्थकों व छत्रपों को पसीने से तर बतर देखा गया। वहीं चेंबरों व शेडो में बैठको का भी दौर भी सरगर्मी में जारी दिखा। वहीं चुनाव समिति की हुई बैठक में इस बार प्रत्याशियों की अधिक संख्या होने व मतगणना के देर रात तक सम्पन्न होने को लेकर प्रबन्धों की रूपरेखा तय की गयी। समिति की हुई बैठक में इस बार मतदान स्थल के समीप मतगणना को लेकर बैरीकेटिंग कराए जाने पर भी सहमति बनीं। समिति के अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने बताया कि मतदान के दिन प्रत्याशियों अथवा अभिकताओं को समिति अधिकृत पहचान पत्र निर्गत करेगी। वहीं समिति की ओर से ग्यारह मई को होने वाले दक्षता भाषण को लेकर भी तैयारियों को अंतिम रूप दिया गया। बैठक का संचालन समिति के महामंत्री वीरेन्द्र सिंह अगई ने किया। एल्डर कमेटी के अध्यक्ष राजेन्द्र प्रसाद मिश्र ने मतदान एवं मतगणना की प्रक्रिया को लेकर समिति की रूपरेखा को मंजूरी प्रदान की। बैठक में शिवाकांत उपाध्याय, बेनीलाल शुक्ल, रामलगन यादव, संतोष पाण्डेय व शैलेन्द्र चतुवेर्दी शामिल हुए। तहसील तथा दीवानी परिसर में दो दिनों के अवकाश को देखते हुए देर शाम तक प्रत्याशियों व अधिवक्ताओं की जुटी भीड़ चुनावी माहौल को सरगर्मी में लिए दिखी। वहीं चुनाव को लेकर प्रत्याशियों का सुबह व शाम की बेला में भी साथी अधिवक्ताओं के घर पहुंचकर समर्थन की कवायद तेज हो उठी देखी जा रही है।

डीजे पर डांस को लेकर हुई मारपीट 12 से अधिक लोगों पर केस

प्रतापगढ़। बारात में डीजे पर डांस को लेकर हुई मारपीट की घटना में घराती व बराती पक्ष के कई लोग चुटहिल हो गये। कन्या पक्ष की ओर से दी गई तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया है। लीलापुर थाना क्षेत्र के पण्डित का पुरवा डांड़ी गांव निवासी धर्मराज वर्मा की पुत्री का बीती गरुवार को विवाह को लेकर अंतू थाना क्षेत्र के राजापुर रैनिया गांव से बारात आयी थी। बारात देखने पड़ोसी गांव नया पुरवा से भी कुछ युवक आये थे। द्वारपूजा के दौरान डीजे पर डांस को लेकर पड़ोसी गांव के युवकों ने मारपीट शुरू कर दी। जिससे कन्या पक्ष के मेवालाल वर्मा तथा वर पक्ष के दूल्हे के पिता शंकरलाल वर्मा, भाई इंद्रजीत वर्मा व अंकित वर्मा समेत कई लोग चुटहिल हो गये। सूचना पर पहुंची पुलिस को देख आरोपी भाग निकले। घटना को लेकर धर्मराज वर्मा ने पुलिस को तहरीर दी। प्रभारी निरीक्षक अमला सिंह का कहना है कि तहरीर के आधार पर नया पुरवा निवासी विकास, अजीत, अजय, रघुराज, सचिन समेत छः नामजद व एक अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

आगजनी और धमकी को लेकर दी तहरीर

प्रतापगढ़। रंजिशन घर के समीप छप्पर में आगजनी की घटना को लेकर पीड़ित ने उलाहना देने पर धमकी को लेकर आरोपियों के खिलाफ पुलिस को तहरीर सौपी है। उदयपुर थाना क्षेत्र के पूरे वल्दू मुस्तफाबाद निवासी अखिलेश कुमार पुत्र राममिलन ने दी गई तहरीर में कहा है कि बीती पांच मई की रात दस बजे गांव में शादी के आयोजन में वह व्यस्त था। इस बीच आरोप है कि गांव के एक व्यक्ति ने उसके घर से लगे छप्पर में आग लगा दी। तहरीर के मुताबिक पीड़ित का छोटा भाई शौच के लिए उठा तब आरोपी को आग लगाते देखा। शोर मचाने पर गांव के लोग जुटे। किसी तरह ग्रामीणों ने आग पर नियंत्रण किया। तहरीर में कहा गया है कि आगजनी में गृहस्थी के सामान आदि को नुकसान पहुंचा है। वहीं जब घटना को लेकर पीड़ित ने आरोपी के घर शिकायत की तो परिजनों ने गालीगलौज करते हुए उसे शिकायत करने पर जानलेवा धमकी दी। थानाध्यक्ष आफताब आलम का कहना है कि घटना की जांच की जा रही है, सत्यता के आधार पर कार्रवाई की जाएगी।

मिशन शक्ति अभियान के तहत छात्र छात्राओं को किया गया जागरूक

सिद्धार्थनगर। महिलाओं एवं बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और स्वावलंबन को लेकर चलाए जा रहे मिशन शक्ति फेज 5.0 (द्वितीय चरण) अभियान के अंतर्गत थाना गोल्हौरा पुलिस टीम द्वारा राजकीय विद्यालय अतरमूनानकार में जागरूकता कार्यक्रम आयोजित कर छात्र-छात्राओं को महिला सुरक्षा, नए कानूनों तथा साइबर अपराध से बचाव के संबंध में महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

एसएसपी डॉ. अभिषेक महाजन के निर्देशन, एएसपी प्रशांत कुमार प्रसाद के पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी इटवा प्रवीण प्रकाश के मार्गदर्शन में थानाध्यक्ष रामदेव के कुशल नेतृत्व में आयोजित इस कार्यक्रम में मिशन शक्ति टीम ने विद्यार्थियों को महिला संबंधी अपराधों, साइबर ठगी, सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग तथा आत्मरक्षा के प्रति जागरूक किया। कार्यक्रम के दौरान छात्र-छात्राओं को बताया गया कि किसी भी प्रकार की परेशानी या अपराध की स्थिति में तत्काल पुलिस एवं हेल्पलाइन सेवाओं का उपयोग करें। टीम द्वारा 112 पुलिस आपातकालीन सेवा, 1090 वूमेन पावर हेल्पलाइन, 1930 साइबर अपराध हेल्पलाइन, 1098 चाइल्ड हेल्पलाइन, 181 वीमेन हेल्पलाइन, 108 एंबुलेंस सेवा, 101 अग्निशमन सेवा एवं 1076 मुख्यमंत्री हेल्पलाइन सहित विभिन्न महत्वपूर्ण हेल्पलाइन नंबरों की विस्तृत जानकारी दी गई।

मिशन शक्ति टीम ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ आगे बढ़ने, किसी भी प्रकार के उत्पीड़न का विरोध करने तथा तुरंत शिकायत दर्ज कराने के लिए प्रेरित किया। वहीं छात्रों को भी महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक रहने का संदेश दिया गया। विद्यालय परिवार एवं विद्यार्थियों ने पुलिस टीम के इस जागरूकता अभियान की सराहना करते हुए इसे अत्यंत उपयोगी बताया। कार्यक्रम के माध्यम से छात्र-छात्राओं में सुरक्षा, कानून एवं साइबर जागरूकता को लेकर सकारात्मक संदेश देखने को मिला।

भगवान की उपासना पवित्र मन से हुआ करती है फलीभूत : आचार्य शक्तिधरनाथ

प्रतापगढ़। बाबा बूढ़ेश्वरनाथ धाम के निकट तिना गेट के समीप हो रही श्रीमदभागवत कथा में शुक्रवार को श्रद्धालुओं की भीड़ जुटी दिखी। कथाव्यास आचार्य डॉ0 शक्तिधरनाथ पाण्डेय ने भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीला का मनमोहक वर्णन किया। उन्होने कहा कि भगवान का जन्म जगत के कल्याण का मांगलिक प्रतीक है। उन्होने कहा कि भगवान की उपासना सदैव मन की पवित्रता से करनी चाहिए। उन्होने कहा कि एकाग्र मन ही प्रभु के स्मरण से जीवन के सुमंगल को मजबूत बनाया करता है। उन्होने कहा कि भगवान श्रीकृष्ण का दर्शन अनीति व अत्याचार के विरूद्ध मानव सभ्यता को सदैव संघर्ष का बोध कराया करती है। उन्होने श्रद्धालुओं से कहा कि भगवान सर्वत्र एवं सदैव विद्यमान रहकर पल पल के कर्मो का आकलन किया करते हैं। उन्होने कहा कि कर्म ही मनुष्य के सुख व दुख का कारक है। आचार्य शक्तिधरनाथ ने बताया कि श्रीमदभागवत कथा के सुनने से आध्यात्म का ज्ञान निखरने के साथ जीवन को सदमार्ग प्रदान करने का सुख दिया करता है। कथा के दौरान भक्तिमय भजनों पर श्रद्धालु भावविभोर हो उठे। कथा की संयोजिका कुसुमलता श्रीवास्तवा व ज्ञानेश श्रीवास्तव ने व्यासपीठ का पूजन अर्चन किया। इस मौके पर पूर्व प्राचार्य डॉ0 श्यामदुलारी सिंह, महेन्द्र पाल, ऐश्वर्य त्रिपाठी, मुदित पाण्डेय, विशम्भरनाथ त्रिपाठी, मृत्युंजय पाण्डेय, अजेन्द्र सिंह आदि रहे।

सड़क हादसे में तीन की मौत, चार घायल

गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में एक सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई और चार अन्य घायल हो गए। पुलिस ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार बृहस्पतिवार देर रात यह हादसा तब हुआ जब राजमार्ग पर एक नीलगाय से बचने की कोशिश में एक बोलेरो गाड़ी अनियंत्रित हो गई। पुलिस का कहना है कि गाड़ी पहले डिवाइडर से टकराई, फिर विपरीत लेन में चली गई और लगभग 100 मीटर तक फिसलने के बाद एक खड़ी रोड रोलर से जा टकराई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बोलेरो पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई तथा आगे की सीट पर बैठे विजय नारायण तिवारी (65) का शव टूटी हुई खिड़की से बाहर लटका हुआ मिला, जबकि उन्नति तिवारी (18) और शिवम तिवारी (20) गाड़ी के अंदर फंसे रह गए और उनकी सांस थम गई।

पुलिस के अनुसार, यह परिवार गोरखपुर जिले के कौड़ीराम में हरिखोरा में एक धार्मिक समारोह और भोज में शामिल होने के बाद घर लौट रहा था। नित्यानंद तिवारी ने बताया कि उनके पिता विजय नारायण, उनकी पत्नी साधना (35), भतीजी उन्नति (18), रिश्तेदार नर्मदा (70), भांजा शिवम (20) और शशांक पांडे बोलेरो गाड़ी से लौट रहे थे तथा कोठा निवासी अनिल त्रिपाठी (21) गाड़ी चला रहा था। पुलिस के अनुसार, मझगांवा पुल के पास अचानक राजमार्ग पर एक नीलगाय आ गई तथा उसे बचाने के चक्कर में चालक ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया। चीख-पुकार सुनकर स्थानीय लोग मौके पर पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। बचाव दल ने घायलों - साधना, शशांक, नर्मदा और चालक अनिल को बाहर निकाला और उन्हें अस्पताल पहुंचाया। गगहा के थाना प्रभारी निरीक्षक राजकुमार सरोज ने बताया कि दुर्घटना के समय गाड़ी लगभग 100 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से चल रही थी। तीनों मृतकों के शवों को पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया है और मामले में अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है।

पंखे के हुक से लटकता मिला युवक का शव

गौरीगंज,अमेठी। कोतवाली गौरीगंज के अन्तर्गत एक नवयुवक की पंखे के हुक से लाश मिलने से परिजनों में हड़कंप मच गया। मामला गौरीगंज कोतवाली क्षेत्र के दौलतपुर मजरे ऐंधी का है जहां के निवासी रवि 25 वर्ष पुत्र स्व रामलखन ने घर के अंदर पंखे के हुक से लटक कर अपनी जीवन लीला समाप्त कर लिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने लाश का पंचनामा कर पोस्टमार्टम को भेज दिया। इस सम्बन्ध में कोतवाली प्रभारी रवि सिंह ने बताया कि नवयुवक किस कारण फांसी का फंदा लगा लिया इसका कारण स्पष्ट नहीं हो सका है परिवार में बहन मां के अलावा और कोई नहीं रहता है अभी मृतक युवक की शादी नहीं हुई थी।

यमुना में युवक की डूबने से मौत, 5 को बचाया गया

कौशांबी । जिले में पश्चिम शरीरा थानाक्षेत्र के पभोसा घाट पर शुक्रवार दोपहर यमुना नदी में नहाते समय डूबने से एक युवक की मौत हो गई। इस हादसे में पांच अन्य युवकों को स्थानीय लोगों ने बचा लिया। पुलिस क्षेत्राधिकारी जनेश्वर प्रसाद पांडे ने बताया कि छह युवक पभोसा घाट पर नहाने गए थे तथा स्नान के दौरान गहरे पानी में जाने पर वे डूबने लगे। शोर सुनकर स्थानीय ग्रामीणों और मल्लाहों ने पांच युवकों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया जबकि रंजीत कुमार (18) नदी में डूब गया। स्थानीय गोताखोरों की मदद से करीब दो घंटे की मशक्कत के बाद रंजीत को बेहोश स्थिति में नदी से निकाला गया। परिजन उसे स्थानीय अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सीओ ने बताया कि पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

रंगदारी वसूलने वाले बाबा गैंग के छह आरोपी गिरफ्तार

संभल। संभल में पुलिस ने कथित तौर पर शौक और मौज-मस्ती के लिए लोगों से रंगदारी वसूलने वाले बाबा गैंग का भंडाफोड़ करते हुए शुक्रवार को उसके छह सदस्यों को गिरफ्तार किया। इस गिरोह में 25-30 युवा हैं, जो व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर बाबा गैंग नाम से ग्रुप चलाते थे। एएसपी (दक्षिणी) मनोज कुमार रावत ने बताया कि छह मई को जूनावई थानाक्षेत्र के रामपाल ने तहरीर दी थी कि अंकित, अवधेश और 10-15 अज्ञात लोगों ने उनसे एक लाख रुपये की रंगदारी मांगी तथा रंगदारी न देने पर जान से मारने की धमकी दी। रावत के अनुसार, इस तहरीर पर थाने में सुसंगत धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया। एएसपी ने बताया कि मामले के खुलासे के लिए एसओजी और सर्विलांस टीम को लगाया गया तथा जांच के बाद आज गैंग के छह सदस्यों अंकित, अवधेश, कुलदीप, अमन, सुरेंद्र और प्रिंस को गिरफ्तार किया गया। एएसपी ने बताया कि पूछताछ में पता चला कि आरोपियों ने 25-30 युवाओं का बाबा नामक एक ग्रुप व्हाट्सएप, इंस्टाग्राम और फेसबुक पर बना रखा है। ये लोग अपने शौक एवं मौज-मस्ती के लिए लोगों से रंगदारी वसूलते हैं।

बस की चपेट में आने से एक महिला की मौत, दूसरी घायल

सुलतानपुर। जिले के लंभुआ कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को लखनऊ वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर एक बस की टक्कर से एक महिला की मौत हो गई, जबकि एक अन्य गंभीर रूप से घायल हो गई। मृत महिला की पहचान बूधापुर की उर्मिला (51) के रूप में तथा घायल महिला की पहचान गीता (35) के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार गीता के हाथ और पैर में गंभीर चोटें आई हैं। दोनों को स्थानीय लोगों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लंभुआ ले जाया गया, जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया था। पुलिस क्षेत्राधिकारी लंभुआ ऋतिक कपूर ने बताया कि इलाज के दौरान उर्मिला ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने पंचायतनामा भरकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वाहन की पहचान के लिए इलेक्ट्रॉनिक साक्ष्य और सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं तथा तहरीर के आधार पर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

मानक विहीन स्कूली वाहनों पर होगी कार्रवाई

अमेठी। शासन के निदेर्शों के क्रम में शुक्रवार को सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी कार्यालय अमेठी में जनपद के समस्त मान्यता प्राप्त विद्यालयों के प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों के साथ बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन विद्यालयों को विशेष रूप से शामिल किया गया जिनके द्वारा छात्र-छात्राओं के आवागमन हेतु परिवहन वाहनों का संचालन किया जाता है। बैठक के दौरान विद्यालयों में संचालित वाहनों के परमिट, फिटनेस, बीमा एवं प्रदूषण प्रमाणपत्र की समीक्षा की गई। जिन वाहनों के आवश्यक प्रपत्र समाप्त पाए गए, उन्हें तत्काल पूर्ण कराने के निर्देश दिए गए। इसके साथ ही सभी विद्यालय वाहनों में वीएलटीडी, सीसीटीवी कैमरा, जीपीएस, अग्निशमन यंत्र एवं अन्य आवश्यक सुरक्षा उपकरण अनिवार्य रूप से लगाए जाने के निर्देश भी दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए महेन्द्र बाबू गुप्ता ने कहा कि जनपद में किसी भी स्थिति में मानक विहीन स्कूल वाहनों का संचालन नहीं होने दिया जाएगा। उन्होंने विद्यालय प्रबंधकों एवं प्रधानाचार्यों से अपील करते हुए कहा कि सभी वाहन निर्धारित मानकों एवं नियमों के अनुरूप ही संचालित किए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि स्कूल वाहनों का संचालन करने वाले चालकों का चरित्र सत्यापन पुलिस विभाग से तथा ड्राइविंग लाइसेंस का सत्यापन परिवहन विभाग से अनिवार्य रूप से कराया जाए।

प्रतापगढ़ में इनामी बदमाश गिरफ्तार

प्रतापगढ़। जिले में थाना फतनपुर पुलिस एवं स्पेशल टीम (विशेष टीम चोरी अनावरण) ने सर्विलांस सेल के सहयोग से गैंगस्टर एक्ट के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी अभियुक्त को शुक्रवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस सूत्रों ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त की पहचान धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ गुरुप्रसाद निवासी ग्राम चांदपुर, थाना फतनपुर, जनपद प्रतापगढ़ के रूप में हुई है। उसे थाना फतनपुर क्षेत्र के हरिपाल मऊ नहर पुलिया तिराहे के पास से गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार अभियुक्त गैंगस्टर एक्ट के एक मामले में वांछित चल रहा था तथा उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित किया गया था। धर्मेंद्र कुमार यादव उर्फ गुरुप्रसाद के विरुद्ध थाना फतनपुर में लूट एवं गैंगस्टर एक्ट सहित कई गंभीर धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं

गंगा एक्सप्रेस वे पर सड़क हादसे में दो मरे

शाहजहांपुर। जिले के जलालाबाद थाना क्षेत्र में शुक्रवार को गंगा एक्सप्रेसवे से उतर रहे तेज रफ्तार ट्रक ने बाइक सवार दो लोगों को कुचल दिया। इस हादसे में दोनों की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने भाग रहे ट्रक का पीछा कर ट्रक चालक को हिरासत में ले लिया। एएसपी ग्रामीण दीक्षा भंवरे ने शुक्रवार को बताया कि कलान क्षेत्र के गांव लखनपुर निवासी भूपेंद्र यादव (40) व गिरीश यादव (35) दूध की डेरी है। दूध बाजार में या अन्य जगह पहुंचने के लिए घर से बाइक पर सवार होकर पिकअप वाहन खरीदने निकले थे कि जैसे ही उनकी बाइक जलालाबाद थाना क्षेत्र के कलेक्टरगंज गांव के पास पहुंची, उसी दौरान गंगा एक्सप्रेसवे से नीचे उतर रहे तेज रफ्तार ट्रक ने सामने से आ रही बाइक में जोरदार टक्कर मार दी जिससे दोनों सड़क पर गिर गए और ट्रक का पहिया उनके ऊपर से निकल गया। इस हादसे में भूपेंद्र यादव तथा गिरीश यादव की मौके पर ही मौत हो गई।

दिव्यांगों को सहायक उपकरण वितरित

● विश्व रेडक्रास दिवस पर रक्तदान शिविर उद्घाटित

श्रावस्ती। विश्व रेडक्रास दिवस के अवसर पर कलेक्ट्रेट परिसर में आयोजित रक्तदान शिविर का उद्घाटन आयुक्त देवीपाटन मंडल दुर्गा शक्ति नागपाल ने किया। इस अवसर पर मानव सेवा, सामाजिक समर्पण और जनकल्याण की भावना को साकार करते हुए दिव्यांगजनों एवं बुजुर्गों को विभिन्न सहायक उपकरण भी वितरित किए गए।

आयुक्त दुर्गा शक्ति नागपाल ने संध्या चौपाल के दौरान दो दृष

संक्षेप

सूबेदारगंज एक्सप्रेस ट्रेन में लगी आग

इटावा। भरथना के पास चलती सूबेदारगंज एक्सप्रेस ब्रेक बॉन्डिंग के चलते लगी आग, ट्रेन में सवार यात्रियों में मची अफरा-तफरी। ट्रेन संख्या 20433 में अचानक उठीं आग की लपटें, भरथना स्टेशन पर अप लाइन पर रोकी गई ट्रेन, यात्रियों में मचा हड़कंप, रेलवे प्रशासन अलर्ट, 3 एक्सप्रेस ट्रेनों को लूप लाइन से निकाला गया, करीब 45 मिनट तक मेन लाइन बाधित रही, जांच के बाद ट्रेन को गंतव्य के लिए किया रवाना, भरथना रेलवे स्टेशन का मामला, रेलवे जंक्शन पर प्लेटफार्म नंबर एक पर रोककर बोगी को किया गया प्रीव्यू।

कार की डिमांड पर टूट गयी शादी केस दर्ज

सरहरी , गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के भगवानपुर निवासी महिला ने बेटी की शादी के लिए दहेज में कार नही मिलने पर शादी तोड़ने की शिकायत की। तहरीर के आधार पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। चिलुआताल थाना क्षेत्र की रहने वाली महिला ने तहरीर देकर बताया कि उनकी बेटी की शादी शिवबखरी थाना बखिरा जिला सन्तकबीर नगर निवासी राज जायसवाल के बेटे अनीस कुमार जायसवाल के साथ तय की थी। शादी के लिए सगाई की रस्म पूरी हो गयी थी। तथा लड़के के घर जाकर दो लाख रुपये भी लड़के के पिता को दे दिये थे। लड़का मौजूदा समय में चन्डीगढ़ में खाद्य आपूर्ति बिभाग में बाबू पद पर कार्यरत है। 16 फरवरी को लड़के द्वारा मेरे मोबाइल पर फोन कर कहा गया कि मुझे शादी में कार मिलेगी तभी शादी करूंगा। कार देने में असमर्थतता जताने पर उन लोगों ने गाली-गलौज करते हुए शादी तोड़ दी। जिससे हमारी बेटी काफी सदमें में है।

मंदबुद्धि बालक लापता, केस दर्ज

सरहरी, गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नूरुद्दीनचक से एक मंद बुद्धि बालक घर से निकला मगर घर वापस न आने पर परिजनो ने काफी ढूढ़ने का प्रयास किया। तत्पश्चात लिखित तहरीर देकर पुलिस को घटना से अवगत कराया चिलुआताल पुलिस मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल शुरू कर दी है। ग्राम सभा नूरुद्दीनचक निवासी मोनी साहनी पत्नी राम किशुन ने चिलुआताल पुलिस को तहरी देकर बतायी कि मेरा बेटा अंश लगभग 8 बजे घर से निकला मगर वापस न आने पर पूरा परिवार परेशान होकर इधर उधर ढूढ़ने का प्रयास किये मगर सफलता नही मिली। इसके पहले भी कई बार घर से निकला था। मगर वापस घर आ गया था।

कुत्ते के विवाद को लेकर मारपीट कर किया घायल केस दर्ज

सरहरी , गोरखपुर। चिलुआताल थाना क्षेत्र के ग्राम सभा नवापार पोष्ट मानीराम में कुत्ते के बिवाद को लेकर मनबढ महिलाए गाली दे रही थी। जिसका प्रतिरोध करने पर लाठी डंडा से मार कर हम दो बहनो को मारपीट कर घायल कर दी। पिड़िता के लिखित तहरीर के आधार पर चिलुआताल पुलिस सुसंगत धाराओ में मुकदमा कायम कर जाँच पड़ताल कर रही है। ग्राम सभा नवापार निवासी अमरजीत साहनी की पुत्री महिमा साहनी ने चिलुआताल पुलिस को लिखित तहरीर बताई कि सात मई को दिन के लगभग तीन बजे मेरे कुत्ते के बिवाद को लेकर गाँव के ही सपना , शालू पुत्री शंकर साहनी , मीना पत्नी शंकर साहनी व राधिका पत्नी सन्तोष साहनी ये सभी लोग मिल कर हम को गाली देने लगी और विरोध करने पर मारपीट कर घायल कर दिया।

रोहिन नदी के तटबंधों पर बन रहे दो पंपिंग स्टेशन

घनश्याम कुमार

- सीएम के निर्देश पर तैयार की गई है कार्य योजना

गोरखपुर। बाढ़ प्रबंधन को लेकर योगी सरकार की तरफ से किए गए ठोस उपायों की श्रृंखला में दो और महत्वपूर्ण कार्य जुड़ने जा रहे हैं। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर सिंचाई विभाग के ड्रेनेज खंड ने उत्तरी-पश्चिमी हिस्से को बाढ़ से बचाने के लिए महत्वपूर्ण कार्ययोजना बनाकर तेजी से काम शुरू कर दिया है। इसके तहत रोहिन नदी के किनारे बसे गांवों और नव शहरी क्षेत्रों को मानसून के मौसम में जलमग्न होने से बचाने के लिए दो स्थलों पर पंपिंग स्टेशन बनाए जा रहे हैं।

मानसून के समय काफी संवेदनशील हो जाने वाली रोहिन नदी पर बने तटबंधों को सुदृढ़ करने के साथ ही तटबंध के किनारे के क्षेत्रों में जल प्लावन की समस्या से निजात दिलाने के लिए मछलीगांव-अलगटपुर तटबंध और मानीराम-डोमिनगढ़ तटबंध पर दो पंपिंग स्टेशन अगले वर्ष जून माह तक बनाकर तैयार हो जाएंगे। उल्लेखनीय है कि हर साल मानसून के दौरान रोहिन नदी का जलस्तर बढ़ने से तटबंधों के किनारे बसे मोहल्लों और खेतों में पानी जमा हो जाता है। ड्रेनेज सिस्टम बाधित होने के कारण यह पानी हफ्तों तक नहीं निकल पाता। इसी समस्या को देखते हुए मुख्यमंत्री ने सिंचाई विभाग को एक ठोस कार्ययोजना तैयार करने के निर्देश दिए थे। ड्रेनेज खंड के अधिशासी अभियंता आनंद गौतम बताते हैं कि एक पंपिंग स्टेशन रोहिन नदी के दाएं तट पर स्थित मछलीगांव-अलगटपुर तटबंध के किमी 18.200 पर कलान नाले पर कल्याणपुर के पास बनाया जा रहा है। करीब 55 करोड़ रुपये की लागत से स्थापित होने वाले पंपिंग स्टेशन में 40 क्यूसेक क्षमता के सात पंप लगाए जाएंगे। इसके अलावा यहां एक स्टैंडबाई पंप सहित 20 क्यूसेक क्षमता के तीन पंप भी होंगे। पंपों के निर्बाध संचालन के लिए 750 केवीए के चार डीजल जेनसेट और 62.5 केवीए का एक जेनसेट लगाया जाएगा। इस प्रोजेक्ट में 35 प्रतिशत से अधिक कार्य कराया जा चुका है। दूसरा पंपिंग स्टेशन रोहिन नदी के दाएं तट पर स्थित मानीराम-डोमिनगढ़ तटबंध के किमी 10 पर ग्राम सिरिया के पास 57 करोड़ रुपये की लागत से निमार्णाधीन है। करीब 40 प्रतिशत भौतिक प्रगति वाली इस परियोजना में भी 40 क्यूसेक क्षमता के सात पंप लगाए जाएंगे। साथ ही एक स्टैंडबाई पंप सहित 20 क्यूसेक क्षमता के तीन पंप भी होंगे। पंपों के संचालन के लिए 750 केवीए के चार डीजल जेनसेट और 62.5 केवीए के एक जेनसेट की व्यवस्था होगी। ड्रेनेज खंड के अधिशासी आनंद गौतम बताते हैं कि रोहिन नदी पर बनने वाले ये स्टेशन न केवल ग्रामीण इलाकों की फसलों को डूबने से बचाएंगे, बल्कि शहरी सीमा से सटे उन इलाकों को भी राहत देंगे।

चौरी चौरा में हुआ भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन

चौरीचौरा, गोरखपुर। चौरीचौरा थाना क्षेत्र के एक मैरेज हॉल में शुक्रवार को सामाजिक सरोकार और मानव सेवा की अनूठी मिसाल पेश करते हुए पं. एसके शर्मा द्वारा भव्य सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान एसके शर्मा ने अपनी पत्नी के साथ 21 कन्याओं का कन्यादान किया और पूरे विधि-विधान व वैदिक मंत्रोच्चार के साथ संपन्न कराया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय ग्रामीण विकास राज्य मंत्री कमलेश पासवान रहे। तथा विशिष्ट अतिथि जिलाध्यक्ष जनार्दन तिवारी रहे ।मुख्य अतिथि ने नवविवाहित जोड़ों को आशीर्वाद देते हुए कहा कि सामूहिक विवाह जैसे आयोजन समाज में भाईचारे, समानता और सहयोग की भावना को मजबूत करते हैं। उन्होंने कहा किजरूरतमंद परिवारों के लिए इस प्रकार के आयोजन किसी वरदान से कम नहीं हैं ।कार्यक्रम के आयोजक पंडित एसके शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि हर बेटी समाज का सम्मान और परिवार की शान होती है ।बेटियों के विवाह को लेकर गरीब और जरूरतमंद परिवारों पर आर्थिक बोझ न पड़े, इसी सोच के साथ इस सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि समाज के सक्षम लोगों को आगे आकर जरूरतमंद परिवारों की मदद करनी चाहिए ताकि कोई भी बेटी अभाव में न रहे। उन्होंने कहा कि सभी दान दान होता है, लेकिन कन्यादान महादान की श्रेणी में आता है। कन्यादान करने वाला पुण्य का भागी बनता है ।उन्होंने कहा कि ह्लबेटियां दो परिवारों को जोड़ने का कार्य करती हैं और उनका सम्मान करना हम सभी का कर्तव्य है। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि जनार्दन तिवारी ने कहा कि सामूहिक विवाह कार्यक्रम केवल शादी का आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता, सेवा और सहयोग का संदेश देने का माध्यम है। कार्यक्रम में सभी नवविवाहित जोड़ों को आयोजक एसके शर्मा की ओर से गृहस्थी में उपयोग होने वाला आवश्यक सामान भी भेंट किया गया ।समारोह स्थल को मनोहारी ढंग से सजाया गया था। विवाह की सभी रस्में विधिवत संपन्न कराई गईं।

कार्यक्रम शुभारंभ आयोजक एसके शर्मा द्वारा मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्य मंत्री कमलेश पासवान तथा भाजपा जिला अध्यक्ष जनार्दन तिवारी का अंग वस्त्र और स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। उक्त अवसर पर नगर पंचायत चौरी चौरा के अध्यक्ष सन्नी जायसवाल, आशीष द्विवेदी, अखिलेश राय, अर्पित कसौधन, धर्मेंद्र पासवान, साहिल प्रधान, विजय शुक्ला, राज मंगल पासवान, मुन्ना भुज सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

जिला अभिहित अधिकारी के उत्पीड़न से व्यापारी त्रस्त

इटावा। उ.प्र.उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल के जिला वरिष्ठमहामंत्री हरिगोपाल शुक्ला के नेतृत्व में व्यापारियों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर को सौपा। प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष डॉ. एके शर्मा ने वताया कि व्यापार मंडल ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा कि व्यापारी गौरव अग्रवाल जो पाम आयल सील पैक विभिन्न कंपनियों से लिए गए माल का थोक का कार्य करते हैं। जिनकी दुकान गोदाम का सैंपल विगत 44 बार भरा जा चुका है। प्रदेश उपाध्यक्ष एवं शहर अध्यक्ष ओमरतन कश्यप कहा कि विगत कुछ माह पूर्व उसराहार कस्बे में उक्त अधिकारी द्वारा अवैध वसूली का दबाव बनाते हुए सैंपल भरे गए जहां पूरे कस्बे के समस्त व्यापारी एकजुट हो गए। जिलाध्यक्ष संतोष सिंह चैहान ने कहा कि जिला अभिहीत अधिकारी के उत्पीड़न से त्रस्त होकर आत्मदाह करने का प्रयास करने वाले व्यापारी सहित उत्तर प्रदेश के सभी व्यापारियों को खाद्य विभाग से सुरक्षा प्रदान की जाये। युवा जिलाध्यक्ष अजय गुप्ता ने कहा कि सैंपल भरे जाने के जो मानक हैं वह बरसों पुराने हैं जिससे मानकों का आधार बनाकर अधिकारी व्यापारियों का उत्पीड़न करते हैं। यह मानक भी अपडेट कराये जाए। जसवंतनगर अध्यक्ष सुभाष गुप्ता ने कहा कि व्यापारी नेताओं को सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न किए जाने का मुकदमा दर्ज करने का भय दिखाकर उन्हें उपरोक्त मामलों से दूर रहने की धमकी देने वाले जिला अभिहीत अधिकारी पर मामला दर्ज किया जाए एवं व्यापार मंडल के किसी भी पदाधिकारी पर सरकारी कार्य में बाधा उत्पन्न कराए जाने संबंधी कोई कार्रवाई न की जाए।

पॉक्सो एक्ट में एक को आजीवन कारावास

इटावा। विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट विनीता विमल ने एक मामले की सुनवाई करते हुए आरोपी विकास राठौर को दोषी पाया। कोर्ट ने उसे आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। इसके अतिरिक्त, उस पर एक लाख रुपये का जुमार्ना भी लगाया गया है। यह मामला कोतवाली क्षेत्र का है, जहां एक नाबालिग किशोरी शाम के समय अपने घर के बाहर खेल रही थी। आरोप है कि विकास राठौर पुत्र मूल चंद्र उसे गुब्बारा दिलाने के बहाने बहला-फुसलाकर अपने घर ले गया और उसके साथ गलत काम किया। जब किशोरी घर लौटी तो उसने अपने परिवार को घटना की जानकारी दी। पीड़िता के पिता ने कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने छेड़छाड़ और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस ने छानबीन के बाद विकास राठौर के खिलाफ दुष्कर्म और पॉक्सो एक्ट की धाराओं में आरोप पत्र कोर्ट में पेश किया। मामले की सुनवाई विशेष न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट की कोर्ट में हुई। सरकार की ओर से अपर जिला शासकीय अधिवक्ता आशीष तिवारी और दशरथ सिंह चैहान ने पैरवी की। उनके द्वारा पेश किए गए साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर कोर्ट ने विकास को दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। कोर्ट ने आदेश दिया कि यदि दोषी जुमार्ना अदा नहीं करता है, तो उसे एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना पड़ेगा। साथ ही, जुमार्ने की यह रकम पीड़िता को दी जाएगी।

तीन दिन पानी की सप्लाई बंद रहेगी : ईओ

भरथना, इटावा। नगर पालिका परिषद भरथना द्वारा संचालित बालूगंज पानी की टंकी की सप्लाई 2 से 3 दिन तक पूर्णतया बाधित रहेगी। उक्त आशय की जानकारी नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी सन्तोष मिश्रा ने देते हुए बताया कि पालिकाध्यक्ष अजय यादव गुल्लू के निदेर्शानुसार पेयजल आपूर्ति हेतु स्थापित बालूगंज पानी की टंकी पर बने ओवरहैड टैंक का डायरेक्ट सप्लाई वाल्व 14 इंच खराब होने के चलते उसे बदलवाने के कारण नगर में उक्त अवर जलाशय से सम्बन्धित क्षेत्र की जलापूर्ति 11 मई से 13 मई तक पूर्णतया बाधित रहेगी। ओवरहैड टैंक का डायरेक्ट सप्लाई वाल्व 14 इंच बदल जाने के बाद नगर की जलापूर्ति पूर्व की भाँति सुचारू रूप से संचालित करायी जायेगी।

अखिल व्यापार मंडल ने सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन

इटावा। अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिलाप्रभारी मनोज अग्रवाल, जिलामहामंत्री धर्मेंद्र जैन के नेतृत्व में व्यापारियों ने जिलाधिकारी को संबोधित ज्ञापन सिटी मजिस्ट्रेट राजेन्द्र बहादुर को सौपा। व्यापार मंडल ने ज्ञापन में मांग करते हुए कहा खाद विभाग की अवैध वसूली उसके बाद दूकानों पर पहुंचकर निरीक्षण करना, दूकान सीज करना, व्यापार न करने देने की धमकी से जनपद का व्यापारी परेशान है। व्यापारी आखिर अब कब तक इनकी आर्थिक मांगों को पूरा करता रहेगा। व्यापारी कभी भी निरीक्षण करने, सेम्पिल भरने का विरोध नहीं करता विभाग के अधिकारी व्यापारियों को दफ्तर बुलाकर पैसे की मांग करते हैं अपने प्राइवेट कर्मचारी, ड्राइवर भेजकर व्यापारी से वसूली करते हैं। खाद विभाग की कार्यशैली की गुप्त जांच कराई जाये और व्यापारियों का शोषण बन्द कराया जाये। किसी भी व्यापारी के यहां सैंपलिंग एवं सर्वे छापा किए जाते हैं तो व्यापार मंडल को सूचित किया जाये। व्यापार मंडल के पदाधिकारियों को साथ में लेकर ही सर्वे छापे किए जायें। ज्ञापन देने वालों में जिला वरिष्ठउपाध्यक्ष संतोष कुमार वर्मा, जिला उपाध्यक्ष लल्लू वारसी, जिला प्रवक्ता इकरार अहमद, रविंद्र सिंह कुशवाहा, नगर प्रभारी संजय वर्मा, युवा प्रदेशमंत्री पंकज कुशवाहा, लाइनपार प्रभारी आलोक गुप्ता, जिलामंत्री यामीन रिंकू चैधरी, जैनुल आवदीन, युवा जिलामहामंत्री रंजीत सिंह कुशवाहा, अवधेश सिंह राठौर, युवा जिलावरिष्ठ उपाध्यक्ष विकास शाक्य, महिला जिला अध्यक्ष अर्चना कुशवाहा, महिला जिला संरक्षक सुशीला राजावत, महिला लाईनपार अध्यक्ष अंजू यादव सहित सैकड़ों व्यापारी उपस्थित रहे।

ऑपरेशन क्लीन के तहत 15 लाख की अंग्रेजी शराब जलायी गयी

इटावा। अवैध शराब के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत थाना सिविल लाइन पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए बीते गुरुवार शाम को 6500 लीटर अंग्रेजी शराब नष्ट कराई। अलग-अलग मुकदमों में बरामद की गई इस शराब की कीमत करीब 15 लाख रुपये बताई गई है। न्यायालय के आदेश के बाद पुलिस ने निर्धारित प्रक्रिया के तहत शराब का विनष्टीकरण कराया। लाखों रुपए की पकड़ी गई शराब को आग के हवाले करके नष्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान पुलिस और संबंधित विभाग के अधिकारी मौजूद रहे। उत्तर प्रदेश के डीजीपी निर्देश पर जिले में अवैध शराब के निर्माण, बिक्री और तस्करी के खिलाफ लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना सिविल लाइन पुलिस ने मुकदमा संख्या 446, 18 समेत अन्य मामलों में बरामद अंग्रेजी शराब को विनष्टीकरण के लिए चिन्हित किया। पुलिस के अनुसार यह शराब भारतीय दंड संहिता की धारा 420, 467, 468 और 471 व आबकारी अधिनियम की धारा 60(1), 63 व 72 के तहत दर्ज मामलों से संबंधित थी। एसएसपी बृजेश कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि जिले में अवैध शराब के कारोबार में शामिल लोगों के खिलाफ अभियान आगे भी जारी रहेगा। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अवैध शराब के निर्माण, भंडारण, तस्करी और बिक्री करने वालों पर लगातार नजर रखी जा रही है। ऑपरेशन क्लीन अभियान के तहत ऐसे मामलों में सख्त कानूनी कार्रवाई की जा रही है ताकि जिले में अवैध शराब के कारोबार पर पूरी तरह रोक लगाई जा सके।

प्लास्टिक का बर्तन शरीर में बढ़ा रहा डायबिटीज

उन्नाव, (वीओएल)। प्लास्टिक लोगों के शरीर में डायबिटीज बढ़ा रही है। प्लास्टिक के बर्तनों में गर्म खाद्य पदार्थ बिल्कुल न रखें इससे डायबिटीज का खतरा बढ़ जाता है। जिला अस्पताल में दवा के साथ डॉक्टर लोगों को जागरूक कर रहे हैं। डॉक्टरों के अनुसार प्लास्टिक से बिस्फेनॉल-ए (बीपी-ए) नामक रसायनिक तत्व खाद्य पदार्थ में शामिल हो जाता है, जो पैंक्रियाज (अग्नाशय) की बीटा सेल को नुक्सान पहुंचाता है। साथ ही शरीर में इंसुलिन रेजिस्टेंस बढ़ जाता है। और व्यक्ति डायबिटीज की चपेट में आ जाता है। डॉक्टरों ने कम उम्र के लोगों को डायबिटीज का यही कारण बताया है। जिला अस्पताल के एनसीडी क्लीनिक चिकित्सक डॉ अमित तिवारी ने बताया आजकल कम उम्र में भी लोग डायबिटीज की चपेट में आ रहें हैं। इसकी बड़ी अनियमित दिनचर्या और प्लास्टिक का प्रयोग है। बताया प्लास्टिक और फाइबर के बर्तनों का भोजन करने में प्रयोग करने से यह समस्या बढ़ रही है। इससे इंसुलिन बनना कम होता है। इसलिए प्लास्टिक की पैकिंग में खाने-पीने वाली चीजों से परहेज करना होगा। इसके अलावा खानपान पर भी ध्यान देने की जरूरत है। जिला अस्पताल में पहुंचने वाले 100 रोगियों में 40 को डायबिटीज की समस्या है। डॉक्टर उन्हें प्लास्टिक का प्रयोग बंद करने और दिनचर्या ठीक करने की सलाह दे रहे हैं। उन्हें दवा के साथ इन चीजों से परहेज करने के लिए जागरूक किया जा रहा है।

उत्कृष्ट कार्य पर शिक्षकों का हुआ सम्मान

उन्नाव (वीओएल)। लखनऊ के सीएमएस ऑडिटोरियम, एलडीए कानपुर रोड में देवी संस्थान द्वारा आयोजित दो दिवसीय लीडरशिप सर्कल कार्यक्रम में देशभर के नवाचारी शिक्षकों को सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, राज्यसभा सदस्य डॉ. दिनेश शर्मा, अपर मुख्य सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा एवं देवी संस्थान की संस्थापिका सुनीता गांधी मौजूद रहीं। कार्यक्रम में उन्नाव के विद्यासागर मिश्रा एवं ज्योति सिंह को शिक्षण में नवाचार एवं उत्कृष्ट योगदान के लिए शिक्षा मंत्री संदीप सिंह द्वारा सम्मानित किया गया। शिक्षा मंत्री ने उन्नाव के शिक्षकों को बधाई देते हुए कहा, ह्लनिपुण भारत मिशन को सफल बनाने में विद्यासागर मिश्रा (प्राथमिक विद्यालय करौंदी), ज्योति सिंह (प्राथमिक विद्यालय अजीज नगर), ज्योति वर्मा (प्राथमिक विद्यालय बघोड़ा), आशीष सिंह (प्राथमिक विद्यालय मवई), शिवानी (प्राथमिक विद्यालय अटिया) एवं संध्या (प्राथमिक विद्यालय सहदोई) जैसे शिक्षक जनपद के अन्य शिक्षकों के लिए प्रेरणा हैं ।ह्लसुनीता गांधी ने कहा कि ऐसे शिक्षक शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा दे रहे हैं। दो दिवसीय कार्यक्रम में 18 राज्यों के 2500 से अधिक सरकारी अधिकारी, शिक्षा प्रतिनिधि एवं शिक्षक शामिल हुए। उत्तर प्रदेश के उन 9 जिलों के शिक्षकों ने भी प्रतिभाग किया, जहां अल्फा पेडागोजी सफलतापूर्वक लागू की जा रही है। विद्यासागर मिश्रा ने इस सम्मान को विद्यालय के बच्चों को समर्पित बताया। कार्यक्रम में उपस्थित औरास बीईओ संजय शुक्ल एवं एआरपी मनीष मिश्रा ने सम्मानित शिक्षकों को बधाई दी।

लखनऊ निवासी बाइक सवार घायल, हालत गंभीर

असोहा, उन्नाव। । मांगलिक कार्यक्रम से वापस जा रहा बाइक सवार युवक निर्माणधीन पुलिया से टकराया। हालत चिंताजनक बनी है। जिला अस्पताल रेफर किया। लखनऊ के गौरा गांव थाना मोहनलाल गंज निवासी सुखलाल के 27 वर्षीय पुत्र करण असोहा क्षेत्र में एक वैवाहिक कार्यक्रम में आये थे देर रात लगभग एक बजे कालूखेड़ा असोहा मार्ग अजयपुर गांव मोड़ के पास मार्ग पर पुलिया से टकरा कर गिर गया घायल करण बड़ी देर तक पड़ा रहा मार्ग न से निकल रहे लोगो ने 108 स्वास्थ्य सेवा पर फोन किया तो 108 एम्बुलेंस सेवा घायल को सीएचसी असोहा लाई। जहां हालत चिंताजनक देख डॉक्टरों ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया।

डीएम ने शिक्षा विभाग की योजनाओं की समीक्षा की

इटावा। डीएम शुभ्रांत कुमार शुक्ल की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट स्थित नवीन सभागार में जिला शिक्षा एवं अनुश्रवण समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में शिक्षा विभाग की विभिन्न योजनाओं एवं कार्यक्रमों की प्रगति की विस्तृत समीक्षा की गई। बैठक में जिलाधिकारी ने बताया कि नव भारत साक्षरता कार्यक्रम 2025-26 के अंतर्गत व्यय प्रतिशत 27.85 प्रतिशत है। इस योजना के तहत 15 वर्ष अथवा उससे अधिक आयु के अशिक्षित वयस्कों को बुनियादी शिक्षा, संख्यात्मक ज्ञान एवं जीवन कौशल शिक्षा प्रदान की जाती है। उन्होंने सभी बीइओं को निर्देशित किया कि अशिक्षित व्यक्तियों का चिन्हांकन कर व्यापक सर्वे कराया जाए तथा संख्या बढ़ाने हेतु कार्ययोजना बनाकर प्रभावी कार्रवाई की जाए।

स्कूल चलो अभियान की समीक्षा के दौरान बताया गया कि अब तक 13,062 नए प्रवेश हुए हैं। जिलाधिकारी ने ऐसे विद्यालयों को चिन्हित करने के निर्देश दिए, जहां शून्य अथवा अत्यंत कम प्रवेश हुए हैं। जसवंतनगर क्षेत्र में 181 विद्यालयों में से लगभग 100 विद्यालयों में 10 से कम प्रवेश होने पर उन्होंने नाराजगी व्यक्त करते हुए बीएसए को समीक्षा कर आवश्यक सुधारात्मक कार्रवाई करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार भरथना क्षेत्र में 193 विद्यालयों में से 2 विद्यालयों में शून्य प्रवेश पाए जाने पर कारणों का विश्लेषण करने को कहा गया। इटावा में 194 विद्यालयों में से 85 विद्यालयों में 10 से कम प्रवेश होने पर जिलाधिकारी महोदय ने कहा कि बिना विश्लेषण के स्थिति में सुधार संभव नहीं है। उन्होंने ऐसे विद्यालयों को चिन्हित कर विशेष प्रयास करने के निर्देश दिए। बैठक में जिला विद्यालय निरीक्षक अतुल सिंह, बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉ. राजेश कुमार, जिला कार्यक्रम अधिकारी लक्ष्मीकांत त्रिपाठी, जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार, समस्त खंड शिक्षा अधिकारी सहित संबंधित विभाग के अधिकारीगण उपस्थिति रहे।

अप्रैल की आईजीआरएस रैंकिंग में तहसील पुरवा और बांगरमऊ को मिला प्रदेश में प्रथम स्थान

उन्नाव (वीओएल)। डीएम घनशयाम मीना ने राजस्व कार्यों के आईजीआरएस की माह- अप्रैल 2026 की रैंकिंग में जनपद उन्नाव की दो तहसीलें पूर्वा और बांगरमऊ को प्रथम आने पर उपजिलाधिकारी पूर्वा, बांगरमऊ एवं उनकी पूरी टीम को बधाई दिया है। डीएम ने सभी उप जिलाधिकारियोंके साथ ऑनलाइन जुड़कर कहा कि जनपद की तहसील पूर्वा और बांगरमऊ प्रदेश में प्रथम आई हैं इसलिए उपजिलाधिकारी पूर्वा, बांगरमऊ और उनकी पूरी टीम अवश्य ही बधाई के पात्र हैं। डीएम ने कहा कि उपजिलाधिकारी पुरवा और उपजिलाधिकारी बांगरमऊ से अन्य उपजिलाधिकारी भी सीख लेकर प्रदेश में अपनी रैंक सुधारें। जिलाधिकारी ने कहा कि जिस प्रकार उप जिला अधिकारी पुरवा और बांगरमऊ द्वारा कड़ी मेहनत कर गंभीरता पूर्व सघन निगरानी के साथ जनपद की तहसील को प्रदेश में प्रथम लाने के लिए सराहनीय का कार्य किया है उसी प्रकार अन्य उप जिलाधिकारी गण भी सीख लेकर अपनी तहसीलों को प्रेदश में प्रथम स्थान पर लाने के लिए प्राथमिकता के साथ आवश्यक कार्यवाही करें। डीएम ने कहा कि जो शिकायत जिस श्रेणी की है उसी श्रेणी में उसका निस्तारण कराया जाए। आइजीआरएस सरकार की प्राथमिकताओं में है इसमे किसी भी प्रकार की लापरवाही की गई तो तो कठोर कार्रवाई की जाएगी। डीएम ने कहा कि सर्वप्रथम उप जिलाधिकारी प्रतिदिन संबंधित अधिकारियों के साथ समीक्षा करें, सघन निगरानी रखें। कहा की प्रयास किया जाए की जनपद की तहसीलें टॉप 10 रैंक में अवश्य रहे। डीएमने कहा कि शिकायतों का निस्तारण समयबद्ध ढंग से गुणवत्ता पूर्ण हो। शिकायतकर्ता से फीडबैक लिया जाए। शिकायत कर्ता शिकायत से संतुष्ट नहीं है तो वह निस्तारण नहीं माना जाएगा। शिकायतों का निस्तारण डिफाल्टर होने से पूर्व ही हो जाए यह विशेष ध्यान दिया जाये।

नगर पंचायत की बोरिंग रोकी, पुलिस ने थाना की भूमि बताकर कार्य रुकवाया

हिलौली, उन्नाव (वीओएल)। जिले के मौरावां में नगर पंचायत द्वारा 8 मई 2026 को सुबह कराई जा रही पेयजल बोरिंग को पुलिस ने रोक दिया। पुलिस ने इस भूमि को थाना परिसर का हिस्सा बताया है, जबकि नगर पंचायत इसे अपनी नजूल भूमि बता रही है। इस मामले को लेकर नगर पंचायत और पुलिस के बीच विवाद की स्थिति बन गई है। नगर पंचायत अध्यक्ष कुंवर विवेक सेठ ने बताया कि नगर में पिछले कुछ दिनों से पेयजल की समस्या थी, जिसके समाधान के लिए सरकार से बोरिंग स्वीकृत कराई गई थी। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत की नजूल भूमि पर कार्य शुरू किया गया था। जेसीबी ड्राइवर मुकेश ने बताया कि सुबह जब वह गड्ढा खोदने गए, तो मौरावां थाने के पहरेदार आए और उन्हें थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने थाने बुलाया। ड्राइवर के अनुसार, थाना प्रभारी ने उन्हें बोरिंग का काम रोकने को कहा और लगभग ढाई घंटे तक थाने में बिठाए रखा। इस घटना से आक्रोशित नगर पंचायत के सभी सफाई कर्मचारियों ने कार्य बहिष्कार करते हुए नगर पंचायत कार्यालय में धरना प्रदर्शन शुरू कर दिया। थाना प्रभारी कुंवर बहादुर सिंह ने बताया कि नगर के किसी भी कर्मचारी को थाने में नहीं बिठाया गया। उन्होंने कहा कि नगर पंचायत द्वारा कराई जा रही यह बोरिंग, थाना पुलिस स्टाफ के लिए हुई दो छोटी बोरिंगों के ठीक बगल में है। थाना प्रभारी के अनुसार, यदि यह बोरिंग हुई तो पुलिस स्टाफ का पानी बंद हो जाएगा। उन्होंने बताया कि यह भूमि थाना परिसर की है या नगर पंचायत की, इसकी जांच होने तक कार्य रुकवाया गया है। वहीं, लेखपाल निशांत वर्मा ने जानकारी दी कि उन्होंने मौके पर जाकर जांच की थी और जांच में यह भूमि नगर पंचायत की पाई गई है। हालांकि, उन्होंने बताया कि थाना प्रभारी अभी भी कार्य नहीं करने दे रहे हैं। मामले में उपजिलाधिकारी प्रमेश श्रीवास्तव ने बताया कि उन्होंने क्षेत्राधिकारी पुरवा से बात की है और इस मामले का जल्द ही निस्तारण किया जाएगा।

संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति

मझगांवा,गोरखपुर। भारतीय जनता पार्टी गगहा मण्डल की मासिक बैठक का आयोजन उत्साहपूर्ण माहौल में सम्पन्न हुआ। जिसमें संगठन विस्तार, बूथ सशक्तिकरण एवं आगामी कार्यक्रमों को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में कार्यकताओं को संगठन की मजबूती और जनसेवा के प्रति समर्पण के साथ कार्य करने का आह्वान किया गया। बैठक में मुख्य वक्ता के रूप में उपस्थित भाजपा जिला कार्यालय के सह मंत्री श्री अखण्ड शाही ने कहा कि संगठन की मजबूती ही भाजपा की सबसे बड़ी शक्ति है। उन्होंने कार्यकताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने तथा केंद्र एवं प्रदेश सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं को आम जनता तक पहुंचाने का आह्वान किया। विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित बांसगांव विधायक डॉ. विमलेश पासवान ने कहा कि भाजपा का लक्ष्य केवल चुनाव जीतना नहीं ब

संक्षेप

मिड-डे मील मामले में प्रधानाध्यापक निलंबित

सीतापुर। जनपद के लहरपुर विकासखंड स्थित कम्पोजिट विद्यालय तारनपुर में छात्र-छात्राओं को कीड़ेयुक्त मध्यान्ह भोजन परोसे जाने के मामले में बड़ी कार्रवाई हुई है। जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी अखिलेश प्रताप सिंह ने विद्यालय के प्रभारी प्रधानाध्यापक एवं सहायक अध्यापक नसरुल्ला खां को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। बताया गया कि 6 मई को विद्यालय में बच्चों को तहरी परोसी गई थी, जिसमें प्रयोग की गई सोयाबीन की बड़ी में कीड़े पाए गए। इसका वीडियो सोशल मीडिया और इलेक्ट्रॉनिक मीडिया पर वायरल होने के बाद जिलाधिकारी कार्यालय ने मामले को गंभीरता से लेते हुए जांच समिति गठित की थी। उपजिलाधिकारी लहरपुर और बीएसए द्वारा संयुक्त रूप से की गई स्थलीय जांच में छात्र-छात्राओं ने भी भोजन की खराब गुणवत्ता की शिकायत की। जांच में प्रथम दृष्टया लापरवाही और विभागीय निर्देशों की अवहेलना पाए जाने पर नसरुल्ला खां के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई शुरू करते हुए उन्हें निलंबित किया गया। बीएसए ने खंड शिक्षा अधिकारी परसेण्डी ऋषिकेश सिंह को जांच अधिकारी नामित करते हुए एक माह के भीतर विस्तृत जांच रिपोर्ट प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं। निलंबन अवधि में संबंधित शिक्षक को उ.प्रा.वि. बिलरिया में दैनिक उपस्थिति दर्ज कराने के आदेश दिए गए हैं।

अश्लील वीडियो वायरल होते ही टूटी शादी

सीतापुर। पिसावां थाना क्षेत्र में एक युवती की जिंदगी उस वक्त बिखर गई, जब एक युवक पर उसका अश्लील वीडियो बनाकर सोशल मीडिया पर वायरल करने का आरोप लगा। वीडियो वायरल होने के बाद युवती की तय शादी टूट गई और अब उसे जान से मारने की धमकियां मिल रही हैं। 24 वर्षीय पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि आरोपी युवक उसके घर में घुस आया और उसका अश्लील वीडियो बना लिया। कुछ समय बाद वही वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल कर दिया गया। वीडियो सामने आते ही युवती की सामाजिक प्रतिष्ठा को गहरा आघात पहुंचा और उसका रिश्ता भी टूट गया। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी ने उसके होने वाले ससुराल पक्ष को अश्लील फोटो और वीडियो भेज दिए, जिसके बाद शादी से इनकार कर दिया गया। युवती जब शिकायत लेकर आरोपी के घर पहुंची तो वहां मौजूद उसके पांच साथियों ने गाली-गलौज की, अभद्रता की और जान से मारने की धमकी देकर भगा दिया। इस दौरान मुख्य आरोपी मौके से फरार हो गया। घटना से आहत युवती शुक्रवार को थाने पहुंची और पूरे मामले की शिकायत दर्ज कराई। थाना प्रभारी वीरेंद्र सिंह तोमर ने बताया कि पीड़िता की तहरीर के आधार पर छह लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। पुलिस आरोपियों की तलाश में जुटी है और मामले की जांच की जा रही है।

बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित करें

जिला संवाददाता(vol)

सीतापुर। बढ़ती गर्मी और बिजली कटौती की शिकायतों के बीच जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने विद्युत विभाग पर सख्ती दिखाते हुए साफ चेतावनी दी है कि रोस्टर के मुताबिक बिजली आपूर्ति हर हाल में सुनिश्चित की जाए।

गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में डीएम ने बिजली विभाग के अधिकारियों की जमकर क्लास लगाई और कहा कि लापरवाही किसी भी कीमत पर बर्दाश्त नहीं की जाएगी। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि गर्मी के मौसम में लोगों को निर्बाध बिजली मिलना बेहद जरूरी है। इसलिए जहां भी ट्रांसफार्मर खराब हों, उन्हें तत्काल ठीक कराया जाए ताकि उपभोक्ताओं को घंटों अंधेरे में न रहना पड़े। उन्होंने यह भी निर्देश दिए कि विद्युत आपूर्ति से जुड़ी शिकायतों और गलत बिलिंग मामलों का गुणवत्तापूर्ण व समयबद्ध निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। डीएम ने संचालित विद्युत परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए कहा कि सभी कार्य तय समयसीमा के भीतर और गुणवत्ता के साथ पूरे होने चाहिए। उन्होंने राजस्व वसूली में तेजी लाने और बिजली चोरी रोकने के लिए प्रभावी प्रवर्तन कार्रवाई के भी निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंताओं समेत कार्यदायी संस्थाओं के प्रतिनिधि मौजूद रहे। जिलाधिकारी के सख्त तेवरों के बाद विभागीय अधिकारियों में हड़कंप का माहौल दिखाई दिया। माना जा रहा है कि अब बिजली व्यवस्था में लापरवाही करने वाले अधिकारियों पर कार्रवाई भी हो सकती है।

डीएम ने अफसरों को दी सख्त चेतावनी

सीतापुर। जिलाधिकारी डॉ. राजागणपति आर. ने गुरुवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित जिला ई-गवर्नेंस सोसायटी की समीक्षा बैठक में अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि जनता से जुड़े सभी कार्य तय समयसीमा में पूरे किए जाएं। उन्होंने कहा कि ई-डिस्ट्रिक्ट के माध्यम से जारी होने वाले सभी प्रमाण-पत्र समय पर उपलब्ध कराना सुनिश्चित किया जाए, ताकि आम लोगों को अनावश्यक परेशानियों का सामना न करना पड़े। डीएम ने आईजीआरएस पोर्टल, जनसुनवाई और अन्य माध्यमों से मिलने वाली शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण निस्तारण पर विशेष जोर दिया। उन्होंने चेतावनी दी कि कोई भी शिकायत डिफाल्टर श्रेणी में नहीं जानी चाहिए। बैठक में ई-डिस्ट्रिक्ट से जुड़ी अवस्थापना सुविधाओं पर भी चर्चा हुई और आवश्यक प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। बैठक में नगर मजिस्ट्रेट मीनाक्षी पांडेय सहित संबंधित अधिकारी मौजूद रहे।

तेज रफ्तार ने छीना मां का साया

सीतापुर। सिधौली क्षेत्र में शुक्रवार शाम हुए दर्दनाक सड़क हादसे में सात बच्चों की मां की मौत हो गई, जबकि बाइक चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। हादसे के बाद परिवार में कोहराम मच गया। ग्राम गुरैनी निवासी 38 वर्षीय सुमन पत्नी सरोज मायके शाहबाजपुर से घर लौट रही थीं। यादव भट्टे के पास पीछे से आ रही तेज रफ्तार फोर व्हीलर संख्या यूपी 32 क्यूवाई 7911 ने बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी भीषण थी कि सुमन सड़क पर गिरकर गंभीर घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से दोनों घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सिधौली पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने सुमन को मृत घोषित कर दिया। घायल बाइक चालक का इलाज जारी है। मृतका अपने पीछे छह बेटियां और एक बेटा छोड़ गई हैं। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। प्रभारी निरीक्षक विजेंद्र सिंह ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है।

ब्रिटेन से मिला सीवेज शुद्धिकरण तकनीक को पेटेंट, जिले का बढ़ा मान

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। कृषक समाज इंटर कॉलेज के जीव विज्ञान प्रवक्ता डॉ. अनिल कुमार और उनकी टीम को घरेलू सीवेज जल शुद्धिकरण तकनीक विकसित करने पर ब्रिटेन सरकार के बौद्धिक संपदा कार्यालय से डिजाइन पंजीकरण मिला है। इस उपलब्धि से विद्यालय समेत पूरे जिले का नाम अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चर्चा में आया है। डॉ. अनिल कुमार, डॉ. रमेश चन्द्र, डॉ. मनोज गुप्ता और डॉ. धर्मेन्द्र की टीम ने पोर्टेबल हाइड्रोबायोलॉजिकल डोमेस्टिक सीवेज ट्रीटमेंट डिवाइस विकसित किया है। इस उपकरण को यूके डिजाइन के तहत पंजीकृत किया गया है। डॉ. अनिल कुमार ने बताया कि डिवाइस में जलीय पौधों, सूक्ष्मजीवों और प्राकृतिक जैविक फिल्ट्रेशन प्रणाली का उपयोग किया गया है। घरेलू उपयोग के बाद निकलने वाले साबुनयुक्त पानी, तेल और गंदगी को यह तकनीक उपचारित कर काफी हद तक स्वच्छ बना देती है। उन्होंने बताया कि बिना उपचार के यह पानी पर्यावरण और मानव स्वास्थ्य के लिए खतरा बनता है। उपकरण में फिल्ट्रेशन, सेडिमेंटेशन, हाइड्रोबायोलॉजिकल ट्रीटमेंट और बायोलॉजिकल फिल्टर चैंबर लगाए गए हैं। गंदा पानी कई चरणों से गुजरने के बाद उपचारित होता है। उपचारित पानी पीने योग्य नहीं होता, लेकिन इसका उपयोग सिंचाई, बागवानी और अन्य गैर पेय घरेलू कार्यों में किया जा सकता है। विशेषज्ञों का मानना है कि यह तकनीक ग्रामीण क्षेत्रों और छोटे कस्बों में बेहद उपयोगी साबित हो सकती है, जहां बड़े सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट स्थापित करना संभव नहीं होता। इस उपलब्धि पर कॉलेज प्रबंधक रवि प्रकाश वर्मा, जिला विद्यालय निरीक्षक विनोद कुमार मिश्रा, प्रधानाचार्य अनंत प्रकाश सरोज, जिला समन्वयक रमसा विजय कुमार, अभय अग्निहोत्री समेत शिक्षकों और कर्मचारियों ने डॉ. अनिल कुमार व उनकी टीम को बधाई दी।

आईजीआरएस निस्तारण में गोला तहसील प्रदेश में अव्वल

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मुख्यमंत्री जनसुनवाई पोर्टल (आईजीआरएस) पर शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में गोला तहसील ने प्रदेश स्तर पर पहला स्थान हासिल किया है। जारी रैंकिंग में तहसील को 100 में 100 अंक प्राप्त हुए हैं। उपलब्धि के बाद तहसील प्रशासन में उत्साह का माहौल है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी के नेतृत्व में गोला तहसील लगातार जनशिकायतों के त्वरित और प्रभावी निस्तारण को लेकर बेहतर प्रदर्शन कर रही है। तहसील पूर्व में भी आईजीआरएस निस्तारण और शिकायतों के समाधान में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रदेश और मंडल स्तर पर बेहतर रैंकिंग प्राप्त कर चुकी है। एसडीएम प्रतीक्षा त्रिपाठी ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप प्रत्येक शिकायत का समयबद्ध और गुणवत्तापूर्ण निस्तारण प्राथमिकता पर किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि फरियादियों की समस्याओं को गंभीरता से सुनकर उनका समाधान सुनिश्चित कराया जा रहा है, जिससे आम लोगों का प्रशासन पर विश्वास मजबूत हो सके। प्रशासनिक अधिकारियों का कहना है कि शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग और प्रभावी कार्यशैली के चलते गोला तहसील को यह उपलब्धि हासिल हुई है।

गन्ना समिति ऐरा ने शुरू किया गन्ना सर्वे

धौरहरा खीरी। गन्ना विकास समिति ऐरा और गुलरिया चीनी मिल ने बुवारू गन्ना सर्वे और पेड़ी गन्ना सत्यापन सुरु कर दिया है। साथ ही नए सट्टा बनाने के लिए भी आवेदन लिए जा रहे हैं। धौरहरा तहसील क्षेत्र के कफारा, लौखनिया, अभयपुर, टेकीकुंडा, घुरघुट्टा बुजुर्ग, होलागढ़, जटपुरवा, बुचवा, सहित गांवों में गन्ना विकास समिति ऐरा और गुलरिया चीनी मिल ने किसानों के पौधे गन्ना का सर्वे और पेड़ी गन्ना का सत्यापन मशीन द्वारा सुरु कर दिया है। शुक्रवार को कफारा गन्ना सर्वे करने खेतों में पहुंचे गन्ना परिवेक्षक अजय कुमार मिश्रा ने? बताया किसान अपने खेतों में मौजूद रहकर गन्ना सर्वे और पेड़ी सत्यापन करवाकर रसीद प्राप्त कर ले। इसके अलावा जिन नए किसानों को सट्टा बनवाना है वह समिति से 221 रुपए की सदस्यता रसीद कटवा ले। गन्ना किसानों के लिए गन्ना समिति ऐरा पर खाद उपलब्ध है, जो किसान गन्ना सट्टा धारक है उसे ऋण पर खाद और अनुदान पर कीटनाशक दवाएं और उपकरण दिए जा रहे हैं। गन्ना परिवेक्षक अजय मिश्रा ने बताया किसानों अपने गन्ना सप्लाई कोड़ पर बेसिक कोटा के आधार पर खाद और दवाएं ले सकते हैं, खाद पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध है।

सीडीओ की दूरदृष्टि से शहर को मिलेंगे दो नये फोरलेन

लखीमपुर खीरी। शहर की तस्वीर बदलने की दिशा में सीडीओ अभिषेक कुमार ने एक और बड़ी पहल की है। उनकी सक्रियता और दूरदर्शी सोच के चलते शहर को जल्द ही दो नए फोरलेन मार्गों की सौगात मिलने जा रही है। सीडीओ ने अफसरों की टीम के साथ दोनों प्रस्तावित मार्गों का स्थलीय निरीक्षण कर तेजी से प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिए हैं, ताकि इसे शीघ्र शासन को स्वीकृति के लिए भेजा जा सके।

सीडीओ अभिषेक कुमार की प्राथमिकता में शामिल रामापुर तिराहे से नौरंगाबाद शहर सीमा तक करीब 2.9 किलोमीटर लंबा मार्ग अब फोरलेन में तब्दील होगा। यह सड़क लंबे समय से बढ़ते ट्रैफिक दबाव से जूझ रही थी, लेकिन अब इस परियोजना के जरिए शहरवासियों को बड़ी राहत मिलने की उम्मीद है। वहीं दूसरी महत्वाकांक्षी योजना के तहत डॉन बॉस्को नहर से गोला रोड तक 4.6 किलोमीटर लंबाई में नहर पटरी मार्ग को भी फोरलेन बनाने की तैयारी शुरू हो गई है। इस परियोजना की खास बात यह है कि सीडीओ अभिषेक कुमार ने सिर्फ सड़क चौड़ीकरण ही नहीं, बल्कि नहर की उपयोगिता बढ़ाने का भी खाका तैयार कराया है। योजना के तहत नहर को अधिक गहरा और व्यवस्थित किया जाएगा, जिससे उसकी जलधारण क्षमता बढ़ेगी और दोनों ओर की पटरी को चौड़ा कर बेहतर सड़क बनाई जा सकेगी।

सीडीओ अभिषेक कुमार की कार्यशैली का असर अब शहर के विकास कार्यों में साफ दिखाई देने लगा है। उनकी पहल पर राजापुर चौराहे से डॉन बॉस्को नहर पटरी तक फोरलेन मार्ग पहले ही तैयार हो चुका है, जबकि संकटा देवी चौराहे से लालपुर स्टेडियम तक फोरलेन निर्माण की प्रक्रिया तेजी से आगे बढ़ रही है।

सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संसद पदाधिकारियों ने ली शपथ

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। सरस्वती शिशु मंदिर में छात्र संसद शिशु भारती एवं कन्या भारती सत्र 2026-27 के नवनिर्वाचित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ, जिसमें छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि शीतेष झा एडवोकेट हाईकोर्ट लखनऊ तथा पूर्व प्रधानाचार्य विजय प्रकाश मिश्रा ने मां सरस्वती के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलित एवं पुष्प अर्पित कर किया। इसके बाद अभिभावक सदस्य ओम नारायण मिश्र ने अतिथियों का अंगवस्त्र देकर स्वागत किया। प्रधानाचार्य रामकुमार वर्मा ने अतिथियों का परिचय कराया, जबकि छात्र संसद प्रमुख नागेंद्र सिंह ने छात्र संसद गठन की प्रक्रिया और उसके उद्देश्य पर प्रकाश डाला। इसके बाद मुख्य अतिथि ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। शिशु भारती के अध्यक्ष पद पर विभु मिश्रा तथा शिशु वाटिका के अध्यक्ष पद पर अवनीश यादव का चयन किया गया। वहीं शिशु भारती की मंत्री काव्या श्रीवास्तव और शिशु वाटिका के मंत्री पद पर रूद्र पटेल चुने गए। कार्यक्रम में विद्यालय के समस्त आचार्य बंधु एवं आचार्य बहनें मौजूद रहीं।

डीएम ने किसानों से पूछा-एमएसपी मिल रहा या नहीं

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। गेहूं खरीद व्यवस्था की हकीकत परखने

शुक्रवार को डीएम अंजनी कुमार सिंह अचानक कृषि उत्पादन मंडी समिति पहुंच गए। अफसरों और कर्मचारियों में उस समय हलचल मच गई जब डीएम सीधे गेहूं क्रय केंद्रों पर पहुंचकर किसानों से आमने-सामने बात करने लगे। उनके साथ डिप्टी आरएमओ नमन पाण्डेय भी मौजूद रहे।

सबसे पहले डीएम खाद्य विभाग के गेहूं क्रय केंद्र पहुंचे, जहां मितौली तहसील के ग्राम देतेलीकला निवासी किसान अवतार सिंह और अमरजीत सिंह का गेहूं तौला जा रहा था। डीएम ने किसानों से सीधा सवाल किया। कोई दिक्कत तो नहीं हो रही? किसानों ने साफ कहा कि न्यूनतम समर्थन मूल्य पर बिना परेशानी खरीद हो रही है। किसानों के लिए रखे पानी और गुड़ की व्यवस्था भी डीएम ने देखी। इसी दौरान उन्होंने खुद किसान को गुड़ खिलाकर व्यवस्थाओं का फीडबैक लिया। इसके बाद डीएम सहकारिता विभाग के क्रय केंद्र पहुंचे, जहां सिवकहा निवासी हरमन अपने पिता बलदेव सिंह की उपज बेचने आए थे। डीएम ने खरीद संबंधी अभिलेख खंगाले और किसान से लंबी बातचीत कर उपज, तौल और भुगतान प्रक्रिया की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान डीएम ने खाद्य विभाग एवं सहकारिता विभाग के क्रय केंद्रों का जायजा लिया। मंडी द्वितीय में अब तक 56 किसानों से 4000 कुंतल गेहूं की खरीद हुई है, जिसमें 1722 कुंतल का प्रेषण हो चुका है

- मंडी में नीलामी प्रकिया पर डीएम सख्त, बोले-नियम से होगी बोली, वीडियो बनाकर भेजो

तथा 2278 कुंतल अवशेष है। वहीं यूपीपीसीयू बी-पैक्स केंद्र पर 15 किसानों से 600 कुंतल गेहूं की खरीद की गई।

निरीक्षण के दौरान मंडी में नीलामी प्रक्रिया को लेकर शिकायत सामने आई कि बोली ऊपर से नीचे की जा रही है। इस पर डीएम का रुख सख्त दिखा। उन्होंने मंडी सचिव को फटकार लगाते हुए स्पष्ट निर्देश दिए कि नीलामी पूरी तरह नियमानुसार कराई जाए और मंडी निरीक्षक इसकी निगरानी सुनिश्चित करें। साथ ही चबूतरे की नीलामी प्रक्रिया का वीडियो बनाकर उपलब्ध कराने के निर्देश भी दिए। डीएम ने मंडी में स्थापित विभिन्न एजेंसियों के क्रय केंद्रों और वहां हुई खरीद की प्रगति की भी विस्तार से समीक्षा की।

महोली में खाद कालाबाजारी पर फूटा किसानों का गुस्सा

सीतापुर। महोली तहसील के बड़ा गांव क्षेत्र में यूरिया खाद की कालाबाजारी और किसानों से जबरन अतिरिक्त सामान खरीदवाने के आरोपों ने किसानों में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। किसानों का आरोप है कि कुछ निजी खाद विक्रेता सरकार द्वारा निर्धारित 266 प्रति बोरी की यूरिया को 500 तक में बेच रहे हैं।

पीड़ित किसानों मनीष कुमार, राधेश्याम, नरेश सिंह, रामस्वरूप, रमेश, दीपू समेत कई किसानों ने संयुक्त किसान मोर्चा के संयोजक पिंदर सिंह सिद्धू को शिकायत देकर बताया कि खाद लेने पहुंचे किसानों को जबरन जिंक और अन्य दवाइयां भी खरीदने के लिए मजबूर किया जा रहा है। किसानों का कहना है कि बिना अतिरिक्त सामान खरीदे उन्हें यूरिया नहीं दी जा रही। सूचना मिलने पर पिंदर सिंह सिद्धू मौके पर पहुंचे और किसानों की समस्याएं सुनीं। किसानों ने आरोप लगाया कि खेती की लागत पहले ही लगातार बढ़ रही है, ऊपर से खाद की कालाबाजारी ने उनकी कमर तोड़ दी है। संयुक्त किसान मोर्चा ने कृषि विभाग से पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषी दुकानदारों पर सख्त कार्रवाई की मांग की है। साथ ही खाद विक्रेताओं को चेतावनी दी गई है कि किसानों का शोषण बंद किया जाए और निर्धारित मूल्य पर ही खाद उपलब्ध कराई जाए। क्षेत्र के किसानों ने प्रशासन से तत्काल हस्तक्षेप कर राहत दिलाने की मांग की है। किसानों का कहना है कि यदि जल्द कार्रवाई नहीं हुई तो बड़ा आंदोलन किया जाएगा।

दंगा नियंत्रण अभ्यास से मुस्तैदी का दिया संदेश

सीतापुर। रिजर्व पुलिस लाइन का परेड ग्राउंड शुक्रवार को अचानक सायरनों, धमाकों और जवानों की तेज आवाजों से गूंज उठा। एक पल को ऐसा लगा मानो

शहर में कोई बड़ा बवाल खड़ा हो गया हो, लेकिन यह सब आकस्मिक हालात से निपटने के लिए पुलिस का विशेष दंगा नियंत्रण अभ्यास था। पुलिस अधीक्षक अंकुर अग्रवाल के निर्देशन में आयोजित इस मॉक ड्रिल में पुलिस जवानों ने बलवाइयों से निपटने, भीड़ को नियंत्रित करने और कानून व्यवस्था बनाए रखने की रणनीति का प्रदर्शन किया। जवान हेलमेट, बॉडी प्रोटेक्टर और दंगा नियंत्रण उपकरणों से लैस नजर आए। अभ्यास के दौरान आंसू गैस, लाठीचार्ज और सुरक्षा घेरा बनाकर उपद्रवियों को काबू करने की तकनीकों का प्रदर्शन किया गया। मैदान में दौड़ते जवानों और लगातार मिल रहे आदेशों के बीच पूरा माहौल किसी वास्तविक आपात स्थिति जैसा दिखाई दिया। अपर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी दुर्गेश कुमार सिंह और अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी आलोक सिंह ने जवानों को हर परिस्थिति में संयम और सतर्कता बनाए रखने के निर्देश दिए। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि इस तरह के अभ्यास का उद्देश्य पुलिस बल को हर चुनौती के लिए तैयार रखना है ताकि किसी भी आकस्मिक स्थिति में तुरंत प्रभावी कार्रवाई कर आमजन की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

ईसानगर ब्लॉक में पंचायत की बैठक संपन्न

लखीमपुर खीरी। ईसानगर ब्लॉक सभागार में आयोजित क्षेत्र पंचायत बैठक में क्षेत्रीय विधायक विनोद शंकर अवस्थी जनसमस्याओं को लेकर पूरी तरह मुखर नजर आए।

बैठक के दौरान जल जीवन मिशन के तहत पाइप लाइन डालने के लिए खोदी गई सड़कों की बदहाल स्थिति का मुद्दा प्रमुखता से उठा। प्राप्त विवरण के अनुसार क्षेत्र पंचायत की बैठक में विधायक ने अधिकारियों को स्पष्ट शब्दों में कहा कि जनता की सुविधा से किसी भी प्रकार का समझौता बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। उन्होंने निर्देश दिए कि जिन गांवों में सड़कें खोदकर छोड़ दी गई हैं, वहां तत्काल गुणवत्ता पूर्ण मरम्मत कराई जाए ताकि ग्रामीणों को परेशानी का सामना न करना पड़े। विधायक विनोद शंकर अवस्थी ने कहा कि सरकार गांव, गरीब, किसान और जरूरतमंदों के उत्थान के लिए लगातार कार्य कर रही है। योजनाओं का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे, यह जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों की संयुक्त जिम्मेदारी है। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल कागजों तक सीमित न रहें, बल्कि धरातल पर भी दिखाई देने चाहिए। बैठक में विधायक ने अधिकारियों से जनसमस्याओं के समाधान में संवेदनशीलता और जवाबदेही के साथ कार्य करने की बात कही। उन्होंने विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता बनाए रखने पर भी जोर दिया। विधायक के संबोधन के दौरान मौजूद क्षेत्र पंचायत सदस्यों और ग्रामीण प्रतिनिधियों ने भी सहमति जताई। इस दौरान बाल विकास परियोजना अधिकारी ने विभागीय योजनाओं की जानकारी दी, जबकि पशु चिकित्सा अधिकारी ने पशुओं में फैलने वाले रोगों और टीकाकरण अभियान के संबंध में विस्तार से बताया। खंड विकास अधिकारी ने विकास खंड में संचालित योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की।

रेलवे ट्रैक पर पलटा मिट्टी भरा डंपर, कई ट्रेनें घंटों लेट

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। मैलानी-लखनऊ रेलखंड के रजागंज हॉल्ट पर मिट्टी से भरा डंपर रेलवे ट्रैक पर पलट जाने से रेल यातायात बाधित हो गया। हादसे के बाद कई ट्रेनों को घंटों तक रोकना पड़ा, जिससे यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा। बताते हैं कि गया कि रेलवे ट्रैक के पास चल रहे कार्य के दौरान मिट्टी लेकर जा रहा डंपर अचानक अनियंत्रित होकर ट्रैक पर पलट गया। हादसे में चालक समेत कुछ मजदूरों को चोटें आई हैं। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई और रेलवे अधिकारियों में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने ठेकेदार की लापरवाही को हादसे की वजह बताया है। आरोप है कि रेलवे स्टेशन परिसर के आसपास से ही मिट्टी की खुदाई कराई जा रही थी। वहीं कार्य रेलवे के सीनियर सेक्शन इंजीनियर धनंजय सिंह की देखरेख में कराया जा रहा था। हादसे के बाद रेलवे कर्मियों ने जेसीबी और अन्य संसाधनों की मदद से डंपर हटाने का काम शुरू किया। ट्रैक साफ होने तक कई ट्रेनें प्रभावित रहीं। रेलवे अधिकारियों ने मामले की जांच शुरू कर दी

इग्नू में पुनः पंजीकरण प्रक्रिया शुरू

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। वीओएल। इंदिरा गांधी राष्ट्रीय मुक्त विश्वविद्यालय के अध्ययन केन्द्र सीजीएन पीजी कॉलेज में जुलाई सत्र के लिए री-रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया शुरू हो गई है। विद्यार्थी 30 जून तक ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे। इग्नू क्षेत्रीय केन्द्र लखनऊ के वरिष्ठ क्षेत्रीय निदेशक एवं प्रमुख डॉ. अनिल कुमार मिश्रा ने बताया कि वर्तमान में पंजीकृत ओडीएल एवं ऑनलाइन मोड के स्नातक और परास्नातक विद्यार्थियों के लिए अगले सेमेस्टर एवं वर्ष में प्रवेश की प्रक्रिया प्रारम्भ कर दी गई है। उन्होंने कहा कि इग्नू के माध्यम से विद्यार्थी उच्च शिक्षा के साथ अपने ज्ञान और कौशल का भी विकास कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से अपील की कि सत्रांत परीक्षाओं में शामिल होने से पहले ही पुनः पंजीकरण करा लें, ताकि उनकी पढ़ाई बिना रुकावट जारी रह सके। आवेदन प्रक्रिया विश्वविद्यालय के आईजीएनओयू समर्थ एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन माध्यम से पूरी की जा सकती है। क्षेत्रीय निदेशक डॉ. अनामिका सिन्हा ने बताया कि अध्ययन केन्द्र को परीक्षा केन्द्र भी बनाया गया है।

ऑटो ने बुजुर्ग महिला की जान ली बाइक भिड़ंत में दो युवक घायल

सीतापुर। शुक्रवार को अलग-अलग सड़क हादसों ने तीन परिवारों को दर्द दे दिया। कोतवाली देहात क्षेत्र में तेज रफ्तार ऑटो की टक्कर से एक बुजुर्ग महिला की मौत हो गई, जबकि खैराबाद थाना क्षेत्र में दो बाइकों की भिड़ंत में दो युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। कोतवाली देहात के अकबरपुर गांव निवासी जगदेई (65) शुक्रवार शाम बाजार जाने के लिए घर से निकली थीं। सड़क पार करते समय तेज रफ्तार ऑटो ने उन्हें जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में वह गंभीर रूप से घायल हो गईं। स्थानीय लोगों की मदद से उन्हें जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। मृतका के बेटे प्रकाश ने बताया कि उनकी मां बाजार जा रही थीं तभी हादसा हुआ। घटना के बाद ऑटो चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेजकर जांच शुरू कर दी है। उधर, खैराबाद थाना क्षेत्र के सिपाह गांव के पास शुक्रवार दोपहर दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत में भूरे निवासी मातनपुर और सलमुईद्दीन निवासी तुरसेना गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने दोनों को सीएचसी खैराबाद में भर्ती कराया। थाना प्रभारी अनिल सिंह ने बताया कि मेडिकल रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

संक्षेप

जमीन के विवाद को लेकर दो पक्षों में मारपीट, कई घायल

चांदा, सुलतानपुर। चांदा कोतवाली क्षेत्र के ग्राम छतौना कला में शुक्रवार सुबह जमीनी विवाद को लेकर दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हो गई। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों में लाठी-डंडे चलने लगे, जिससे एक ही परिवार के कई लोग घायल हो गए। घटना के बाद गांव में तनाव का माहौल बन गया। सुबह करीब 5 बजे खेताऊ पाल पुत्र नोखई, उनकी पत्नी शीला और पुत्री निशा का अपने ही परिवार के लोगों से जमीन को लेकर विवाद हो गया। आरोप है कि खेताऊ के सगे भाई गोवर्धन पाल पुत्र नोखई, अंकित पाल पुत्र गोवर्धन, शोभा देवी पत्नी गोवर्धन, प्रीति पाल पत्नी राजेश, धर्मेंद्र पाल पुत्र दूधनाथ पाल, अशोक पाल उर्फ बंटी पुत्र रामअजोर, रमाशंकर पुत्र राम आसरे समेत कुछ अन्य लोगों ने कहासुनी के बाद लाठी-डंडों से हमला कर दिया। मारपीट में खेताऊ के सिर में चोटें आईं, जबकि उनकी पत्नी शीला के ठोढ़ी, जबड़े और शरीर के अन्य हिस्सों में गहरी अंदरूनी चोटें बताई जा रही हैं। पुत्री निशा भी घायल हुई है। ग्रामीणों के हस्तक्षेप के बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। पीड़ित पक्ष घटना के बाद थाना चांदा पहुंचा और कोतवाली प्रभारी अमित कुमार मिश्रा को लिखित तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की। वहीं जानकारी मिली है कि दूसरा पक्ष थाने जाने के बजाय सीधे सुल्तानपुर चला गया। पीड़िता शीला ने मारपीट के दौरान गले से सोने का लॉकेट गायब होने का तथा निशा के कान तथा नाक के गहने गायब होने का आरोप लगाया है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

रत्नेश मिश्र हत्याकांड में पिता ने दी गवाही

सुलतानपुर। रत्नेश मिश्र हत्याकांड में पिता संतोष मिश्रा ने शुक्रवार को कोर्ट में गवाही दी। उनसे बचाव पक्ष ने जिरह की लेकिन पूरी नहीं हुई। अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता रवि शुक्ल ने बताया कि जिला जज सुनील कुमार ने जिरह के लिए 11 मई की तिथि तय की है। अमेठी जिले के मुसाफिरखाना कोतवाली के पिंडारा ठाकुर गांव निवासी रत्नेश मिश्र उर्फ शिवा की नहर की पटरी पर 23 दिसंबर 2025 को आरोपितों ने धारदार हथियार से मारकर हत्या कर दी थी। मृतक के पिता संतोष मिश्र ने गांव के शिवपूजन यादव, राहुल यादव, अमित यादव, ललित यादव, पंकज यादव व अंकित यादव उर्फ लालू यादव के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कराया था।

करंट से महिला की मौत

दोस्तपुर, सुलतानपुर। दोस्तपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खालिसपुर डींगुर गांव में शुक्रवार सुबह एक दर्दनाक हादसे में महिला की मौत हो गई। घर में लगे फरार्टे पंखे में अचानक करंट उतर आने से 35 वर्षीय निशा उसकी चपेट में आ गईं। हादसे के बाद परिवार में चीख-पुकार मच गई और परिजन आनन-फानन में उन्हें सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र दोस्तपुर लेकर पहुंचे। सीएचसी में इमरजेंसी ड्यूटी पर तैनात डॉ. हेमंत वर्मा ने जांच के बाद महिला को मृत घोषित कर दिया। डॉक्टरों की सूचना के बाद परिवार पर दुखों का पहाड़ टूट पड़ा। घटना की खबर मिलते ही गांव में शोक की लहर दौड़ गई और बड़ी संख्या में ग्रामीण मृतका के घर पहुंच गए। बताया जा रहा है कि मृतका के पति अरविंद दोस्तपुर पावर हाउस पर संविदा लाइनमैन के रूप में कार्यरत हैं। निशा अपने पीछे पति और चार वर्षीय मासूम बेटे आयुष को छोड़ गई हैं।

विधायक सदर व प्रमुख अमावां ने 16 कार्यों का किया लोकार्पण

बैठक में विधायक सदर व प्रमुख अमावां ने बांटीं ट्राई साइकिलें

जिला संवाददाता (vol)

रायबरेली। विकास खण्ड अमावां सभागार में पूर्व निर्गत एजेण्डे के क्रम में क्षेत्र पंचायत अमावां की सामान्य बैठक विधायक सदर अदिति सिंह व प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमावां वैशाली सिंह की संयुक्त अध्यक्षता में की गई। बैठक में क्षेत्र पंचायत अमावां द्वारा कराये गये 16 कार्यों का लोकार्पण विधायक सदर व प्रमुख अमावां द्वारा किया गया।

बैठक का कोरम पूर्ण रहा। बैठक के दौरान गत बैठक की कार्यवाही की पुष्टि सहित विभिन्न विभागों के खण्ड स्तरीय अधिकारियों द्वारा विभिन्न योजनाओं, कार्यक्रमों के विषय में सदन के सदस्यों को अवगत कराया गया। प्रमुख ने अपने सम्बोधन के दौरान समस्त विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों से आमजन की समस्याओं के त्वारित निस्तारण व गांव में चैपाल लगाकर गांव की समस्याओं को गांव में ही निस्तारित कराने के निर्देश दिये गये। बैठक के दौरान ग्राम प्रधानों ने जल जीवन मिशन अन्तर्गत कराये जा रहे कार्यों तथा ग्राम पंचायत में जल जीवन मिशन के कार्य कराये जाने दौरान खराब सडकों का सत्यापन कराकर उच्चाधिकारियों को प्रेषित करने का प्रस्ताव पारित किया गया। बैठक के दौरान सदस्यों द्वारा नये कार्यों हेतु प्रस्ताव भी उपलब्ध करयाा गया।

बैठक के पश्चात विधायक सदर व प्रमुख अमावां द्वारा ट्राई साइकिलें भी वितरित की गयी। सदर विधायक विकास खण्ड से संचालित योजनाओं के ग्राम पंचायत स्तर पर प्रचार-प्रसार तथा इन योजनाओं को ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत भवन के माध्यम से संचालित कराने के कार्य में तीव्रता लाने के निर्देश दिये गये।

बैठक के दौरान उप मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी, खण्ड शिक्षा अधिकारी, सहायक विकास अधिकारी (पं०), अवर अभियन्ता (लघु सिंचाई एवं ग्रा०अभि०वि०), क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी, समस्त ग्राम पंचायत सचिव और प्रधान संघ अध्यक्ष अमावां, एवं पूर्व प्रमुख क्षेत्र पंचायत अमावां आदि उपस्थित रहे।

जबरन जहर देकर विवाहिता की हत्या का लगाया आरोप

महराजगंज रायबरेली। चंदापुर थाना क्षेत्र के औली मजरे समरहदा गांव में 35 वर्षीय विवाहिता की कथित तौर पर जहर खाने से मौत हो गई। वहीं मायके पक्ष ने ससुराल पक्ष पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा है कि पहले उनकी बेटी के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और बाद में जबरन जहर देकर उसकी हत्या कर दी गई।

जनकारी के अनुसार मृतका के पिता राम अधार पुत्र रामफेर निवासी पूरे लोखड़िया मजरे मखदूमपुर थाना चंदापुर ने पुलिस को दी गई तहरीर में बताया कि उनकी पुत्री प्रीति का विवाह औलीपुर मजरे समरहदा निवासी अखिलेश यादव पुत्र रामबहादुर के साथ हुआ था। आरोप है कि गुरुवार 7 मई की रात लगभग आठ बजे ससुराल पक्ष के लोगों ने प्रीति के साथ मारपीट की। देर रात करीब 12 बजे उन्हें सूचना मिली कि, उनकी बेटी ने जहर खा लिया है।

सूचना मिलते ही परिजन आनन-फानन में बेटी की ससुराल पहुंचे, जहां पता चला कि, उसे अस्पताल ले जाया गया है। मायके पक्ष का आरोप है कि, गांव के लोगों से पूछताछ करने पर जानकारी मिली कि, प्रीति को उसके पति और ससुराल पक्ष के अन्य लोगों ने बुरी तरह पीटा था। इसी दौरान अस्पताल से दामाद का फोन आया कि इलाज के दौरान प्रीति की मौत हो गई है। घटना की जानकारी मिलते ही परिजनों ने डायल 112 पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंची चंदापुर पुलिस ने घटनास्थल का जायजा लिया और लोगों से पूछताछ की।मृतका के पिता ने आरोप लगाया कि, उनकी बेटी को शादी के बाद से लगातार प्रताड़ित किया जाता था तथा उसके साथ आए दिन मारपीट की घटनाएं होती थीं। इस संबंध में पूर्व में भी थाने में शिकायत दी जा चुकी थी।

- पुलिस जांच में जुटी

पुलिस को दी गई तहरीर में पति अखिलेश यादव, कमलेश यादव, शांति देवी, रामबहादुर, संगीता और गीता समेत कुल छह लोगों को नामजद किया गया है। मायके पक्ष ने आरोप लगाया है कि, सभी आरोपियों ने मिलकर पहले प्रीति के साथ मारपीट की और बाद में जबरन जहर देकर उसकी हत्या कर दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है तथा मामले की जांच शुरू कर दी है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि, पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद मौत के वास्तविक कारण स्पष्ट हो सकेंगे। रिपोर्ट और जांच के आधार पर दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या

पीपरपुर, अमेठी। जनपद के पीपरपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत खानापुर गांव में शुक्रवार को दिनदहाड़े युवक की गोली मारकर हत्या किए जाने से इलाके में सनसनी फैल गई। घटना के बाद गांव में हड़कंप मच गया, जबकि मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल है। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। पुलिस पूरे मामले की जांच पड़ताल में जुटी है। बताया जा रहा है कि गांव के ही एक युवक ने अवैध पिस्टल दिखाने के बहाने मृतक युवक को अपने पास बुलाया था। इसी दौरान अचानक युवक के सीने में गोली मार दी गई। गोली चलने की आवाज सुनकर आसपास के लोग और परिजन मौके की ओर दौड़े। आनन-फानन में घायल युवक को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। मृतक के परिजनों ने गांव के ही एक युवक पर हत्या का आरोप लगाया है, जो ग्राम प्रधान प्रतिनिधि का मौसेरा भाई बताया जा रहा है। वारदात के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। सूचना पर पहुंची पीपरपुर थाना पुलिस ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजते हुए जांच शुरू कर दी है। गांव में तनावपूर्ण स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात किया गया है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि मामले की हर पहलू से जांच की जा रही है और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

- पीपरपुर थाना क्षेत्र के खानापुर गांव में हुई वारदात, ग्राम प्रधान प्रतिनिधि के मौसेरे भाई पर लगा हत्या का आरोप

ओसाह में बनेगा सीएम कंपोजिट मॉडल विद्यालय

महराजगंज, रायबरेली। जनपद के विकासखंड शिवगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत ओसाह में मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल विद्यालय की स्वीकृति मिलने के बाद गांव में खुशी का माहौल है। विद्यालय निर्माण की दिशा में पहला कदम बढ़ाते हुए शुक्रवार को भूमि सफाई कार्य हेतु विधि-विधान से पूजन कर निर्माण कार्य का शुभारंभ कराया गया। कार्यक्रम का आयोजन मनोज कुमार त्रिवेदी पुत्र राकेश कुमार त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज द्वारा कराया गया। इस अवसर पर ग्रामवासियों ने इसे क्षेत्र की शिक्षा व्यवस्था को नई दिशा देने वाला ऐतिहासिक कदम बताया। ग्रामीणों का कहना है कि, विद्यालय के निर्माण से आसपास के बच्चों को आधुनिक एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का लाभ मिलेगा। इस अवसर पर राकेश त्रिवेदी उर्फ आलू महाराज एवं ग्राम पंचायत ओसाह की ओर से विधायक डॉ. मनोज कुमार पांडेय के प्रति विशेष आभार व्यक्त किया गया। उन्होंने कहा कि उनके प्रयासों से ग्राम पंचायत को मुख्यमंत्री कंपोजिट मॉडल विद्यालय जैसी महत्वपूर्ण सौगात प्राप्त हुई है, जिसके लिए समस्त ग्रामवासी सदैव उनके आभारी रहेंगे। कार्यक्रम के दौरान क्षेत्र पंचायत सदस्य मालती देवी, राजेंद्र यादव, राकेश पासी, अखिलेश पासी, अंकित शुक्ला, मंसाराम यादव, संजय मोहन त्रिवेदी तथा मनोज त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने उम्मीद जताई कि, विद्यालय निर्माण कार्य शीघ्र पूरा होने के बाद क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध होगा और गांव शिक्षा के क्षेत्र में नई पहचान स्थापित करेगा।

आरओ अधिकारी के सामने फूटा ग्रामीणों का गुस्सा, फील्ड अफसर पर लगाये गंभीर आरोप

- बैंक में जरूरी कार्यों में खाताधारकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है

जिला संवाददाता (vol)

दोस्तपुर, सुलतानपुर। जिले के दोस्तपुर क्षेत्र स्थित छीतेपट्टी बाजार में संचालित उत्तर प्रदेश ग्रामीण बैंक शाखा में गुरुवार को उस समय हंगामे जैसी स्थिति बन गई, जब क्षेत्रीय कार्यालय (आरओ) से अधिकारी निरीक्षण के लिए बैंक पहुंचे। आरओ अधिकारी के पहुंचते ही बड़ी संख्या में ग्रामीण और खाताधारक बैंक परिसर में जुट गए और फील्ड अफसर के खिलाफ शिकायतों की झड़ी लगा दी। ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि बैंक में केवाईसी, चेकबुक और किसान क्रेडिट कार्ड (केसीसी) लोन जैसे जरूरी कार्यों में खाताधारकों को अनावश्यक रूप से परेशान किया जाता है। लोगों का कहना था कि कई बार छोटे-छोटे कार्यों के लिए भी ग्राहकों को बार-बार बैंक के चक्कर लगाने पड़ते हैं। कुछ ग्रामीणों ने बैंक कर्मियों पर अभद्र व्यवहार करने का भी आरोप लगाया। आरओ अधिकारी के सामने ही ग्रामीणों ने अपनी समस्याएं रखीं और बाद में फील्ड अफसर के खिलाफ लिखित शिकायत पत्र सौंप दिया। शिकायतकर्ताओं का कहना है कि बुजुर्गों, महिलाओं और ग्रामीण ग्राहकों के साथ सही व्यवहार नहीं किया जाता तथा समय पर कार्य नहीं होने से लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ता है। शिकायत पत्र पर जाफरी, फिरोज अहमद, नसीम, मोहम्मद जावेद, मुन्नी खातून, राजाराम और विजय सिंह समेत कई ग्रामीणों के हस्ताक्षर बताए जा रहे हैं। फिलहाल आरओ अधिकारियों ने शिकायत प्राप्त कर मामले की जांच कराने का आश्वासन दिया है।

पीएमआवास योजना के नाम पर वसूली का आरोप, लाभार्थियों की अधिकारियों से गुहार

गौरीगंज ,अमेठी। नगर पालिका गौरीगंज में प्रधानमंत्री आवास योजना को लेकर कथित अवैध वसूली का मामला सामने आने से हड़कंप मच गया है। आरोप है कि कुछ सभासदों द्वारा योजना की पहली किश्त जारी कराने के नाम पर लाभार्थियों से 20 से 25 हजार रुपये तक की मांग की जा रही है। पीड़ित लाभार्थियों का कहना है कि जिन लोगों ने पैसे दे दिए, उनके आवास संबंधी कार्यों को आगे बढ़ा दिया गया, जबकि जो रकम देने में असमर्थ रहे उनसे लगातार धन की मांग की जा रही है। आरोपों से परेशान कई लोगों ने उच्चाधिकारियों को शिकायती पत्र सौंपकर पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कराने और दोषियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है। शिकायतकताओं का आरोप है कि गरीब और जरूरतमंद परिवारों को सरकारी योजना का लाभ दिलाने के बजाय उनका आर्थिक शोषण किया जा रहा है। मामले की चर्चा नगर क्षेत्र में तेजी से फैल रही है और लोगों में नाराजगी देखी जा रही है। वहीं, मामले को लेकर अब सबकी निगाहें प्रशासनिक कार्रवाई पर टिकी हैं। यदि आरोप सही पाए जाते हैं तो संबंधित लोगों पर कड़ी कार्रवाई हो सकती है। फिलहाल प्रशासन की ओर से आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।

अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार युवक की मौत, पत्नी व भांजी घायल

तिलोई, अमेठी। इन्हौना थाना क्षेत्र में देर रात हुए दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि उसकी पत्नी और भांजी गंभीर रूप से घायल हो गईं। हादसा हिंदुस्तान ढाबे के पास उस समय हुआ जब बाइक सवार परिवार बाजार से घर लौट रहा था। जानकारी के अनुसार बिझौरा गांव निवासी धर्मेंद्र कुमार (28) अपनी पत्नी खुशबू और भांजी शिवानी के साथ बाइक से इन्हौना बाजार से घर वापस जा रहे थे। इसी दौरान तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी तेज थी कि तीनों सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। सूचना पर पहुंची इन्हौना पुलिस ने एंबुलेंस की मदद से घायलों को सिंहपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने धर्मेंद्र कुमार को मृत घोषित कर दिया। वहीं उनकी पत्नी और भांजी का इलाज जारी है। हादसे के बाद वाहन चालक मौके से फरार हो गया। थाना प्रभारी विवेक सिंह ने बताया कि पुलिस आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगाल रही है। जल्द ही वाहन और चालक की पहचान कर कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

भक्ति व उत्साह के साथ निकली कलश यात्रा श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का हुआ शुभारंभ

शुकुल बाजार, अमेठी। ग्राम पूरे शुक्लन में शुक्रवार को भव्य कलश यात्रा के साथ नौ दिवसीय संगीतमय श्रीराम कथा ज्ञान यज्ञ का शुभारंभ हो गया। धार्मिक आयोजन को लेकर सुबह से ही श्रद्धालुओं में उत्साह का माहौल रहा। महिलाओं, युवतियों और भक्तों ने सिर पर कलश धारण कर गांव में शोभायात्रा निकाली, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। कलश यात्रा में श्रद्धालु जय श्रीराम के उद्घोष और भजनों के साथ शामिल हुए। यात्रा कथा स्थल से प्रारंभ होकर गांव के प्रमुख मार्गों से होते हुए पुनः कथा स्थल पहुंची। आयोजन के दौरान व्यवस्था बनाए रखने में ग्रामीणों और समिति के सदस्यों ने सहयोग किया। कथा वाचन परम श्रद्धेय निभेष जी महाराज द्वारा किया जाएगा। कथा प्रतिदिन दिन में 3:30 बजे से 5:30 बजे तक तथा रात्रि में 7:30 बजे से 10:30 बजे तक आयोजित होगी। आयोजकों के अनुसार 16 मई को हवन-पूजन तथा 17 मई को विशाल भंडारे का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम में क्षेत्र के बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थिति रही। आयोजकों ने बताया कि धार्मिक आयोजन का उद्देश्य समाज में आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देना है। समस्त ग्रामवासी एवं क्षेत्रवासी भक्तजन आयोजन को सफल बनाने में जुटे हुए हैं।

गंदगी से नाला जाम, बढ़ा मच्छरों का प्रकोप

- लोगों में संक्रामक बीमारी फैलने का खतरा

परशदेपुर, रायबरेली। जैसे जैसे तापमान बढ़ रहा है वैसे वैसे गंदगी में पल रहे मच्छरों का प्रकोप भी बढ़ रहा है जिससे लोगों में डेंगू, मलेरिया,चिकनगुनिया जैसे संक्रामक बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है। मच्छरों के प्रकोप से न केवल लोग बल्कि मवेशियों में भी संक्रमित बीमारियों का खतरा बना हुआ है जो बेहद चिंताजनक है। कस्बे में जगह-जगह फैली गंदगी, बजबजाती नालियां व इधर उधर फैली गंदगी से हालात बद से बदतर होते जा रहे हैं।

कस्बे के जुमा मस्जिद वार्ड नंबर चार बैंक ऑफ बड़ौदा के सामने स्थित नाला कूड़ा कचरा से भरा पड़ा है, और अगल बगल गंदगी फैली हुई है। नाले में जमी गंदगी से निकलने वाली दुर्गन्ध के कारण स्थानीय लोगों के साथ ही वहां से गुजरने वाले लोगों को भी मुंह और नाक बंद करके निकलना पड़ रहा है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत के बावजूद नगर पंचायत प्रशासन समस्या के समाधान की ओर ध्यान नहीं दे रहा है। लोगों ने बताया कि कूड़े के ढेर और जाम हुई नालियों में पनप रहे मच्छरों का प्रकोप तेजी से बढ़ रहा है जिससे डेंगू, मलेरिया और अन्य संक्रामक बीमारियों का खतरा बना हुआ है।

स्थानीय लोगों के अनुसार, सफाई कर्मचारी साफ सफाई करने के लिए वार्ड में आते तो हैं लेकिन साफ सफाई के नाम पर सिर्फ खानापूर्ति करके चले जाते हैं जिससे सफाई व्यवस्था पूरी तरह से धड़ाम हो चुकी है। स्थानीय लोगों का आरोप है कि नगर पंचायत के जिम्मेदारों द्वारा सिर्फ कागजों में सफाई अभियान चलाकर खानापूर्ति की जा रही है, जबकि जमीनी स्तर पर कोई सुधार दिखाई नहीं दे रहा। बैंक के बगल स्थित तालाब भी गंदगी का केंद्र बन चुका है। तालाब में कूड़ा कचरा और जलकुंभी जमा होने से दुर्गंध फैल रही है। हसीब अंसारी, शरीफ अंसारी, पप्पू यादव, समीम अंसारी आदि लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से तत्काल सफाई व्यवस्था दुरुस्त कराने और नियमित फॉगिंग कराने की मांग की है।

महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर हुआ पौधरोपण, पर्यावरण संरक्षण का दिया संदेश

सुलतानपुर। कटका क्लब सामाजिक संस्था के तत्वावधान में महाराणा प्रताप जयंती की पूर्व संध्या पर पर्यावरण पार्क में मौलाश्री पौधों का पौधारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व डॉ. सौरभ मिश्र 'विनम्र' ने किया। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक कार्यकताओं, युवाओं और गणमान्य लोगों ने भाग लेकर पर्यावरण संरक्षण का संकल्प लिया।

इस अवसर पर उप प्रभागीय वनाधिकारी अंजनी कुमार श्रीवास्तव ने कहा कि पर्यावरण संरक्षण के लिए अधिक से अधिक पौधारोपण समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। उन्होंने लोगों से पौधों की सुरक्षा और देखभाल करने की अपील भी की। वहीं जिला परियोजना अधिकारी अभिनंदन प्रताप सिंह ने कहा कि पेड़-पौधे मानव जीवन का आधार हैं और प्रत्येक व्यक्ति को पर्यावरण के प्रति जागरूक रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि महाराणा प्रताप जयंती पर पौधारोपण समाज को राष्ट्रप्रेम और प्रकृति संरक्षण का सकारात्मक संदेश देता है। डॉक्टर सौरभ मिश्र 'विनम्र' एवं एडवोकेट राघवेंद्र सिंह ने महाराणा प्रताप को वीरता, स्वाभिमान और राष्ट्रभक्ति का प्रतीक बताते हुए कहा कि उनका जीवन संघर्ष, त्याग और मातृभूमि के प्रति समर्पण की प्रेरणादायक मिसाल है। कार्यक्रम में ज्ञानेंद्र विक्रम सिंह, रविंद्र प्रकाश सिंह तथा राज्य अध्यापक पुरस्कार से सम्मानित केशव प्रसाद सिंह ने भी अपने विचार व्यक्त किए। अंत में केशव प्रसाद सिंह ने सभी अतिथियों एवं उपस्थित लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया। इस दौरान कथा वाचक शनि मिश्र, अनिल सिंह, शादाब, जाहिद, साजिद, जय प्रताप, आकाश, हैप्पी और रवीन्द्र सहित दर्जनों युवा मौजूद रहे।

सड़क हादसे में दो बाइक सवारों की मौत

सलोन,रायबरेली। कोतवाली क्षेत्र में सड़क हादसे में बाइक सवार दो लोगो ने अपनी जान गवाई है। पहली घटना गुरुवार की रात घटी जहां शिवकुमार गौतम (37) पुत्र कालिका प्रसाद निवासी कन्दरावा अम्बेडकर नगर थाना ऊँचाहार बीती रात सलोन क्षेत्र से निमंत्रण करने के बाद युवक बाइक से घर लौट रहा था। सलोन ऊँचाहार मार्ग लक्ष्मी गंज चैराहा समसपुर खालसा के समीप रात्रि 12 बजे के करीब अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को टक्कर मार दिया जिससे उसकी घटना स्थल पर ही मौत हो गई। दूसरी घटना शुक्रवार दोपहर डेढ़ बजे राजमार्ग रग्घुपुर के समीप घटी। डीह थाना क्षेत्र के पीढ़ी वीरगंज बाजार निवासी अंषुमान यादव (22) पुत्र महेश नारायण यादव शुक्रवार को अपने दोस्तों के साथ युवक गहरवार का पुरवा निवासी चन्द्र प्रकाश पटेल के यहां बुलेट से तिलक समारोह में शामिल होने जा रहा था। इसी बीच रग्घुपुर स्थित एक रेस्टोरेंट के समीप इनोवा कार से बुलेट सवार युवक की जोरदार भिड़ंत हो गई, जिससे मौके पर ही मौत हो गई। स्थानीय लोगों ने कार में फंसे युवक के क्षत विक्षत शव को निकालकर पुलिस को सूचित किया। वहीं घायल चालक को तुरंत प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया। कोतवाली प्रभारी बालेंदु गौतम ने बताया कि राजमार्ग 31 पर रग्घुपुर के समीप इनोवा कार से बुलेट सवार युवक टकरा गया था जिसकी मौके पर ही मौत हो गई।

बीपीएल के पांचवें सीजन की धमाकेदार शुरुआत

गोसाईगंज, सुलतानपुर। थाना अंतर्गत बाबूगंज में आयोजित बाबूगंज प्रीमियर लीग क्रिकेट टूनार्मेंट के पांचवें संस्करण का शुक्रवार उत्साह और रोमांच के साथ शुभारंभ हुआ। उद्घाटन दिवस पर खेले गए दोनों मुकाबलों में खिलाड़ियों ने शानदार प्रदर्शन कर दर्शकों का भरपूर मनोरंजन किया। पहला मुकाबला कमाल लाजवाब बाबूगंज और बाबूगंज कैपिटल के बीच खेला गया। टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबूगंज कैपिटल की टीम ने निर्धारित 10 ओवर में 68 रन बनाए। जवाब में उतरी की टीम कमाल लाजवाब बाबूगंज ने आदर्श की दमदार बल्लेबाजी की बदौलत मात्र 8 ओवर में लक्ष्य हासिल कर शानदार जीत दर्ज की। दूसरे मुकाबले में बाबूगंज सुपर किंग और बाबूगंज इंडियन आमने-सामने रहे। पहले बल्लेबाजी करते हुए बाबूगंज इंडियन की टीम 9 ओवर में 95 रन बनाकर ऑलआउट हो गई। बाबूगंज सुपर किंग की ओर से सूरज ने 3 विकेट, जबकि राजू, सक्षम और राहुल ने शानदार गेंदबाजी करते हुए 2-2 विकेट हासिल किए। 96 रनों के लक्ष्य का पीछा करने उतरी बाबूगंज सुपर किंग की टीम ने सक्षम की नाबाद 65 रनों की तूफानी पारी की बदौलत एक ओवर शेष रहते 2 विकेट से रोमांचक जीत दर्ज कर ली। टूनार्मेंट के उद्घाटन पर बड़ी संख्या में पहुंचे क्रिकेट प्रेमियों ने मैच का आनंद लिया।

एनटीपीसी कर्मचारी कल्याण समिति के चुनाव में इंटक का कब्जा

रायबरेली। एनटीपीसी की ऊंचाहार परियोजना में कर्मचारियों की कल्याणकारी संस्था जागृति क्लब तथा क्रीड़ा परिषद की नई कार्यकारिणी का चुनाव संपन्न हुआ। परियोजना के महाप्रबंधक (प्रचालन) दिलीप कुमार साहू चुनाव अधिकारी रहे जिनके मार्ग दर्शन में दोनों समितियों का चुनाव कराया गया। जागृति क्लब के चुनाव में इंटक यूनियन के पदाधिकारी नागेन्द्र प्रताप सिंह ने अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रूपेश कुमार को 83 मतों से हराया। जबकि संयुक्त सचिव पद पर सुरेन्द्र बिंद ने 200 वोट हासिल करके वीरेंद्र यादव को 106 मतों से मात देकर रिकॉर्ड कायम कर दिया। इंटक यूनियन समर्थित लघु शंकर यादव, घनश्याम मिश्रा, गौतम निषाद, राम सहाय तथा रोहित आर्या ने सदस्य पद पर एकतरफा जीत हासिल की। अवंतिका नेगी भी चुनाव जीतने में सफल रही। इसी प्रकार क्रीड़ा परिषद के चुनाव में जसवंत मीणा सचिव और विक्रांत सिंह ने संयुक्त सचिव का चुनाव जीतने में सफल रहे। गीतांजलि, हार्दिक गुप्ता, मुकेश कुमार, शौर्य कुमार तथा विनीत ने भारी मतों से सदस्य पद के लिए चुने गए। इंटक यूनियन के इस शानदार प्रदर्शन और एकतरफा जीत पर इंटक यूनियन अध्यक्ष आज्ञा शरण सिंह तथा महासचिव राहुल कनौजिया ने सभी कर्मचारियों के प्रति आभार जताते हुए कहा कि नए पदाधिकारी उनकी कसौटी पर खरे उतरने के साथ अपने संकल्पों को पूरा करने का भरपूर प्रयास करेंगे। प्रतिष्ठा बन चुके इस चुनाव में इंटक यूनियन के शानदार प्रदर्शन पर परियोजना प्रमुख बिस्व मोहन सिंह, मानव संसाधन प्रमुख पंकज कुमार, सभी विभागाध्यक्ष, एनटीपीसी अधिकारी संघ के पूर्व अध्यक्ष शशिकांत राय तथा उनके समर्थक अधिकारी एनटीपीसी का शीर्ष प्रबंधन तथा इंटक के केंद्रीय नेता बाबर सलीम पाशा एवं के पी चंद्रवंशी सहित देश भर की विद्युत परियोजनाओं के इंटक नेताओं ने प्रसन्नता व्यक्त किया है तथा स्थानीय इंटक टीम को बधाई दी है। इंटक यूनियन को जीत दिलाने में प्रत्याशियों के अलावा इंटक नेता शिव राम ओझा, राहुल कनौजिया, मत्सेंद्र दुबे, रचना पाल, मनोज तिवारी, शिवम सिंह आदि ने उल्लेखनीय भूमिका निभाई। नवनिर्वाचित सचिव नागेन्द्र प्रताप सिंह तथा सुरेन्द्र बिंद ने सभी को आश्वस्त किया कि वे अपनी जिम्मेदारी सकारात्मक ढंग से निभाएंगे।

संक्षेप

पंचकोसी परिक्रमा मार्ग निर्माण कार्य का डीएम ने किया निरीक्षण

अयोध्या। जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी ने शुक्रवार को पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के निमार्णाधीन कार्यों का स्थलीय निरीक्षण कर प्रगति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने हनुमान गुफा से संपूर्ण निर्माण मार्ग का अवलोकन किया तथा संबंधित अधिकारियों एवं कार्यदायी संस्था को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष जोर देते हुए कहा कि परियोजना से जुड़े सभी कार्य निर्धारित समय सीमा के भीतर पूर्ण कराए जाएं। उन्होंने निर्देशित किया कि निर्माण कार्य में गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता न किया जाए तथा प्रत्येक कार्य मानकों के अनुरूप कराया जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने कहा कि जहां कहीं भी तकनीकी अथवा अन्य प्रकार की बाधाएं आ रही हैं, उन्हें तत्काल दूर करते हुए निर्माण कार्यों में तेजी लाई जाए, ताकि होकर श्रद्धालुओं एवं आमजन को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध हो सकें।

डीएम ने मेडिकल कॉलेज का किया औचक निरीक्षण

जिला संवाददाता

देवरिया। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने शुक्रवार को मेडिकल कॉलेज का औचक निरीक्षण कर स्वास्थ्य सेवाओं की स्थिति का जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने इमरजेंसी वार्ड, एमसीएच विंग, चिल्ड्रेन वार्ड एवं ओपीडी सहित विभिन्न कक्षों का गहन निरीक्षण कर मरीजों को उपलब्ध कराई जा रही चिकित्सा सुविधाओं, साफ-सफाई, दवा वितरण तथा उपचार व्यवस्था का जायजा लिया जिलाधिकारी ने अस्पताल में भर्ती मरीजों एवं उनके तीमारदारों से बातचीत कर स्वास्थ्य सेवाओं के संबंध में जानकारी प्राप्त की।

- इमरजेंसी, एमसीएच विंग व ओपीडी की व्यवस्थाएं परखी ; अनावश्यक रेफर पर कार्रवाई की चेतावनी

उन्होंने चिकित्सकों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों को समयबद्ध एवं गुणवत्तापूर्ण उपचार उपलब्ध कराया जाए तथा उपचार में किसी भी प्रकार की लापरवाही न बरती जाए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने इमरजेंसी सेवाओं को और अधिक प्रभावी बनाए रखने, आवश्यक दवाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा वार्डों में साफ-सफाई की समुचित व्यवस्था बनाए रखने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि सभी चिकित्सक एवं कर्मचारी निर्धारित समय पर उपस्थित रहकर पूरी जिम्मेदारी के साथ कार्य करें।

जिससे मरीजों को किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। एमसीएच विंग के निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य सेवाओं की छानबीन करते हुए गर्भवती महिलाओं एवं नवजात शिशुओं को बेहतर चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराने पर विशेष जोर दिया।

उन्होंने मौजूद स्टाफ नर्स से मदर एंड चाइल्ड प्रोटेक्शन कार्ड के संबंध में जानकारी ली तथा निर्देश दिया कि गर्भवती महिलाओं के कार्ड पर अंकित विवरणों का नियमित एवं सावधानीपूर्वक परीक्षण किया जाए। उन्होंने कहा कि समय-समय पर स्वास्थ्य संबंधी सूचनाएं दर्ज होने से गर्भवती महिलाओं की स्थिति पर प्रभावी निगरानी रखी जा सकेगी और किसी भी जटिल परिस्थिति से बचाव संभव होगा। जिलाधिकारी ने अस्पताल से रेफर किए गए मरीजों के मामलों की भी छानबीन की। उन्होंने स्पष्ट निर्देश दिया कि बिना गंभीर कारण अथवा अनावश्यक रूप से किसी मरीज को रेफर किए जाने की शिकायत मिलने पर संबंधित के विरुद्ध सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मरीजों को यथासंभव मेडिकल कॉलेज में ही बेहतर उपचार उपलब्ध कराया जाए निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने उपस्थित चिकित्सा अधिकारियों एवं स्वास्थ्य कर्मियों को निर्देशित किया कि मरीजों के इलाज में किसी प्रकार की कमी न स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर सुनिश्चित किया जाए। निरीक्षण के दौरान डा0 आर के श्रीवास्तव सहित अन्य चिकित्साकर्मी आदि मौजूद रहे।

राष्ट्रीय लोक अदालत में राजस्व मामलों का भी होगा निस्तारण

देवरिया। 09 मई दिन शनिवार को आयोजित होने वाली राष्ट्रीय लोक अदालत के दौरान दीवानी न्यायालय के साथ-साथ सभी राजस्व न्यायालयों में भी मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने जनपद के सभी राजस्व पीठासीन अधिकारियों को निर्देशित किया है कि लोक अदालत में राजस्व वादों को प्राथमिकता से सम्मिलित कर उसका निस्तारण सुनिश्चित किया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी राजस्व न्यायालयों के पीठासीन अधिकारी अपने-अपने न्यायालयों में प्रातः 10 बजे से अनिवार्य रूप से उपस्थित रहकर प्रस्तुत मामलों की सुनवाई एवं निस्तारण सुनिश्चित करें। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि लोक अदालत के व्यापक प्रचार-प्रसार के लिए पोस्टर एवं अन्य माध्यमों का उपयोग किया जाए, ताकि अधिक से अधिक लोग इसका लाभ उठा सकें।उन्होंने बताया कि जनपद स्तरीय राजस्व न्यायालयों के साथ-साथ तहसील स्तर के सभी राजस्व न्यायालयों में भी लोक अदालत के मामलों की सुनवाई कर उनका निस्तारण किया जाएगाउल्लेखनीय है कि दीवानी न्यायालय सहित जनपद के सभी राजस्व न्यायालयों में राष्ट्रीय लोक अदालत के तहत विभिन्न वादों की सुनवाई एवं निस्तारण किया जाएगा। जिलाधिकारी मधुसूदन हुल्गी ने आमजन से अपील करते हुए कहा है कि वे अपने लंबित वादों को लोक अदालत में प्रस्तुत कर आपसी सहमति के आधार पर उनका समाधान कराएं तथा लोक अदालत का अधिक से अधिक लाभ उठाएं।

गैस सिलेंडर के दामों में वृद्धि से महंगाई बढ़ेगी: विजय रावत

बरहज,देवरिया। नगर में काली मंदिर के पास सपा कार्यकताओं ने कमर्शियल गैस सिलेंडर मूल्य बढ़ाए जाने के विरोध में सांकेतिक प्रदर्शन किया और सरकार विरोधी नारे लगाए। इस दौरान सपा नेता विजय रावत ने कहा कि उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार में महंगाई चरम पर है। एक ओर जहां पूरे प्रदेश मे गैस सिलेंडर की कि ल्लत का सामना प्रदेश की जनता कर रही हैं वहीं कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों को बढ़ाकर उत्तर प्रदेश की भाजपा सरकार व्यापारियों व दुकानदारों की रोजी रोटी छीनने का काम कर रही हैं। पिछले दस सालों में जिस तरह से महंगाई व गैस सिलेंडर के दामों में बढ़ोतरी हुई है उससे यह साबित हो रहा हैं की यह सरकार महंगाई की जननी हैं। आम जनता व गरीब दुकानदारों से कुछ लेना देना नहीं हैं। जिस तरह से भाजपा सरकार में गैस सिलेंडर की दिक़्कत का सामना करना पड़ रहा हैं इससे जनता अभी उबर ही नहीं पाई थी तब तक कमर्शियल गैस सिलेंडर के दाम बढ़ा दिए गए। कमर्शियल गैस सिलेंडर के दामों बढ़ने से महंगाई भी बढ़ेगी। नयी सरकार बनाएं जो महंगाई कम कर सके। आप सभी लोगों को याद होगा की जब भाजपा की सरकार नहीं थी तब यही गैस सिलेंडर का दाम चार सौ रुपये थे और भाजपा की सरकार पूरे प्रदेश में आन्दोलन करती थी। महंगाई के नाम पर गुमराह कर सरकार बना ली और जब भाजपा की सरकार बन गई तो जो गैस सिलेंडर अन्य सरकारों में चार सौ रुपये में मिलता था आज एक हजार में मिल रहा है। इस दौरान अमित प्रधान, विकास कुमार, राहुल सिंह, संजय तिवारी, राजू मिश्र, अजय गुप्ता, विमलेश तिवारी, राकेश सिंह, संजय चौहान, अखिलेश कुमार, महावीर प्रसाद, आदित्य यादव, विरेंद्र कुमार, अखिलेश मिश्र मौजूद रहे।

संतोष मद्धेशिया ने थैलेसीमिया दिवस पर किया 26 वां रक्तदान

बरहज,देवरिया। स्वच्छ भलुअनी स्वस्थ भलुअनी ₹यूथ ब्रिगेड₹ संस्थापक, निफा जिलाध्यक्ष एवं मध्यदेशीय वैश्य महासभा ₹रक्तदान प्रकोष्ठ₹ के राष्ट्रीय युवा संयोजक सन्तोष मद्धेशिया वैश्य ने थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर 8 मई को महर्षि देवरहा बाबा मेडिकल कालेज जिला ब्लड बैंक में अपना स्वैच्छिक 26 वां रक्तदान किया साथ ही अन्य सक्षम व्यक्तियों से थैलेसीमिया पीड़ित बच्चों के लिए रक्तदान की अपील की। रक्तदान करते हुए उन्होंने कहा कि रक्त की कीमत वही जानते होगें जिनके घर में थैलेसीमिया नामक खतरनाक बीमारी से पीड़ित बच्चे हैं। उन बच्चों के माता पिता किस मानसिक पीड़ा को झेलते हैं यह हम महसूस करते हैं और इसीलिए हर तीन माह पर ऐसे बच्चों के नाम पर अपना रक्तदान कर देते हैं।

उन्होंने बताया कि इस बीमारी से पीड़ित बच्चों को हर 15 दिन पर ब्लड की आवश्यकता पड़ती है जिसके लिए हम सभी स्वयं रक्तदान करने के साथ ही निरंतर जिला ब्लड के सहयोग से रक्तदान शिविर आयोजित करते हैं ताकि ऐसे बच्चों का जीवन बचाया जा सके।

आगे उन्होंने बताया कि आंकड़ों के अनुसार जिले में इस बीमारी से पीड़ित करीब तीन दर्जन बच्चे हैं जिन्हें ब्लड के लिए जूझना पड़ता है।

सन्तोष मद्धेशिया ने बताया कि यह उनका 26 वां एवं संस्था द्वारा कुल 873 वां रक्तदान किया गया है। उनका कहना है जो लोग रक्तदान शिविर में रक्तदान नहीं करना चाहते पर जरूरत पर शिविरों द्वारा एकत्रित किए गए ब्लड को पाने का प्रयास करते हैं उनको भी शिविर के रक्तदान का महत्व समझते हुए ऐसे बच्चों के जीवन के बारे में सोचकर आगे आते हुए रक्तदान करना चाहिए।

इस दौरान ब्लड बैंक प्रभारी डा. रमेश सिंह,डा. तेजभान, रविप्रताप सिंह, विक्रांत सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

अस्पताल कर्मियों को आग के कारणों व बचाव की दी गयी जानकारी

जिला संवाददाता

मिल्कीपुर-अयोध्या। मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के सौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय कुमारगंज में शुक्रवार को अग्निशमन विभाग की ओर से अग्नि सुरक्षा सप्ताह के अंतर्गत जागरूकता गोष्ठी का आयोजन किया गया। यह अभियान 4 मई से 10 मई तक चलाया जा रहा है, जिसका उद्देश्य लोगों को आग लगने की घटनाओं से बचाव एवं सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। गोष्ठी को संबोधित करते हुए अग्निशमन विभाग के फायरमैन प्रशांत दीक्षित ने अस्पताल कर्मियों एवं उपस्थित लोगों को आग लगने के कारणों और उससे बचाव के उपायों की विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अधिकांश घरेलू हादसे एलपीजी सिलेंडर में गैस रिसाव के कारण होते हैं। यदि रेगुलेटर के पास आग लग जाए तो घबराने के बजाय सबसे पहले आसपास रखे ज्वलनशील सामान को हटाना चाहिए। इसके बाद सिलेंडर को सावधानीपूर्वक बाहर निकालकर उस पर गीला कंबल या बोरा डाल देना चाहिए, जिससे आग पर नियंत्रण पाया जा सकता है। उन्होंने बताया कि सीओ-2 सिलेंडर की मदद से भी आग बुझाई जा सकती है। प्रशांत दीक्षित ने शॉर्ट सर्किट एवं वाहनों में आग लगने के कारणों पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि लगातार लंबे समय तक वाहन चलाने से इंजन तथा टायर अधिक गर्म हो जाता है, जिससे आग लगने की संभावना बढ़ जाती है। इसलिए वाहन को बीच-बीच में रोककर ठंडा करना आवश्यक है। उन्होंने कहा कि यदि घर में आग लग जाए तो सबसे पहले सभी लोगों को सुरक्षित बाहर निकालना चाहिए और तुरंत फायर सर्विस को सूचना देनी चाहिए। उन्होंने बताया कि पेट्रोल अथवा डीजल में आग लगने पर पानी डालना खतरनाक हो सकता है। ऐसी स्थिति में मिट्टी, बालू या मोरंग का प्रयोग कर आग बुझाने का प्रयास करना चाहिए। वहीं शॉर्ट सर्किट से लगी आग में सबसे पहले बिजली की सप्लाई बंद करना जरूरी है, उसके बाद ही पानी या अन्य माध्यम से आग बुझाने का प्रयास करना चाहिए। कार्यक्रम में अस्पताल के सीएमएस डॉ. रवि पाण्डेय, डॉ. संतोष सिंह, डॉ. प्रवीण बरनवाल, डॉ. अरविंद मौर्य, डॉ. अमित राय, डॉ. सत्येंद्र, डॉ. प्रशांत वर्मा सहित अस्पताल का समस्त स्टाफ एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

आज राष्ट्रीय लोक अदालत का होगा आयोजन

कुशीनगर। सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा विज्ञप्ति जारी कर जनपदवासियों को संदेश दिया गया है कि 09 मई 2026 को उ०प्र० राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण लखनऊ के निदेर्शानुसार तथा माननीय जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कुशीनगर संजीव कुमार त्यागी की अध्यक्षता में राष्ट्रीय लोक अदालत का आयोजन दीवानी न्यायालय परिसर, पडरौना, कुशीनगर तथा वाहय न्यायालय कसया में किया जायेगा। उन्होंने आम जनमानस से अपील किया है कि भारी से भारी संख्या में राष्ट्रीय लोक अदालत में आकर अपने मामलों को निस्तारित कराये और राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाये।

चैरिटेबल ब्लड बैंक ने थैलेसीमिया दिवस पर किया जागरूक

कुशीनगर। अंतर्राष्ट्रीय थैलेसीमिया दिवस के अवसर पर शुक्रवार को कुशीनगर चैरिटेबल ब्लड बैंक की ओर से थैलेसीमिया से पीड़ित 8 बच्चों को लंच बॉक्स, वाटर बॉटल, कॉपी एवं कलम उपहारस्वरूप भेंट किए गए। यह पहल बच्चों के मनोबल को बढ़ाने और सामाजिक सहभागिता को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से की गई। ब्लड बैंक के संचालक शोभा राजीव तिवारी ने बताया कि ब्लड बैंक द्वारा जरूरत पड़ने पर थैलेसीमिया ग्रस्त बच्चों को जरुरत अनुसार निःशुल्क रक्त उपलब्ध कराया जाता है। उन्होंने समाज से ज्यादा से ज्यादा लोगों से नियमित रक्तदान करने की अपील की, ताकि इन बच्चों का जीवन सुरक्षित रह सके। कार्यक्रम में रोटरी क्लब कुशीनगर के सह संरक्षक वाहिद अली और अध्यक्ष अजय सिंह उपस्थित रहे। उन्होंने इस नेक पहल की सराहना की और समाजसेवियों से ऐसे बच्चों के लिए निरंतर सहयोग बनाए रखने का आग्रह किया। इस अवसर पर उपस्थित लोगों ने थैलेसीमिया के प्रति जागरूकता फैलाने और रक्तदान को बढ़ावा देने की शपथ भी ली।

प्रतिभा सम्मान समारोह में मेधावी छात्र-छात्राएं सम्मानित

देवरिया। माध्यमिक शिक्षा परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 में जनपद स्तर पर टॉप-10 में स्थान प्राप्त करने वाली मॉडर्न सिटी मॉन्टेसरी इंटरमीडिएट कॉलेज, न्यू कॉलोनी देवरिया की छात्रा शिवांगी वर्मा को सम्मानित करने हेतु विद्यालय परिसर में प्रतिभा सम्मान समारोह का आयोजन किया गया। इसके साथ ही हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अन्य छात्र-छात्राओं को भी सम्मानित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सदर सांसद शशांक मणि त्रिपाठी विशेष कार्यक्रम में दिल्ली में व्यस्त रहने के कारण समारोह में उपस्थित नहीं हो सके। उनका प्रतिनिधित्व केशव शर्मा ने किया। सांसद ने मोबाइल संदेश के माध्यम से अपना संबोधन भेजते हुए कहा कि शिक्षा और परिश्रम के बल पर व्यक्ति अपने जीवन को नई दिशा दे सकता है। विद्यार्थियों को निरंतर मेहनत करते हुए अपने लक्ष्य के प्रति समर्पित रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि प्रतिभा का सम्मान, समाज का सम्मान होता है तथा मेधावी छात्रों के सम्मान से अन्य विद्यार्थियों को भी प्रेरणा मिलती है। उन्होंने बच्चों में चरित्र निर्माण, टीमवर्क एवं राष्ट्र निर्माण की भावना विकसित करने पर जोर दिया।

- यूपी बोर्ड परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों का बढ़ाया गया उत्साह

समारोह के विशिष्ट अतिथि विजय बहादुर दुबे ने अपने संबोधन में विद्यार्थियों को चरित्र निर्माण के साथ-साथ लक्ष्य के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा दी। डॉ. मधुसूदन मणि त्रिपाठी सहित अन्य अतिथियों ने विद्यालय की शैक्षिक गुणवत्ता एवं पठन-पाठन व्यवस्था की सराहना करते हुए कहा कि विद्यालय लगातार प्रतिभाशाली छात्र-छात्राएं तैयार कर रहा हैविद्यालय के प्रबंधक गिरीश चंद तिवारी ने छात्र-छात्राओं की लगन, निष्ठा एवं परिश्रम की सराहना करते हुए कहा कि विद्यार्थियों की मेहनत और शिक्षकों के मार्गदर्शन का ही परिणाम है कि विद्यालय के छात्र लगातार उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रहे हैं। समारोह में शिवांगी वर्मा के साथ उनके पिता बृजभूषण वर्मा एवं माता चंदा वर्मा को भी सम्मानित किया गया। इसके अलावा इंटरमीडिएट एवं हाईस्कूल परीक्षा में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले अनन्या बरनवाल, दिव्या गुप्ता, साक्षी गुप्ता, सक्षम पांडेय, शिवांगी दुबे, अनुराग गिरी, आदर्श बरनवाल, रागिनी गुप्ता, शान सिंह, अक्षत पांडेय, जावेद अंसारी, संस्कृति तिवारी, आस्था मिश्रा, अनन्या पांडेय एवं प्रतीक राय को भी सम्मानित किया गया कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। समारोह का संचालन विद्यालय की छात्रा द्वारा किया गया। अंत में प्रधानाचार्य आद्या प्रसाद तिवारी ने सभी अतिथियों के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें अंगवस्त्र एवं स्मृति चिह्न भेंट कर सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति द्वारा सम्मानित पूर्व प्रधानाचार्य डॉ. मधुसूदन मणि त्रिपाठी, डॉ. अनिल त्रिपाठी, पूर्व माध्यमिक शिक्षक संघ के अध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, के संरक्षक मधुसूदन मिश्रा, सुरेंद्र मिश्र, नागरी प्रचारिणी सभा के मंत्री अनिल त्रिपाठी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

प्यासे को पानी पिलाना सबसे बड़ा मानव धर्म

देवरिया। आज न्यू कॉलोनी स्तिथ एक प्रतिष्ठान मे निःशुल्क प्याऊ एवं शीतल पेय स्टैंड का उद्घाटन डॉ आशुतोष मुरझानी वरिष्ठ दंत चिकत्सक, असिस्टेंट गवर्नर डॉ विपिन बिहारी शर्मा, चार्टर प्रेसिडेंट राकेश धर द्विवेदी एवं चार्टर सचिव सीमा सोनी ने राहगीरों को गुड़ और पानी पिलाकर किया! उद्घाटन करते समय डॉ मुरझानी ने क्लब के प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि चिलचिलाती गर्मी मे किसी प्यासे को शीतल जल पिलाना सबसे बड़ा मानव धर्म है, और उसके बाद मिला आशीर्वाद कई धार्मिक अनुष्ठान के बराबर का महत्व है! अध्यक्ष राकेशधर द्विवेदी ने कहा कि देवरिया सदर द्वारा आगे और समाजिक हित और मानव हित के कार्य किये जायेंगे! कार्यक्रम के संयोजक हिमांशु कुमार ने कहा कि शीतल जल के साथ बेजुबान पशु और पंछियो हेतू भी पानी पीने के लिया व्यवस्था किया गया है और पूरे गर्मी मे यह व्यवस्था अनवरत चलता रहेगा! बीते 20 अप्रैल को डिस्ट्रिक्ट 3120 मे 100 वें क्लब के रूप मे रोटरी देवरिया सदर के नाम से मान्यता एवं चार्टर मिला है !साथ ही क्लब के सभी सदस्यों ने असिस्टेंट गवर्नर डॉ विपिन बिहारी शर्मा एवं डॉ नीलू शर्मा को केक काटकर वैवाहिक वर्षगांठ की शुभकामनायें भी दी !इस अवसर पर क्लब की सचिव रोट सीमा सोनी, ममता चतुवेर्दी, मनोज सेठ, सिद्ध नाथ चतुवेर्दी, मोहम्मद इमरान, अनिल आदि उपस्थित रहे।

मीरा सुरेश सेवा न्यास का नृत्य नाटिका और लोकगीत कार्यक्रम कल

कसया, कुशीनगर। मीरा सुरेश सेवा न्यास, कुशीनगर एवं संस्कृति विभाग, लखनऊ के संयुक्त तत्वावधान में दिनांक 10 मई 2026 दिन रविवार समय 11 बजे से अज्ञेय स्मृति सभागार, राजकीय बौद्ध संग्रहालय, कुशीनगर में ह्लनृत्य नाटिका एवं लोकगीत कार्यक्रमह्व का आयोजन होगा। उक्त जानकारी संस्था सचिव राजू कुमार मद्धेशिया ने देते हुए बताया कि ।कार्यक्रम में विभिन्न कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दी जाएंगी तथा प्रतिभागियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया जाएगा। कार्यक्रम में मुख्यअतिथि के रूप में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ कुशीनगर के जिला संघचालक रामाश्रय जी उपस्थित रहेंगे।

न्याय की कुर्सी से जमीन का सौदा, तहसीलदार चंदन शर्मा पर लगे गंभीर आरोप

जिला संवाददाता

कुशीनगर। जनपद के कप्तानगंज तहसील में तैनात तहसीलदार चंदन शर्मा एक बार फिर आरोपों के घेरे में हैं, आरोप इतना संगीन है कि राजस्व विभाग की साख पर बड़ा सवाल खड़ा हो गया है। तहसीलदार चंदन शर्मा पर लगे आरोप पर गौर करे तो उन्होंने करोड़ों रुपये कीमत की विवादित भूमि के मुकदमे में न्याय की कुर्सी को निजी सौदेबाजी का जरिया बना दिया। आरोप है कि तहसीलदार ने अपने पद और अधिकारों का दुरुपयोग करते हुए विवादित जमीन के मुकदमे में एकपक्षीय फैसला दिया और बदले में उसी विवादित भूमि के हिस्से का बैनामा अपनी मां श्रीमती निर्मला शर्मा के नाम करा लिया।

- तहसीलदार की चली कलम और करोड़ों की जमीन मां के नाम बैनामा
- जिस जमीन पर सुनाया फैसला, उसी का करा लिया बैनामा, तहसीलदार पर गंभीर आरोप

चौंकाने वाली बात यह है कि विवादित भूखंड का बैनामा होने के बाद महज 15 दिनों के भीतर नामांतरण आदेश भी पारित कर दिया गया, जबकि सामान्य परिस्थितियों में ऐसे मामलों में लंबी प्रक्रिया और जांच होती है। इससे यह संदेह और गहरा गया है कि पूरा खेल पहले से तय पटकथा के तहत खेला गया। बताया जाता है कि संबंधित भूमि को लेकर वर्षों से विवाद चल रहा था और मामला राजस्व न्यायालय में विचाराधीन था। आरोप है कि तहसीलदार चंदन शर्मा ने उत्तर प्रदेश राजस्व संहिता-2006 में निर्धारित नियमों और प्रक्रियाओं को दरकिनार करते हुए अपने प्रभाव का इस्तेमाल कर एक पक्षीय निस्तारण किया। शिकायतकताओं का कहना है कि जिस अधिकारी को निष्पक्ष न्याय करना था, वही स्वयं विवादित संपत्ति का लाभार्थी बन बैठा।

फैसला भी अपना, फायदा भी अपना

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि आरोपों में सच्चाई है तो यह केवल भ्रष्टाचार नहीं, बल्कि सरकारी कुर्सी का खुला दुरुपयोग और न्यायिक प्रक्रिया की हत्या है। तहसील परिसर से लेकर गांवों तक इस मामले की चर्चा जोरों पर है। लोग यह कहने से गुरेज नही कर रहे है कि अब कप्तानगंज तहसील में फैसले कानून से नहीं, बल्कि जमीन के सौदे से तय होंगे? मामले को लेकर आम लोगों ने खुलकर मोर्चा खोल दिया है। मुख्यमंत्री, राजस्व परिषद और उच्चाधिकारियों को शिकायत भेजकर तहसीलदार चंदन शर्मा के खिलाफ कठोर कार्रवाई और उच्चस्तरीय जांच की मांग की गई है। शिकायतकताओं का आरोप है कि पूरे मामले में सत्ता और पद का दुरुपयोग कर नियमों को रौंदा गया।

हालाकि जिलाधिकारी महेंद्र सिंह तंवर का कहना है कि कप्तानगंज तहसील में कुछ जमीनों की खरीद-फरोख्त में स्थानीय तहसीलदार की भूमिका की बात सामने आई है. प्रकरण की जांच के लिए एसडीएम हाटा को जांच अधिकारी नामित कर दिया गया है.

तमकुहीराज में भी विवादों से रहा नाता

बेशक! यह पहला मौका नहीं है जब तहसीलदार चंदन शर्मा का नाम विवादों में आया है। इससे पहले जनपद के तमकुहीराज तहसील में तैनाती के दौरान भी उन पर कई गंभीर आरोप लगे थे। हालांकि तब मामला ठंडे बस्ते में चला गया, लेकिन कप्तानगंज में उठे नए बवंडर ने पुराने आरोपों को फिर जिंदा कर दिया है। अब देखना दिलचस्प होगा कि शासन इस मामले में निष्पक्ष कार्रवाई कर्ता है या फिर यह मामला भी फाइलों में दब जाएगा?

मदर्स डे पर नन्हे बच्चों ने दी भावुक प्रस्तुति, माताओं की आंखें हुईं नम

देवरिया। नगर पंचायत बैतालपुर के बरारी प्रथम स्थित वात्सल्य वैली प्री-स्कूल में मदर्स डे धूमधाम से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरूआत प्रधानाचार्या श्रीमती सलोनी मणि ने मां सरस्वती के चित्र पर पुष्प अर्पित कर की।

इस अवसर पर नन्हे-मुन्ने बच्चों ने मां की महत्ता को दशार्ते हुए रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। बच्चों की भावुक प्रस्तुतियों को देखकर कार्यक्रम में मौजूद माताएं भाव-विभोर हो गईं और कई की आंखें नम हो गईं।

कार्यक्रम के अंत में माताओं ने अपने बच्चों के साथ डांस कर खुशी का इजहार किया, जिससे पूरा वातावरण उत्साह और उमंग से भर गया।कार्यक्रम में काव्या यादव, वैभवी जायसवाल, अर्चिता मणि, रुद्रांश मणि, अंश यादव, अभय सिंह, युवराज सिंह, आयुष्मान सिंह, सात्विक श्रीवास्तव, मान्या गुप्ता, सृष्टि सिंह, सृजन सिंह, वायु तिवारी, कविश मणि, वैष्णवी मणि, शौर्या सिंह, राजबीर सिंह, अविराज चतुवेर्दी, प्राची जायसवाल, सिद्धि गुप्ता, अर्थव चतुवेर्दी, अन्वित मणि, अनय, शिवांश गुप्ता और साक्षी सिंह समेत अन्य बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं। इस दौरान शिक्षिका रुखसार फातिमा, पारुल तिवारी, प्रतिभा सिंह, प्रतिभा यादव, पल्लवी पासवान तथा स्टाफ सदस्य कलिंदी व योगेंद्र पंकज ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका रही।

खाद्य तेल व घी कारोबारियों के यहां छापेमारी नौ नमूने जांच को भेजे गये

देवरिया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश, लखनऊ के निर्देश तथा जिलाधिकारी देवरिया के निर्देशन में जनपद में खाद्य पदार्थों में मिलावट रोकने के लिए विशेष अभियान चलाया गया। अभियान के तहत 6 मई से 8 मई 2026 तक नवागत सहायक आयुक्त (खाद्य)-2 हितेन्द्र मोहन त्रिपाठी के निर्देशन में मुख्य खाद्य सुरक्षा अधिकारी राजीव मिश्र के साथ खाद्य सुरक्षा अधिकारियों की टीम ने जनपद के विभिन्न प्रतिष्ठानों पर निरीक्षण एवं छापेमारी की।

इस दौरान प्रदेश के बाहर से आने वाले खाद्य तेल एवं घी का कारोबार करने वाले व्यापारियों के प्रतिष्ठानों की जांच की गई। निरीक्षण के क्रम में खाद्य तेल एवं घी के कुल नौ नमूने विभिन्न प्रतिष्ठानों से मिलावट की आशंका पर संग्रहित कर जांच हेतु खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए। अभियान के दौरान प्रतिष्ठानों में पाई गई कमियों को लेकर संबंधित कारोबारियों को सुधार सूचना भी जारी की जा रही है। अधिकारियों ने बताया कि खाद्य प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम-2006 के तहत नियमानुसार कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।

मेन्टीनेन्स वाहन की चपेट में आने से एक की मौत

भटनी(देवरिया)।स्थानीय जीआरपी थाना क्षेत्र के सलेमपुर रेलवे स्टेशन पर मेन्टीनेन्स वाहन की चपेट में आने से एक अधेड़ व्यक्ति की मौत हो गई। इस संबंध में थाना जीआरपी भटनी ने बताया कि सलेमपुर रेलवे स्टेशन के दक्षिणी छोर पर रेलवे ट्रैक पर लगभग 13.00 बजे देवराज राम(50) पुत्र भरोसा राम, निवासी भटवा पाण्डेय, थाना लार की डीटीई मशीन (मेन्टीनेन्स वाहन) की चपेट में आने से मृत्यु हो गई।

विपक्ष की एकजुटता

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव में दो तिहाई बहुमत के साथ जीत दर्ज करने के बाद भाजपा ने इस बार सीएम के चयन में लोगों को चौंकाया नहीं। शुभेंदु अधिकारी जिन्होंने ममता बनर्जी को दो बार चुनाव हराया और राज्य विधानसभा में विपक्ष के नेता भी थे, उनको अपनी पहली सरकार का नेतृत्व सौंपकर नये प्रयोग से बचने का प्रयास किया है। यह उचित भी है क्योंकि अगर कोई चौंकाने वाला प्रयोग किया जाता, तो पहले से ही तमाम आरोप लगा रहीं विपक्षी टीएमसी को एक और मुद्दा मिल जाता। अब बंगाल में भाजपा के वायदों को पूरा करना, राज्य में नयी राजनीतिक संस्कृति विकसित करना और सियासी हिंसा के लिए बदनाम बंगाल को फिर से स्वस्थ लोकतांत्रिक विमर्श और भयमुक्त सियासी भागीदारी के लिए तैयार करना भारतीय जनता पार्टी और उसकी राज्य सरकार का दायित्व है। लेकिन इससे इतर करारी पराजय के बावजूद ममता बनर्जी ने नया प्रलाप शुरू किया है कि वह 'लोकभवन' जाकर मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा नहीं देंगी। वह चुनाव में हारी नहीं हैं, तो इस्तीफा क्यों दें? वह चुनाव नहीं हारी हैं, बल्कि उनकी 100 सीटें जबरन लूट ली गई हैं। चुनाव आयोग 'मुख्य खलनायक' है और देश के प्रधानमंत्री और गृहमंत्री की निगरानी में यह 'चुनावी लूट' की गई है। ममता का बेहद गंभीर आरोप है कि मतगणना केंद्र में उनके पेट और उनकी पीठ पर लातें मारी गईं। उन्हें धकिया कर मतगणना केंद्र से बाहर निकाल दिया गया। ये आरोप हिंसात्मक भी हैं। जब ममता बनर्जी मतगणना केंद्र में गई थीं, तो वह पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री थीं और भवानीपुर सीट पर उम्मीदवार भी थीं। सवाल और आश्चर्य है कि एक सार्वजनिक स्थल पर कोई भी एक मुख्यमंत्री, महिला मुख्यमंत्री, पर हिंसात्मक हमला कैसे कर सकता है? सुरक्षाकर्मी

कहां थे? ऐसे हमले की प्राथमिकी दर्ज क्यों नहीं कराई गई? क्या कोई साक्षी है उस हमले का? बहरहाल ममता बनर्जी ने 'चुनावी लूट' का नया नारा दिया है। इस मुद्दे पर अब वह सड़कों पर संघर्ष करेंगी और फिर सत्ता में लौटेंगी। बेशक ममता योद्धा किस्म की नेता रही हैं। हार के बाद ममता बनर्जी मुख्यमंत्री पद से इस्तीफा दें अथवा न दें, इससे कोई सांविधानिक फर्क नहीं पड़ता है। क्योंकि विधानसभा कार्यकाल पूरा होते ही राज्यपाल ने उन्हें हटा दिया है। अब तो नवनिर्वाचित विधायकों ने अपने नेता का चयन कर लिया है और शुभेंदु के शपथ का रास्ता साफ हो गया है। ममता बनर्जी ने अपने पद से त्यागपत्र न देकर यह जरूर स्पष्ट कर दिया है कि लोकतांत्रिक परंपराओं में उनका कोई भरोसा नहीं है। ममता ने 'चुनावी लूट' का जो प्रलाप शुरू कर राज्यपाल को इस्तीफा सौंपने से इंकार का जो बयान दिया, वह लोकतंत्र और संविधान के साथ खिलवाड़ माना जायेगा। हमें याद नहीं कि देश में किसी भी मुख्यमंत्री ने, चुनाव हारने के बाद, इस्तीफा देने से इंकार किया हो! लोकतंत्र ने ममता बनर्जी के खिलाफ निर्णायक जनादेश दिया है, उसे विनम्रता से स्वीकार करना चाहिए था। तमिलनाडु के मुख्यमंत्री स्टालिन और केरलम के मुख्यमंत्री विजयन ने चुनावी पराजय के बाद इस्तीफे दिए। चुनाव परिणाम प्रतिकूल आते ही पद से इस्तीफा देना देश की स्वस्थ लोकतांत्रिक परंपरा है। इसे कमजोर करना दरअसल लोकतंत्र को कमजोर करना है। बहरहाल अब ममता बनर्जी के लूट वाले नारे को राहुल गांधी, अखिलेश यादव, उद्धव ठाकरे, केजरीवाल, हेमंत सोरेन, तेजस्वी यादव सरीखे विपक्षी नेताओं ने समर्थन देने का ऐलान किया है। ऐसे में यह अनुमान लगाया जा सकता है कि भविष्य में इंडिया अलायंस ईवीएम, इलेक्शन कमीशन, चुनावी धांधली जैसे नैरेटिव खड़ा कर सरकार को घेरने का प्रयास करेगा। वैसे विपक्ष अपनी असलियत जानता है लेकिन वह गलत नैरेटिव खड़ा करने का प्रयास करेगा। इसलिए सरकार को विपक्ष के इस नकारात्मक रवैये से सतर्क रहते हुए प्रभावी काट तैयार करना होगा।

कहीं यह किसी साजिश का रिहर्सल तो नहीं?

मनोज वार्ष्णेय

देश हॉक्स बम थ्रेट से परेशान है। राजस्थान की विधानसभा, बॉम्बे स्टाक एक्सचेंज, हरियाणा सचिवालय, दिल्ली विधानसभा, मेट्रो रेल, देश के दूसरे हाईकोर्ट को बमों से उड़ा देंगे। हजारों धमकियां ऐसी जिसमें स्कूलों को बम से उड़ाने की हॉक्स बम थ्रेट और हवाई उड़ानों को बाधित करने के लिए हॉक्स बम थ्रेट ऐसे दी जा रही हैं, जैसे मीडिया में सामान्य सूचनाएं- आज पानी नहीं आएगा या विद्युत आपूर्ति बाधित रहेगी प्रकाशित होती हैं। लेकिन दो साल से अधिक होने के बाद भी इन धमकियों की गति कम नहीं हुई है। ऐसा लगने लगा है कि ये किसी बड़ी घटना का मॉक ड्रिल हैं, जो अगर हो गई तो हालात गंभीर हो सकते हैं।

बम ब्लास्ट की गंभीरता ऐसे समझिए कि राजस्थान में वर्ष 2008 में 13 मई को जब सिलसिलेवार बम ब्लास्ट हुए थे, तो पूरा भारत कांप गया था। आस्थाधाम मंदिरों के बाहर इन्हें बिना किसी धमकी के अंजाम दिया गया। तब 70 से अधिक लोगों की मौत हुई थी और कम से कम 170 लोग घायल हुए थे, परेशान करने वाली बात यह थी कि इसके अभियुक्तों का दर्द आज भी लोग झेल रहे हैं तथा खुद अभियुक्त अभी भी अदालत के चक्कर में फंसे हुए हैं। जरा याद कीजिए दो दशक पहले का समय, जब हम हवाई जहाज में बैठने को एक पर्व मानते थे। उन दिनों को याद कीजिए जब हम बस या रेल में यात्रा करते थे और ये यात्राएं हमारे लिए एक त्योहार जैसे होती थीं। इन सभी यात्राओं में एक समानता होती थी कि जब आप बस या रेल में अपनी सीट पर बैठते तो हमारी नजर सबसे पहले जाती थी उस चेतावनी पर जिसमें लिखा होता था कि सीट के नीचे, लगेज रैक, बस/टेज्न के फर्श पर पड़ी किसी भी लावारिस बैग, टिफिन, पार्सल को न छुएं, शोर मचाएं या अपने परिचालक को सूचित करें। कोई दो दशक पहले ऐसी चीजों में मोबाइल, पेजर तथा घड़ी भी होती थी। पर अब ये सब ओल्ड बातें हो चुकी हैं। अब सीधे ई-मेल से सूचना आती है कि बम से उड़ा दिया जाएगा। राजस्थान में तो विधानसभा को उड़ा देने की अब तक तीन बार धमकियां मिल चुकी हैं। दिल्ली में संसद पर हमला सभी को पता है, हालांकि वह बम से उड़ा देने वाली घटना नहीं थी, पर थी बहुत ही गंभीर। हॉक्स थ्रेट अब सरदार, भाभी-देवर और

> एक बात यह भी है कि जब हम इन हॉक्स थ्रेट का ही पता नहीं लगा पा रहे तो कोई घटना हो जाने पर क्या करेंगे? क्या पता चल पायेगा कि हॉक्स थ्रेट न होकर यह सही बात थी? और विधानसभा, हाईकोर्ट, बड़े स्कूल, मंदिर जहां पर देश के वीवीआईपी हमेशा आते-रहते हैं, वहां पर ऐसा होने पर क्या सुरक्षा प्लान है अभी तक इसका मॉक ड्रिल हुआ है, यह नहीं लगता। हां, जांच के नाम पर डॉग स्क्वॉयड के साथ सुरक्षाबल खोजबीन करके लौट आते हैं।

प्रेमी-प्रेमिका जैसे चुटकले बन चुकी हैं लेकिन इनको लेकर सुरक्षा एजेंसियों की नींद उड़ी हुई हैं। साइबर सेल अत्यंत गोपनीयता से काम कर रहे हैं और मेल आदि का असली श्रोत क्या है, यह एक चुनौती की तरल लिया जा रहा है। अभी तक किसी भी राजनैतिक पार्टी ने या सामाजिक संस्था ने इस हॉक्स थ्रेट राज को खोलने के लिए सरकार से पुरजोर मांग नहीं की है। हर बात पर हल्ला काटने वाले विपक्ष ने भी संसद या दूसरे संसदीय सौंध में इस मांग को लेकर 'वॉक आउट' या हंगामा भी नहीं किया है।

हॉक्स बम थ्रेट से परेशान है देश

पाकिस्तान में बैठे आतंकवादियों को तलाशकर भारत ने अंदर से ही मार गिराया, सर्जिकल स्ट्राइक से डरे आतंकवादी लंबे समय तक उठ नहीं पाए और फिर ऑपरेशन सिंदूर ने सारा काम पूरा कर दिया। मगर हॉक्स थ्रेट कहां से आ रही हैं? कौन दे रहा है, इसके पीछे कौन है जिनकी ताकत से ये नित लोगों को डरा रहे हैं? इसके बाद क्या कहने को बचता है कि जिनके कंधों पर प्रदेश को चलाने का बोझ है वह भी हॉक्स थ्रेट के श्रोतों को पता नहीं लगा पा रहे हैं।

एक अनुमान के आधार पर देशभर में पिछले कुछ महीनों में अभी तक कम से कम तीन हजार से अधिक हॉक्स थ्रेट मिल चुकी हैं। सर्वाधिक आर्थिक नुकसान एयर इंड्रस्ट्री का हुआ है। धमकी मिलते ही या तो उड़ाने रद्द करनी पड़ी या रास्ते बदले गए या फिर इमरजेंसी लैंडिंग करके यात्रियों को सुरक्षित किया गया। तीनों एयरलाइंस को कोई 300 से अधिक हॉक्स थ्रेट पिछले कुछ महीनों में मिल चुकी हैं। विमानन उद्योग के विशेषज्ञों की मानें तो उड़ान इमरजेंसी में रद्द करने से एक हजार करोड़ से ऊपर का नुकसान हो चुका है और फ्लाइट आदि को सुरक्षित करने के ऑपरेशन, जिसमें जांच आदि शामिल हैं, में भी इससे दो गुना अधिक रकम खर्च हो चुकी है। हॉक्स थ्रेट जहां पर मिलती है, वहां पर स्पेशल जांच विंग के साथ ही डॉग स्क्वॉयड, फायर ब्रिगेड आदि का जो समय खराब होता है, वह देश के दूसरे अपराधों को रोकने या फिर उनकी जांच में खर्च हो सकता है। मगर जब एक साथ सैंकड़ों लोगों की जान की बात आती है, तो उसे प्राथमिकता से देखा जाता है। यूं भारत ही नहीं दुनिया के कई अन्य देशों में भी हॉक्स थ्रेट की सूचनाएं प्रसारित होती हैं। अमेरिका, सिंगापुर जैसे देशों में भी इनका खौफ है। यहां के एयरपोर्ट या दूसरे स्थान सुरक्षा के मामले में भारत से कई गुना आगे हैं। खैर, प्रश्न यह है कि हॉक्स थ्रेट पर हो क्या रहा है? दरअसल पुलिस या उसके जैसे दूसरे सुरक्षाबल जब कोई हॉक्स थ्रेट मिलती है, तो जांच करते हैं और पता चलता है कि यह किसी ऐसी फर्जी मेल से आया है जिसका उपयोग डराने के लिए ही किया गया है। इसे डार्क वेब का भी प्रोडक्ट कह सकते हैं। जहां तक देश की बड़ी सुरक्षा एजेंसियों की बात है? तो वह इसे अभी भी किसी बड़ी साजिश का हिस्सा ही मान रही हैं। ऐसा भी कहा जाता है कि यह किसी की मजाकिया साजिश है। दिल्ली हाईकोर्ट के जज के मामले में पता चला था कि किसी बेरोजगार ने ऐसा किया। बाद में उसे मानसिक रोगी बताया गया। एक व्यक्ति और 1100 हॉक्स थ्रेट का जनक, यह बात सुनने में भले ही मजाक वाली लगे पर कहीं न कहीं कोई मामला तो है। यदि यह मान लिया जाए कि यह काम कोई बेरोजगार या मानसिक रोगी कर रहा है तो हॉक्स थ्रेट से पहले उसने क्या-क्या किया और उसका समाज में क्या व्यवहार रहा है, इस पर क्या जानकारी आयी? यह माना जा सकता है कि डराने या दुश्मनी निकालने के लिए ऐसा किया जा रहा है पर क्या जो ऐसा कर रहे हैं, वह यह नहीं जानते कि इसकी सजा दस साल तक की कैद, पूरे जीवन के लिए हवाई जहाज या उस स्थान पर जाना प्रतिबंधित कर दिया जाता है? इसके अतिरिक्त सुरक्षाबलों के पूछताछ का तरीका ऐसी सजा होती है, जिससे आत्मा तक कांप जाती है-खासकर राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों से। इसके बाद भी हॉक्स थ्रेट थम नहीं रही हैं। अपराधियों ने हॉक्स थ्रेट को अपना हथियार बना लिया है क्या? यह प्रश्न महत्वपूर्ण है? कारण सीधा सा है कि वह हॉक्स थ्रेट देकर कहीं यह, तो नहीं देख रहे कि जरा ढील मिले और वह अपना काम अंजाम दें? क्या इसमें पाकिस्तान, बांग्लादेश या उनके जैसे किसी सहयोगी देश का हाथ है, जो भारत में हॉक्स थ्रेट के माध्यम से एक आतंक का माहौल कायम रख अपनी किसी बड़ी आतंकवादी घटना को अंजाम देने को तैयार हो रहे हैं? कोई ऐसा देश जो भारत को साइबर के क्षेत्र में मदद कर रहा हो और भारत ने कितनी तरक्की कर ली है यह जांच रहा है? कौन है वह? आखिर भारत जब अन्य मामलों में अपने मित्र देशों से मदद ले सकता है तो फिर इनके लिए वह किस राह पर है?

एक बात यह भी है कि जब हम इन हॉक्स थ्रेट का ही पता नहीं लगा पर रहे तो कोई घटना हो जाने पर क्या करेंगे? क्या पता चल पायेगा कि हॉक्स थ्रेट न होकर यह सही बात थी? और विधानसभा, हाईकोर्ट, बड़े स्कूल, मंदिर जहां पर देश के वीवीआईपी हमेशा आते-रहते हैं, वहां पर ऐसा होने पर क्या सुरक्षा प्लान है अभी तक इसका मॉक ड्रिल हुआ है, यह नहीं लगता। हां, जांच के नाम पर डॉग स्क्वॉयड के साथ सुरक्षाबल खोजबीन करके लौट आते हैं और फिर वहीं रिपोर्ट- यह हॉक्स थ्रेट, महज डराने के लिए दी गई प्रतीत होती है या जांच चल रही है। वैसे अगर हम इतना पता लगा सकते हैं कि पाकिस्तान में आतंकवादी कहां छुपे हैं और उन्हें मार सकते हैं तो हॉक्स थ्रेट का ओरिजनल श्रोत पता लगाने में कहां झोल है?

सोशल मीडिया

पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में 11 मई को मुझे एक एक बार फिर वहां जाने का सौभाग्य मिलने वाला है, यह पीढ़ियों के निरंतर संघर्ष को याद दिलाता है। पीएम मोदी.

जीवन में समन्वय

प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में उसके गुरु, शिक्षक या किसी महापुरुष से मिली शिक्षा का सबसे महत्वपूर्ण स्थान होता है। उसी से जीवन के रास्ते तय होते हैं। साधारण इंसान हमेशा ऐसे कृत्यों में संलग्न रहते हैं जिसमें भोग, लिप्सा जैसी चेष्टाएं प्रधान होती हैं लेकिन महापुरुष हमेशा ऐसी प्रवृत्तियों से दूर लोक कल्याण एवं अध्यात्म चिंतन में रत रहते हैं। मनुष्य अनेकानेक क्षुद्र योनियों के कुसंस्कारों से लदे होते हैं। शिश्नोदर परायण पशु प्रवृत्तियों में ही उनका मन रमता और प्रयत्न चलता है। इस स्तर से उबर कर मानवी गरिमा के क्षेत्र में प्रवेश करने की प्रक्रिया आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान के सहारे ही संभव होती है। उसका आलोक अंतराल में प्रवेश करता है तो पुण्य परमार्थ की दो प्रवृत्तियां उभरती हैं। पुण्य अर्थात आत्मसंयम, परमार्थ अर्थात् सत्प्रवृत्ति संवर्द्धन में उत्साह। इन्हीं के समन्वय को देवत्व कहते हैं। महामानवों का यह कार्य क्षेत्र है। उनकी विचारणा एवं तत्परता इन्हीं दो प्रयोजनों पर केन्द्रित होती हैं। फलतः वे स्वयं कृतकृत्य होते हैं और अपने सम्पर्क क्षेत्र में शालीनता का वातवरण उत्पन्न करने में चंदन वृक्ष का उदाहरण बनते हैं। यह आध्यात्म क्षेत्र ही देव मानवों की, नर-रत्नों की खदान है। इस विद्या का जब जितना प्रचलन, विस्तारण होता है तब उसी अनुपात में वैयक्तिक प्रखरता और सामूहिक समर्थता की अभिवृद्धि होती है।

सर्वतोमुखी प्रगति का पथ प्रशस्त होता है। चेतना में उत्कृष्टता का स्तर बढ़ने से स्वल्प साधनों को मिल बांटकर खाया और संतोषपूर्ण रहा जा सकता है। जबकि इसमें कमी पड़ने पर आपस में टकराने और नारकीय दुष्प्रवृत्तियों से सवत्र अशांति उत्पन्न करते हैं। भले ही सम्पदा के पर्वत ईर्द-गिर्द ही क्यों न खड़े रहें। इन तथ्यों पर ध्यान देने से आध्यात्म तत्वज्ञान और साधन विधान की व्यवहारिक गरिम प्रकट होती है। यह प्रतिफल ऐसे हैं, जिन्हें अपनाये जाने पर मनुष्य में देवत्व का उदय होना निश्चित है। जहां सज्जनता बढ़ेगी वहां अपनी इसी धरती पर स्वर्ग जैसा वातावरण बिखरा-बिखरा फिरेगा। यही है आध्यात्म की विभूतिवान परिणति, जिसके लिए उसे विचारशीलों द्वारा असाधारण महत्व दिया गया है और उसके महात्मों का वर्णन अलंकारिक आकर्षणों सहित व्यक्त किया है। इसे दुर्भाग्य ही कहना चाहिए कि चेतना को नरक से उबार कर स्वर्ग में पहुंचाने वाली इस विधा को जादूगरी बाजीगरी की पंक्ति में बिठा दिया गया। प्रचलन में अध्यात्म का अर्थ कौतुक, कौतूहल, चमत्कार जैसा माना जाता है और उस आधार पर छुटपुट सी हेराफेरी करने पर विपुल अकर्मण्य लोग परुषार्थ के बल पर वैभव खरीदने में सफल नहीं होते तो इन हथकण्डों के सहारे सम्पत्तिवान और यशस्वी बनने की बात सोचते हैं।

अंतर्दृष्टि

विचार

ज्ञान द्वारा जिनके पाप धुल गए, वे ईश्वर का ध्यान धरने वाले, तन्मय हुए, उसमें स्थिर रहने वाले और उसी को सर्व मानने वाले लोग मोक्ष पाते हैं।
-श्रीमद्भागवत गीता.

यदि हमारे जीवन को हरा-भरा रखने हेतु, हमारे साथ प्रभु का पक्षपात है। यादें पंख हैं, जो उड़ने को पुरुषार्थ देती हैं।
-माखन लाल चतुर्वेदी.

वेदों के अध्ययन का सार है सत्य भाषण। जीवन का सार है इन्द्रिय संयम और इन्द्रिय संयम का सार है मोक्ष।
-महाभारत.

जब दुष्ट लोग गुट बना लें, तब सज्जनों को भी संगठित हो जाना चाहिए। अन्यथा एक-एक करके सबकी ही बलि चढ़ जायेगी।
-डिक्सन.

संगठन में अपार शक्ति है। संगठित होकर ही शक्तिशाली शत्रुओं पर विजयपायी जा सकती है।
-कौटिल्य.

टूट रहे हैं नित नये मैराथन रिकॉर्ड

मैराथन के दीवानों के लिए केन्या के सबस्टियन सावे के कारनामे को देखने का मंजर कभी न भूलने वाला पल रहा- दो घंटे की बाधा को तोड़ना, एक बार नहीं बल्कि एक ही दौड़ में दो बार। ऐसा महसूस हुआ जैसे रियल-टाइम में इतिहास को बनते हुए देखा जा रहा हो। मैं इसे युगों-युगों के लिए दौड़ कहना पसंद करूंगा। सावे ने 42.195 किमी की दूरी को 1:59:30 समय में पूरा किया और उनसे मात्र 11 सेकंड पीछे थे इथियोपिया के योनिफ केजेल्चा और वह भी दो घंटे के भीतर।



खेल जगत ● सारिम अन्ना

लंदन मैराथन में असंभव के आगे से अ हटाकर उसे संभव कर दिया गया। जो बात कुछ वर्ष पहले तक पहुंच के बाहर प्रतीत हो रही थी, उसे अब हासिल कर लिया गया है। मैराथन के दीवानों के लिए केन्या के सबस्टियन सावे के कारनामे को देखने का मंजर कभी न भूलने वाला पल रहा- दो घंटे की बाधा को तोड़ना, एक बार नहीं बल्कि एक ही दौड़ में दो बार। ऐसा महसूस हुआ जैसे रियल-टाइम में इतिहास को बनते हुए देखा जा रहा हो। मैं इसे युगों-युगों के लिए दौड़ कहना पसंद करूंगा। सावे ने 42.195 किमी की दूरी को 1:59:30 समय में पूरा किया और उनसे मात्र 11 सेकंड पीछे थे इथियोपिया के योनिफ केजेल्चा और वह भी दो घंटे के भीतर। इस प्रकार का प्रदर्शन एथलीट्स में विश्वास जगाता है कि उच्चतम बेंचमार्क को भी चुनौती दी जा सकती है। हालांकि मैंने इस रेस को लाइव नहीं देखा था, लेकिन बाद में इसकी पूरी रिकॉर्डिंग देखी और विशेषज्ञों की मदद से इसकी बारीक समीक्षा की। इस तथ्य पर भी चर्चा की कि इस किस्म के प्रदर्शन किस तरह से दौड़ के भविष्य को नई दिशा दे रहे हैं और वह भी ऐसे दौर में जब मानवों को ह्यूमनोइड रोबो से कड़ी चुनौती मिल रही है।

गौरतलब है कि ह्यूमनोइड रोबो ने हाल ही में हाफ मैराथन 50 मिनट 26 सेकंड में पूरी करके मानव रिकॉर्ड को लगभग 7 मिनट से पराजित किया (देखें बॉक्स)। इस पृष्ठभूमि में यह महत्वपूर्ण हो जाता है कि मानव धावक सोचें कि अपनी टाइमिंग को अतिरिक्त बेहतर करने के लिए वह क्या कुछ करें। सीमाएं तो होती ही हैं तोड़ने के लिए और इंसान इस संदर्भ में निरंतर कोशिश में लगा हुआ है, क्योंकि उसे खुद से भी बेहतर करना है और मशीन को भी न सिर्फ अपने पर हावी होने देना है बल्कि उसे पराजित भी करना है। इसलिए यह आश्चर्य नहीं है कि सितम्बर 2003 के बाद से मैराथन के 10 विश्व रिकॉर्ड तोड़े जा चुके हैं। वर्ष 2003 में मैराथन विश्व रिकॉर्ड के लिए औसत स्पीड प्रति किमी के लिए 2 मिनट 58 सेकंड थी, जबकि 26 अप्रैल 2026 को लंदन में विश्व रिकॉर्ड के लिए यह 2 मिनट 50 सेकंड प्रति किमी थी।

जहां तक भारत की बात है तो अप्रैल 2026 के शुरू में सावन बरवाल ने रोटरडैम में 2:11:58 का समय निकालकर 48 वर्ष पुराना राष्ट्रीय रिकॉर्ड तोड़ा। सावन के लिए इस रिकॉर्ड का बहुत अधिक महत्व है, लेकिन जो कुछ लंदन में हुआ वह उन्हें अतिरिक्त प्रेरित करता है। लंदन में सबसे अधिक नुमायां थी दौड़ की योजना, सावे ने दौड़ का दूसरा चरण पहले चरण की तुलना में अधिक तेजी से पूरा किया। ध्यान रहे कि अब मैराथन 10-10-10 मेथड से दौड़ी जा रही हैं यानी पूरी दूरी को तीन हिस्सों में विभाजित कर दिया जाता है और हर हिस्से में औसत स्पीड अलग रखी जाती है। एक अन्य फैक्टर जो लंदन मैराथन में देखने को मिला वह है 'सुपर शूज' में जबरदस्त विकास। इन नेक्स्ट-जनरेशन के अल्ट्रालाइट शूज में ऊर्जा को वापस लाने वाले फोम के साथ कार्बन प्लेट्स होती हैं, जिससे प्रदर्शन में वृद्धि होती है। कहने का अर्थ यह है कि टेक्नोलॉजी ने मानव प्रयास में सहयोग किया है बल्कि मानव कोशिशों को थोड़ा आसान किया है। सावन एएसआईसीएस मेटा स्पीड शूज इस्तेमाल करते हैं, जिससे उन्हें अपनी टाइमिंग कम करने में मदद मिली है। सावे एडीजेरो एडीऑस प्रो एवो 3 शूज इस्तेमाल करते हैं और उनकी जीत से यह जूते कल्ट स्टेटस इख्तियार कर चुके हैं और एडिडास के शेयर में 2 प्रतिशत का इजाफा हुआ है।

वैसे इस संदर्भ में ग्राउंडवर्क नाइक ने किया। हालांकि उसका ब्रेकिंग 2 प्रोजेक्ट 2017 मोंजा में दो घंटे की सीमा को तोड़ न सका था, लेकिन उसकी वजह से कार्बन-फाइबर शूज के विकास का आंदोलन आरंभ हुआ। 2019 में केन्या के ई-किप्चोगे ने आईएनईओएस 1:59 चैलेंज में 1:59:40.2 का समय निकाला था, लेकिन मुकाबले के अभाव में उसे मान्यता नहीं दी गई। एडीजेरो एडीऑस प्रो एवो 3 में इनोवेटिव फोम, कार्बन-प्लेटेड सोल और अल्ट्रा लाइट मटेरियल का इस्तेमाल किया जाता है। यह 97 ग्राम का है, अपने पूर्ववर्ती जूतों से 30 प्रतिशत हल्का है और रनिंग इकॉनमी को 1.6 प्रतिशत बेहतर कर देता है। सावे के कारनामे को नाइक ने रहस्यपूर्ण पोस्ट से स्वीकार किया- 'घड़ी को पुनः सेट कर दिया गया है। अब कोई फिनिश लाइन नहीं है।' ..और अंत में 'वेल डन' लिखा। लेकिन दौड़ में मुख्य फैक्टर पेसमेकर्स थे। वह किसी भी कुलीन दौड़ का मुख्य केंद्र होते हैं; क्योंकि वह रिदम को बनाये रखने, ऊर्जा को बचाने और बुद्धिमानी से दौड़ की संरचना करने में मदद करते हैं। लंदन में उन्होंने निरंतरता से विभाजन स्थापित किये और हर फेज में आगे दौड़ने वालों को गाइड किया। सावन अक्सर कोलोराडो स्प्रिंग्स में ट्रेन करते हैं, जहां अच्छे पेसमेकर्स की वजह से उनके मैराथन अनुभव में सकारात्मक इजाफा हुआ है और उनको अपनी टाइमिंग में सुधार लाने में मदद मिली है।

मानव बनाम रोबो मैराथन

अप्रैल 2026 में बीजिंग की हाफ मैराथन के दौरान ह्यूमनोइड रोबो ने मानव धावकों को पराजित कर दिया था। चीनी स्मार्टफोन ब्रांड हॉनर द्वारा विकसित 'लाइटनिंग' नामक 169 सेमी ऊंचे रेड रोबो ने अपने नाम के अनुरूप प्रदर्शन करते हुए 13.1 मील (21 किमी) की दौड़ को 50 मिनट 26 सेकंड में जीता, जबकि वर्तमान में हाफ मैराथन का विश्व रिकॉर्ड (पुरुष वर्ग) 57 मिनट 20 सेकंड का है, जिसे 2021 में जैकब किप्लिमो ने स्थापित किया था। इसका अर्थ यह हुआ कि आधिकारिक मानव हाफ मैराथन विश्व रिकॉर्ड को रोबो ने लगभग 7 मिनट से पराजित किया, जिससे स्पष्ट हो जाता है कि स्वायत्त रोबोटिक्स और आर्टिफिशल इंटेलिजेंस में बहुत तेजी से विकास हो रहा है। गौरतलब है कि इस दौड़ में लगभग आधे रोबो अपने आप दौड़े, जबकि शेष को रिमोट से नियंत्रित किया गया था। इनका प्रदर्शन पिछले साल की प्रारम्भिक दौड़ से बेहतर रहा, जब अधिकतर रोबो दौड़ को पूरा भी नहीं कर पाये थे। यह उपलब्धि इस बात को भी दशार्ती है कि रोबोटिक्स में चीन तेजी से इतनी प्रगति कर रहा है कि वह इंटेलीजेंट मशीन विकसित करने में विश्व का नेतृत्व करने की स्थिति में आता जा रहा है। हॉनर व अगिबोट आदि जो रोबो विकसित कर रहे हैं, वह अब ट्रायल फेज से रियल-वर्ल्ड स्थितियों में अपनी क्षमता का प्रदर्शन करने लगे हैं, जिनमें विभिन्न प्रकार की जमीनों पर दौड़ना भी शामिल है। बहरहाल, इनकी स्पीड के बावजूद विशेषज्ञों का कहना है कि यह रोबो अब भी उन जटिल कार्यों में संघर्ष करेंगे जिनमें मोटर स्किल्स की आवश्यकता होगी और मानवों के विपरीत वह बदले हुए अनिश्चित वातावरण के अनुरूप खुद को तुरंत ढाल नहीं सकेंगे।

आप की बात

शिक्षा का स्तर सुधारें

मदरसा एक शिक्षा संस्थान हैं और लाखों का बच्चों एवं देश का इससे भविष्य जुड़ा है। इसलिए सरकार को इनको ठीक करने, इनको सुधारने के लिए हर तरह से प्रयास करना चाहिए। लेकिन कुछ लोग होते ही ऐसे हैं जो इसी ताक में रहते हैं कि विवाद का कोई मौका मिले जिसमें पैर अड़ाकर वे अपनी मौजूदगी का प्रदर्शन कर सकें। राजनीति में तो खैर अधिकांश इसी वर्ग से आते हैं। इसीलिए नेता किसी मुद्दे पर चाहे जितना बोलें, चाहे जितने बहस, विश्लेषण करें, लेकिन कभी सच नहीं बोलेंगे। वे जितना अधिक बोलेंगे, उतना ही उलझाते रहेंगे और लोग उसमें उलझते, फंसते व भ्रमित होते रहेंगे। सियासत का इसी में स्वार्थ है और सियासी लोग ऐसे ही अपना स्वार्थ सिद्ध करते हैं। शिक्षा के साथ कोई भी सियासत नहीं होनी चाहिए। मदरसा में लाखों छात्र बढ़ते हैं। इसलिए यह जरूरी है कि इनमें शिक्षा और प्रशिक्षण का स्तर सुधारें ताकि यहां पढ़ने वाले छात्रों को बेहतर स्किल और प्रशिक्षण प्राप्त हो सके।

मनीष कुमार सिंह, लखनऊ.

औद्योगिक प्रशिक्षण

देश में रोजगार को बढ़ावा देने के लिए सरकार कौशल विकास मिशन चला रही है लेकिन एक लंबे समय से इसकी गतिविधियां ठप हैं। कोरोना काल में दो वर्ष तक सब कुछ ठप रहा। ऐसे में रोजगार सृजन बहुत जरूरी है इसलिए सरकार को कौशल विकास मिशन को तेजी से आगे बढ़ाना चाहिए और सबको प्रशिक्षण का अवसर देना चाहिए। शिक्षा और प्रशिक्षण की सुविधाएं जैसे-जैसे बढ़ रही हैं उसी गति से देश में कुशल एवं शिक्षित श्रम तैयार हो रहा है और देश के श्रमबल में हर साल बड़े पैमाने पर नये युवा जुड़ रहे हैं लेकिन इनके रोजगार के लिए कोई उपयुक्त व्यवस्था नहीं होने के कारण बेरोजगारी बड़ रही है। युवाओं के लिए रोजगार बढ़ाना और सबके लिए काम की व्यवस्था करना भारत और राज्यों के सरकारों की सबसे बड़ी प्राथमिकता होनी चाहिए। भारत सरकार युवाओं को रोजगार उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास मिशन और मुद्रा योजना चला रही है लेकिन देखने में यह आया है कि बैंक बड़े-बड़े लोन तो आसानी से दे देते हैं और डूबा भी बैठते हैं लेकिन बेरोजगार युवाओं को कारोबार शुरू करने के लिए एक-दो लाख का लोन देने में बड़ी अनाकानी करते हैं। इसलिए सरकार को स्वयं कर्ज उपलब्ध कराना चाहिए।

आलोक कुमार भट्ट, लखनऊ.

संक्षेप

परिषदीय विद्यालय बंद होने पर स्टाफ का रोका वेतन

बांदा। पैलानी तहसील के उच्च प्राथमिक विद्यालय शेखूपुर के प्रधानाध्यापक को कारण बताओं नोटिस के साथ-साथ स्टाफ का वेतन रोका गया है। बीईओ ने बताया कि विद्यालय को समय से न खोले जाने, छात्राओं के भविष्य के साथ खिलवाड़ किए जाने को लेकर जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी प्रधानाध्यापक, इंचार्ज प्रधानाध्यापक एवं समस्त सहायक अध्यापक के विरुद्ध कारण बताओं नोटिस जारी किया है। उनका वेतन रोक दिया गया है। बताया गया की समय अवधि में विद्यालय बंद होने की वजह से विद्यालय में कार्यरत स्टाफ के विरुद्ध कार्रवाई की गई है। खंड शिक्षा अधिकारी ने कारण बताओ नोटिस के साथ-साथ अग्रिम आदेशों तक विद्यालय में कार्यरत समस्त स्टाफ का माह मई का वेतन अवरुद्ध कर दिया है।

11 को महिला आयोग की सदस्य करेंगी जनसुनवाई

बांदा। उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य अर्चना पटेल 11 मई को जनपद में भ्रमण कार्यक्रम के दौरान महिलाओं की जागरूकता चैपाल एवं महिलाओं से संबंधित समस्याओं की जनसुनवाई सर्किट हाउस सभागार में करेंगी। महिला जनसुनवाई में महिलाओं के उत्पीडन, घरेलू हिंसा, दहेज व अन्य महिलाओं की समस्याओं से सम्बन्धित समस्याओं को सुनते हुए उनका निस्तारण किया जायेगा। महिला जनसुनवाई में पुलिस अधिकारियों के साथ महिला थानाध्यक्ष, जिला प्रोबेशन अधिकारी, जिला समाज कल्याण अधिकारी, संबंधित विभागों के अधिकारीगण उपस्थित रहेंगे।

अधिकारियों को जनप्रतिनिधियों के सामने जोड़ना होगा हाथ

बांदा। जनप्रतिनिधियों से सम्मानजनक व्यवहार न करना अधिकारियों को अब भारी पड़ेगा। प्रशासनिक अधिकारियों को अब सांसद और विधायकों के सामने हाथ जोड़ने पड़ेंगे। कार्यालय में आने पर अधिकारियों को सांसदों व विधायकों का हाथ जोड़कर व उठकर सम्मान करना होगा। उनसे चाय-पानी भी पूछना होगा। इतना नहीं फोन आने पर उसका जवाब देना होगा। बैठक में होने पर पलटकर फोन कर जवाब देना होगा। ऐसे अधिकारियों और कर्मचारियों के खिलाफ उ0प्र0 राज्य कर्मचारी आचरण नियमावली के तहत कार्रवाई की जाएगी। मुख्य सचिव एसपी गोयल ने इस संबंध में गुरुवार को शासनादेश जारी किया है। इसमें अब तक जारी 15 शासनादेशों का हवाला देते हुए कहा गया है कि इतने आदेश जारी करने के बाद भी संसद सदस्यों, विधानमंडल सदस्यों आदि के साथ प्रोटोकॉल का सख्ती से पालन न करने की शिकायतें लगातार प्राप्त हो रही हैं। अधिकारियों को ऐसा न किया जाना प्रोटोकॉल का उल्लंघन है।

फुटपाथी व्यापारियों ने लगायी मदद की गुहार

ललितपुर (वीओएल)। फुटपाथ पर छोटे व्यापार कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले गरीब मजदूर एवं रेहड़ी-पटरी व्यापारियों ने नगर पालिका की कार्रवाई के बाद अपनी पीड़ा जाहिर करते हुए प्रशासन और जनप्रतिनिधियों से मदद की अपील की है। व्यापारियों का कहना है कि नगर पालिका द्वारा उन्हें व्यवस्थित करने के उद्देश्य से दुकाननुमा डब्बे उपलब्ध कराए जाने की बात कही गई थी, ताकि फुटपाथ पर बैठने वाले छोटे व्यापारियों को एक स्थायी और सम्मानजनक स्थान मिल सके। व्यापारियों का आरोप है कि उन्हें व्यवस्थित करने की प्रक्रिया पूरी किए बिना ही अतिक्रमण हटाने के नाम पर बुलडोजर कार्रवाई कर दी गई, जिससे कई छोटे व्यापारियों का रोजगार पूरी तरह प्रभावित हो गया। उनका कहना है कि कई परिवार आज आर्थिक संकट से गुजर रहे हैं और बच्चों की स्कूल फीस जमा करना, घर का खर्च चलाना तथा दैनिक जरूरतों को पूरा करना भी मुश्किल हो गया है। फुटपाथी व्यापारियों ने प्रशासन, जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों से अपील करते हुए कहा कि उनके रोजगार को दोबारा शुरू कराने और वैकल्पिक व्यवस्था उपलब्ध कराने में सहयोग किया जाए, ताकि उनके परिवारों के सामने उत्पन्न आजीविका का संकट दूर हो सके। स्थानीय व्यापारियों ने चेतावनी दी है कि यदि उनकी समस्याओं का जल्द समाधान नहीं किया गया तो वह सामूहिक रूप से अपनी आवाज बुलंद करने को मजबूर होंगे।

पीएम के संकल्प कुपोषण मुक्त भारत को हम सभी मिलकर करें साकारः मंत्री बेबी रानी मौर्य

जिला संवाददाता

- स्मार्ट फोन से आंगनबाड़ी केन्द्र बनेंगे हाईटेक, देंगे बेहतर सेवाएं
- जनपद दौरे में मंत्री ने मुख्य सेविकाओं को बांटे स्मार्ट फोन
- पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की करायी गोद भराइ

ललितपुर (वीओएल)। उत्तर प्रदेश सरकार की महिला कल्याण, बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग की मंत्री श्रीमती बेबी रानी मौर्य ने आज जिले में आकर विभाग द्वारा चलायी जा रही योजनाओं की गहन समीक्षा की, वहीं उन्होंने आंगनबाड़ी केन्द्रों को और हाईटेक बनाने के लिए मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये तथा पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया। इस अवसर पर राज्य मंत्री मनोहल लाल पंथ, सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिलाध्यक्ष हरीशचन्द्र रावत सहित लक्ष्मी रावत, चन्द्रशेखर पंथ, गौरव गौतम की उपस्थिति रही।

मंत्री बेबीरानी मोर्य ने जिले में पहुंचते ही महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य को लेकर अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की और कहा कि सरकार महिलाओं एवं बच्चों के स्वास्थ्य के प्रति बेहद गंभीर है। जिस देश की महिलाएं और बच्चे स्वस्थ होंगे, वह देश विकास के शिखर को छुएगा। उन्होंने कहा कि आज के दौरे का मुख्य उद्देश्य आंगनबाड़ी केन्द्रों को हाईटेक बनाने की दिशा में कदम बढ़ाना है, जिससे हमारी माताओं, बहनो और नन्हे बच्चों को अच्छा स्वास्थ्य मिले और वे भी अपनी पूरी शक्ति के साथ देश के विकास में अपनी भागीदारी निभा सकें। उन्होंने कहा कि प्रदेश में पोषण अभियान के तहत हर आंगनबाड़ी केन्द्र पर स्मार्ट फोन वितरित किये जा रहे हैं, जिससे अब आंगनबाड़ी केन्द्र और हाईटेक हो सकेंगे और पहले से ज्याद बेहतर सेवाएं दे सकेंगे।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री का संकल्प है कि देश से कुपोषण को पूरी तहर समाप्त करना है, जिसके लिए वे पूरी तत्परता से कार्य कर रहे हैं।

हम सभी को मिलकर प्रधानमंत्री जी के इस संकल्प को साकार करना है और देश को कुपोषण मुक्त बनाना है।इसके उपरान्त उन्होंने सर्किट हाउस में आंगनबाड़ी केन्द्रों की मुख्य सेविकाओं को स्मार्ट फोन वितरित किये तथा पोषण अभियान के तहत गर्भवती महिलाओं की गोद भराई एवं 06 माह पूर्ण कर चुके बच्चों का अन्नप्राशन कराया। उन्होंने इन नन्हे बच्चों को कृष्ण का अवतार बनाते हुए माताओं से कहा कि इनका लालन-पालन बहुत ध्यान से करें, इन्हें अच्छे संस्कार दें और देश की सेवा के लिए तैयार करें। मंत्री ने जिला प्रोबेशन अधिकारी और जिला कार्यक्रम अधिकारी से उनके विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की समीक्षा की। जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह ने पोषण अभियान से लेकर पोषाहार वितरण, आंगनबाड़ी केन्द्र निर्माण तक की सभी योजनाओं के बारे में बताया।

इस दौरान जिलाधिकारी सत्यप्रकाश, पुलिस अधीक्षक मो0 मुश्ताक सहित उप जिलाधिकारी सदर मनीष कुमार, क्षेत्राधिकारी सदर सुनील भारद्वाज, जिला प्रोबेशन अधिकारी नन्दलाल सिंह, जिला कार्यक्रम अधिकारी नीरज सिंह, महिला थानाध्यक्ष अनीता सिंह सहित अन्य उपस्थित रहे।

पुलिस की गोली से दो घायल, तीन गिरफ्तार, चार ट्रैक्टर बरामद

- अंतर्राज्यीय ट्रैक्टर चोरों की पुलिस से मुठभेड़

महोबा/चरखारी। थाना चरखारी क्षेत्रांतर्गत मोहल्ला रायनपुर निवासी दीनदयाल पुत्र भान सिंह के द्वारा थाने में शिकायती प्रार्थना पत्र प्रस्तुत कर बताया गया कि दिनांक 30 अप्रेल 2026 की रात्रि में उसका ट्रैक्टर मय ट्राली के अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर थाना चरखारी में धारा 303(2) बीएनएस के तहत अभियोग पंजीकृत किया गया। पुलिस अधीक्षक शशांक सिंह द्वारा उक्त चोरी की घटना का संज्ञान लिया गया एवं घटना की गंभीरता को देखते हुए अपर पुलिस अधीक्षक वन्दना सिंह एवं क्षेत्राधिकारी रविकांत गोंड के निकट पर्यवेक्षण में थाना चरखारी, जनपदीय स्वॉट एवं सर्विलांश के साथ पुलिस टीमों का गठन किया गया। पुलिस टीम को घटना के संबंध में मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि चोरी की गई ट्रैक्टर ट्रॉली को बेचने के उद्देश्य से कुछ बदमाश गुढ़ा से पनवाड़ी होते हुए मध्यप्रदेश की ओर जाने वाले हैं तथा उनके पास अवैध हथियार भी हैं। सूचना पर पुलिस टीम द्वारा गौरहारी व भटेवरा कलां के बीच स्थित टूटी पुलिया के पास घेराबंदी कर एम्बुश लगाया गया। कुछ समय पश्चात संदिग्ध ट्रैक्टर-ट्रॉली आती दिखाई दी, जिसे पुलिस टीम द्वारा रोकने का प्रयास किया गया। पुलिस को देखकर बदमाश ट्रैक्टर छोड़कर भागने लगे तथा पुलिस टीम पर जान से मारने की नीयत से अवैध तमंचों से फायरिंग कर दी। पुलिस टीम द्वारा आत्मरक्षार्थ जवाबी कार्रवाई की गई, जिसमें दो बदमाश घायल हो गये, इस दौरान दो घायल अभियुक्तों सहित कुल तीन अभियुक्तों गजेन्द्र बघेल पुत्र पानसिंह उम्र लगभग 33 वर्ष निवासी ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना मध्य प्रदेश, रंजीत बघेल पुत्र सुरेन्द्र सिंह उम्र लगभग 21 वर्ष निवासी ग्राम गौसपुर थाना सरायछोला जनपद मुरैना मध्य प्रदेश, रविन्द्र बघेल पुत्र रामप्रसाद उम्र लगभग 26 वर्ष निवासी सिद्धनगर कॉलोनी थाना कोतवाली मुरैना मध्य प्रदेश को मौके से गिरफ्तार किया गया। अभियुक्तों के कब्जे से चोरी का ट्रैक्टर मय ट्रॉली, 2 अवैध तमंचा, 2 अदद कारतूस, 2 खोखा कारतूस, 2 मोबाइल फोन, नगद रुपये, 3 संदिग्ध ट्रैक्टर बरामद किए गये।

पूछताछ में अभियुक्तों द्वारा स्वीकार किया गया कि उन्होंने चरखारी क्षेत्र से उक्त ट्रैक्टर-ट्रॉली चोरी की थी तथा उसे बेचने के लिए ले जा रहे थे। अभियुक्तों की निशानदेही पर ग्राम गुढ़ा स्थित एक बाग से 3 अन्य संदिग्ध ट्रैक्टर भी बरामद किये गये। घायल अभियुक्तों को उपचार हेतु सीएचसी चरखारी भेजा गया, जहां से बेहतर उपचार हेतु जिला अस्पताल महोबा रेफर किया गया है, चिकित्सकों ने उनकी हालत स्थिर बतायी है।

बाइकों की भिड़ंत एक की मौत, चार भर्ती

बांदा। नरैनी कोतवाली क्षेत्र के जमवारा और गोरेपुरवा गांव के बीच सड़क पर शुक्रवार को दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई। हादसे में एक युवक की मौत हो गई, जबकि दो अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए जिन्हें रिफर के दिया गया। वहीं एक अन्य दुर्घटना में दो बाइक सवार टकराने से घायल हो गए। जिनका उपचार जारी है।मध्य प्रदेश के छतरपुर जनपद स्थित गोयरा थाना क्षेत्र के महेवा गांव निवासी शारदा सोनी (22) पुत्र सियाराम सोनी अपने मित्र अजय सिंह यादव (28) पुत्र बंदी सिंह यादव के साथ गिरवां थाना क्षेत्र के खुरहंड़ गांव मोटरसाइकिल से गया था। वापस लौटते समय गोरेपुरवा और जमवारा गांव के बीच सामने से आ रही बाइक से उसकी जोरदार टक्कर हो गई। दूसरी बाइक पर कैशनूर (23) पुत्र हसीन खान निवासी कट्टरा, मध्य प्रदेश सवार था। हादसे में तीनों युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना की सूचना पर उपनिरीक्षक कल्बे अब्बास मौके पर पहुंच कर सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया, जहां डाक्टर अजय प्रताप विश्वकर्मा ने शारदा सोनी को मृत घोषित कर दिया। वहीं अजय सिंह यादव और कैशनूर की हालत गंभीर होने पर प्राथमिक उपचार के बाद रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मृतक के भाई विजय सोनी ने बताया कि शारदा नाचने का काम करता था। इसी सिलसिले में वह खुरहंड़ गांव गया था। उसकी अभी शादी नहीं हुई थी। वहीं एक अन्य घटना में नरैनी कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत पड़मई गांव निवासी 23 वर्षीय पतरस पुत्र संतोष कुमार पड़मई गांव के पास बाइक में बैठे-बैठे एक दुकान से सामान ले रहा था। उसी समय पीछे से आई तेज रफ्तार दूसरी बाइक सवार 20 वर्षीय विकास पुत्र दादूलाल अहिरवार निवासी चंदौरा जिला पन्ना मध्य प्रदेश ने टक्कर मार दी। इससे दोनों बाइक सवार घायल हो गए। राहगीरों की मदद से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। प्राथमिक उपचार के बाद दोनों को रानी दुर्गावती मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया गया।

एक लाख का इनामी बबलू मुठभेड़ में गिरफ्तार

जिला संवाददाता

फतेहपुर। जनपद फतेहपुर के चर्चित खागा प्रकरण में एक लाख रुपये के इनामी अभियुक्त बबलू को पुलिस ने लंबी फरारी के बाद दबोच लिया। लंबे समय से फरार चल रहे इस कुख्यात बदमाश को खागा क्षेत्र के एक सुनसान जंगल में छिपे होने की गुप्त सूचना मिली थी। सूचना पर थाना खागा, थाना हथगांव, थाना थरियांव और एसओजी की संयुक्त टीम ने तत्परता से कार्रवाई की और अभियुक्त को घेर लिया।मुठभेड़ के दौरान बबलू ने हताशा में अपने अवैध तमंचे से पुलिस टीम पर अंधाधुंध फायरिंग शुरू कर दी। पुलिस ने भी आत्मरक्षा में जवाबी कार्रवाई की, जिसमें अभियुक्त के दोनों पैरों में गोली लग गई।

घायल अवस्था में बबलू को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका इलाज चल रहा है। डॉक्टरों के अनुसार उसकी हालत स्थिर है, लेकिन दोनों पैरों में लगी गोलियों के कारण उसे काफी चोटें आई हैं।खागा प्रकरण का संक्षिप्त विवरणखागा प्रकरण के सबसे चर्चित आपराधिक मामलों में से एक है, जिसमें बबलू पर गंभीर अपराधों जैसे हत्या, लूट और अन्य संगीन धाराओं के तहत मुकदमा दर्ज है। एक लाख रुपये के इनाम घोषित होने के बावजूद वह पुलिस की पकड़ से बचता रहा था। इस गिरफ्तारी से पुलिस को बड़ी सफलता मिली है, जो जिले में अपराधियों के मनोबल को तोड़ने वाली है।पुलिस अधीक्षक अभिमन्यु मांगलिक ने इस कार्रवाई पर संतोष जाहिर करते हुए कहा गुप्त सूचना और टीमवर्क के दम पर हमने इस कुख्यात अपराधी को पकड़ लिया।फतेहपुर पुलिस अपराधमुक्त जिले बनाने के प्रति कटिबद्ध है। ऐसी कोई भी घटना बर्दाश्त नहीं की जाएगी।₹ उन्होंने जनता से अपील की कि अपराधियों के बारे में कोई भी सूचना देने में संकोच न करें।

आज अभियुक्त बबलू को न्यायालय में पेश किया जाएगा, जहां सभी साक्ष्यों के आधार पर उसकी रिमांड ली जाएगी। पुलिस को उसके पास से एक अवैध तमंचा भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही है।

एपीडा ने कृषि निर्यात को दी नयी दिशा

फतेहपुर। जनपद में कृषि निर्यात की अपार संभावनाओं को मजबूत करने के उद्देश्य से एपीडा कृषि और प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा एक महत्वपूर्ण क्षमता निर्माण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम कृषि भवन के सभागार में ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक कार्यालय के सौजन्य से आयोजित हुआ, जिसमें एफपीओ, निर्यातक, किसान, उत्पादक और अन्य हितधारकों ने भाग लिया। कार्यक्रम का मुख्य फोकस उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति के तहत स्थापित क्लस्टरों से उत्पाद निर्यात को बढ़ावा देना रहा।कार्यक्रम का शुभारंभ और प्रमुख बिंदुकार्यक्रम की शुरूआत ज्येष्ठ कृषि विपणन निरीक्षक विनोद कुमार ने की, जिन्होंने एपीडा अधिकारियों, निर्यातकों और किसानों का स्वागत किया। शुभम राय, एपीडा के एसोशिएट वाराणसी क्षेत्रीय कार्यालय ने एपीडा की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने एपीडा पंजीकरण, बायर-सेलर मीट, राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय प्रदर्शनियों तथा गुणवत्ता प्रमाणन पर विस्तृत जानकारी दी। विशेष रूप से भिटौरा विकासखंड के केला क्लस्टर, अमौली के हरी मिर्च क्लस्टर तथा भिटौरा-बहुआ के आलू क्लस्टर से उत्पाद निर्यात की प्रक्रिया पर जोर दिया गया। राय ने कहा कि जनपद के इन प्रसिद्ध उत्पादों को वैश्विक बाजार तक पहुंचाने के लिए आगे भी ऐसे कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।विनोद कुमार ने उत्तर प्रदेश कृषि निर्यात नीति बारीकियां बताईं। उन्होंने अवगत कराया कि जनपद में अब तक तीन कृषि निर्यात क्लस्टर गठित हो चुके हैं, जिनके अनुमोदन हेतु जिलाधिकारी स्तर से प्रस्ताव लखनऊ निदेशालय को भेजा गया है।

परेड ग्राउंड में एसपी ने दिए जरूरी निर्देश

फतेहपुर। पुलिस लाइन परेड ग्राउंड, जनपद फतेहपुर में अभिमन्यु मांगलिक ने शुक्रवार साप्ताहिक परेड की सलामी ली और परेड का विस्तृत निरीक्षण किया। परेड में पुलिस कार्यालय की विभिन्न शाखाओं के अधिकारी-कर्मचारी यातायात शाखा तथा पुलिस लाइन में नियुक्त पुलिसकर्मी शामिल रहे। इस दौरान उपस्थित बल को अनुशासन, तत्परता और आपसी समन्वय बनाए रखने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए।पुलिसकर्मियों को शारीरिक एवं मानसिक रूप से चुस्त-दुरुस्त रखने के उद्देश्य से दौड़ कराई गई। परेड के दौरान टोलीवार ड्रिल का अभ्यास भी कराया गया, ताकि अनुशासन और एकरूपता को और अधिक प्रभावी बनाया जा सके। पुलिस अधीक्षक ने ड्रिल की कार्यवाही को बेहतर ढंग से संचालित करने के लिए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया।परेड के उपरांत श्री मांगलिक ने पुलिस लाइन स्थित क्वार्टर गार्द, कैंटीन, वर्दी स्टोर आवासीय कॉलोनी, परिवहन शाखा, वढ-112 शाखा तथा ढफ्स वाहनों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान व्यवस्थाओं की स्थिति देखी गई और संबंधित कर्मियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। उन्होंने वाहनों की साफ सफाई, कार्यशीलता, उपकरणों की उपलब्धता और समय पर रखरखाव सुनिश्चित करने पर विशेष जोर दिया।इसके बाद साप्ताहिक अर्दली रूम के दौरान विभिन्न रजिस्टरों की जांच की गई। इस दौरान अभिलेखों के संधारण, व्यवस्था और अद्यतन रखने के संबंध में भी आवश्यक निर्देश जारी किए गए। पुलिस अधीक्षक ने अधिकारियों से कहा कि पुलिस लाइन की सभी व्यवस्थाएं सुव्यवस्थित, पारदर्शी और अनुशासित रूप में संचालित की जाएं, ताकि कार्यक्षमता में और अधिक सुधार हो सके।निरीक्षण के समय क्षेत्राधिकारी लाइन सहित अन्य अधिकारीगण मौके पर उपस्थित रहे।

आरआरसी केंद्रों का संचालन सात दिनों के अंदर होःजिलाधिकारी

बांदा। जिलाधिकारी अमित आसेरी की अध्यक्षता में कलेक्टेज्ट सभागार में पंचायत राज विभाग की संचालित योजनाओं की समीक्षा बैठक हुई। बैठक में उन्होंने आरआरसी केंद्रों का संचालन सात दिनों के अंदर कमियों को दूर करते हुए संचालित कराने के निर्देश दिये। आरआरसी सेंटर का एप्रोच रोड, ई रिक्शा की व्यवस्था एवं अन्य व्यवस्थायें दुरस्त करने के निर्देश दिये। एफएसटीपी के निर्माण को एक एकड की भूमि चिन्हित किये जाने, प्रस्ताव तैयार कर शीघ्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। प्लास्टिक वेस्ट मैनेजमेन्ट यूनिट में बीडिंग, सीडिंग के कार्य को कराये जाने को हरदौली में निमार्णाधीन यूनिट को शीघ्र संचालित करने के निर्देश दिये। मॉडल गॉवों में शौचालय का वेरीफिकेशन कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। मॉडल गॉवों के तालाबों के सफाई एवं अन्य कार्यों को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश दिये। कार्य में कमी पाये जाने पर एडीओ पंचायत महुआ का स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिये। समस्त सामुदायिक शौचालयों की कमियों का दुरूस्त करते हुए स्वच्छ एवं एक सप्ताह में संचालित कराये जाने के निर्देश दिये। सामुदायिक शौचालयों में कार्यरत कर्मियों का ग्राम पंचायत से शीघ्र भुगतान किये जाने के निर्देश दिये। हर विधानसभा में एक उत्सव भवन का निर्माण किये जाने को भूमि चिन्हित करने के निर्देश दिये। गोवर्धन योजना के अन्तर्गत गोबर गैस से निकलने वाली गैस से आटा चक्की संचालित किये जाने के लिए उन्होंने आटा चक्की को तत्काल ठीक कराये जाने के निर्देश दिये। ग्राम पंचायतों में समुचित सफाई की व्यवस्था सुनिश्चित कराये जाने के निर्देश जिला पंचायत राज अधिकारी को दिये। जिलाधिकारी ने गांवों में जल भराव न हो इसलिए नाले, नालियों की सफाई एवं निर्माण कार्य को शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश खंड विकास अधिकारियों को दिये। बैठक में मुख्य विकास अधिकारी अजय कुमार पाण्डेय, पीडी डीआरडीए, जिला पंचायत राज अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

1.810 किलो अवैध गांजा समेत शातिर आरोपी गिरफ्तार

ललितपुर (वीओएल)। जनपद में मादक पदार्थों के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना नाराहट पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी है। पुलिस ने कार्रवाई करते हुए 1.810 किलोग्राम अवैध गांजा के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है।

गिरफ्तार आरोपी के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर न्यायालय में पेश किया गया।

पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक कालू सिंह के निकट पर्यवेक्षण में अवैध शराब एवं मादक पदार्थों के खिलाफ विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना नाराहट पुलिस ने कार्रवाई करते हुए थाना नाराहट के मोहल्ला कवराटा निवासी भागीरथ पुत्र खलकू को गिरफ्तार किया। तलाशी के दौरान आरोपी के कब्जे से 1.810 किलोग्राम अवैध गांजा बरामद किया गया।

पुलिस के अनुसार बरामदगी के आधार पर आरोपी के खिलाफ थाना नाराहट में मु.अ.सं. 101/2026 के तहत धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट में अभियोग पंजीकृत किया गया है। गिरफ्तारी के बाद आरोपी को न्यायिक अभिरक्षा में न्यायालय भेज दिया गया। आरोपी का आपराधिक इतिहास भी सामने आया है।

पुलिस अभिलेखों के अनुसार आरोपी के खिलाफ पहले भी कई आपराधिक मामले दर्ज हैं। इनमें आर्म्स एक्ट, आबकारी अधिनियम तथा अब एनडीपीएस एक्ट के मामले शामिल हैं।

शराब को पैसे न देने पर किया घायल एसपी ने जांच के दिए निर्देश

बांदा। जनपद के मुरवल गांव में शराब के लिए पैसे मांगने पर एक व्यक्ति पर हमला कर दिया गया। पीड़ित बाबू ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र देकर बताया कि इस हमले में उसके सिर में चोटें आई हैं। यह घटना 7 तारीख की रात करीब 11 बजे हुई।बाबू ने अपनी शिकायत में बताया कि जब वह अपने घर के दरवाजे पर खड़ा था, तभी गांव के दो लोग वहां आए और उससे शराब के लिए 500 रुपये मांगने लगे। बाबू के पैसे देने से इनकार करने पर उन्होंने उसकी कॉलर पकड़कर मारपीट शुरू कर दी। शोर सुनकर हमलावरों के घरवाले भी कुल्हाड़ी और बरछी लेकर आ गए और बाबू पर हमला कर दिया। इस दौरान बाबू को बचाने आए उसके साथी भी घायल हो गए। पीड़ित बाबू ने आरोप लगाया है कि जब उसने इस घटना की शिकायत थाने में की, तो उसकी सुनवाई नहीं हुई और उसे वहां से डांटकर भगा दिया गया। इसके बाद परिजनों ने घायल बाबू और उसके साथियों को अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनका इलाज किया गया। घायल बाबू ने पुलिस अधीक्षक पलाश बंसल को शिकायती पत्र दिया और एफआईआर दर्ज करने की मांग की। पुलिस अधीक्षक बंसल ने मामले का संज्ञान लेते हुए बबेरू कोतवाली को जांच के आदेश दिए हैं।

आईजीआरएस में 15 थानों ने हासिल किया प्रथम स्थान

जिला संवाददाता

ललितपुर (वीओएल)। जनशिकायतों के त्वरित, गुणवत्तापूर्ण और समयबद्ध निस्तारण में ललितपुर पुलिस ने प्रदेश स्तर पर उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। समन्वित शिकायत निवारण प्रणाली (आईजीआरएस) के अंतर्गत माह अप्रैल 2026 की प्रदेश स्तरीय रैंकिंग में जनपद ललितपुर के 15 थानों को प्रथम स्थान प्राप्त हुआ है। मुख्यमंत्री कार्यालय द्वारा जनसुनवाई पोर्टल पर प्राप्त शिकायतों के मूल्यांकन में यह उपलब्धि दर्ज की गई। पुलिस अधीक्षक मो. मुश्ताक के निर्देशन में जनपद पुलिस द्वारा मुख्यमंत्री हेल्पलाइन, ऑनलाइन पोर्टल, समाधान दिवस तथा उच्चाधिकारियों के माध्यम से प्राप्त शिकायतों का गंभीरता के साथ निस्तारण किया गया। शिकायतों के गुणवत्तापूर्ण एवं शत-प्रतिशत निस्तारण के चलते जनपद के 15 थानों को प्रदेश में शीर्ष स्थान मिला है। इस उपलब्धि पर पुलिस अधीक्षक ने आईजीआरएस से जुड़े सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों की सराहना करते हुए कहा कि आमजन की समस्याओं का समयबद्ध समाधान पुलिस की प्राथमिकता है। उन्होंने उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों एवं कर्मचारियों को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किए जाने की घोषणा की तथा भविष्य में भी इसी समर्पण और जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित किया। प्रदेश में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले थानों में कोतवाली ललितपुर, जखौरा, जाखलौन, मदनपुर, नाराहट, बानपुर, बार, पाली, महरौनी, तालबेहट, सौजना, मड़ावरा, महिला थाना ललितपुर, बालाबेहट और पूराकला शामिल हैं।

जनपद को गौरवान्वित करने वाली गार्गी का हुआ सम्मान समारोह

ललितपुर (वीओएल)। पहलवान गुरुदीन विधि महाविद्यालय में बी.ए.एल.एल.बी. तृतीय वर्ष की मेधावी छात्रा गार्गी शर्मा के सम्मान में एक समारोह का आयोजन किया गया। गार्गी शर्मा ने उत्तर प्रदेश विधानसभा की युवा संसद में अपने प्रभावशाली भाषण से महाविद्यालय एवं ललितपुर जनपद का नाम गौरवान्वित किया।

कार्यक्रम का शुभारंभ असिस्टेंट प्रोफेसर मनोरमा प्रजापति के संचालन में माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्ज्वलन के साथ हुआ। डॉ. सौरभ यादव ने अपने उद्बोधन में कहा कि हमारे महाविद्यालय की छात्राएँ आज हर क्षेत्र में अपनी प्रतिभा का उत्कृष्ट प्रदर्शन कर रही हैं।

गार्गी शर्मा ने युवा संसद में अपने विचारों से न केवल महाविद्यालय, बल्कि पूरे जनपद को गौरवान्वित किया है। उनकी यह उपलब्धि अन्य छात्र-छात्राओं के लिए प्रेरणास्रोत है। उन्होंने आगे कहा कि गार्गी जैसी प्रतिभाशाली बेटियाँ एक सशक्त एवं विकसित भारत के निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं।इस अवसर पर पहलवान गुरुदीन ग्रुप ऑफ कॉलेज के डायरेक्टर डॉ. सौरभ यादव, डायरेक्टर डॉ पूजा यादव, महिला महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. सूफिया, डॉ. बंदना याज्ञिक, मैनेजिंग डायरेक्टर डॉ. आंचल यादव, विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश विश्वकर्मा, प्रशिक्षण महाविद्यालय के उप-प्राचार्य डॉ. रामलाल रैकवार तथा डी.एल.एड. विभागाध्यक्ष डॉ. राम लखन यादव कृषि विभागाध्यक्ष डॉ भजन लाल सहित महाविद्यालय परिवार के सभी सदस्यों ने गार्गी शर्मा को माल्यार्पण एवं शील्ड भेंट कर सम्मानित किया। विधि महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. प्रकाश विश्वकर्मा ने गार्गी के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विधि क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देकर देश को नई दिशा प्रदान करें। कार्यक्रम में असिस्टेंट प्रोफेसर कल्पना बुंदेला, वर्षा सिकोरिया, याजस्विनी कुशवाहा, कार्यालय प्रमुख अमित निरंजन तथा छात्र-छात्राओं में भावना, पूजा, सौरभ यादव, अंजलि, प्रथा, गरिमा, वैभव बुंदेला, पिंकी निरंजन एवं निकिता सिंह आदि विद्यार्थी उपस्थित रहे।

संक्षेप

सैमसंग का मिनी एलईडी टीवी लॉन्च

नयी दिल्ली। सैमसंग इस साल भारत में अपने 30 शानदार साल पूरे कर रहा है। इस मौके पर कंपनी ने अपनी नई मिनी एलईडी टीवी रेंज लॉन्च करने की घोषणा की है। ये टीवी ज्यादा चमकदार और बेहतरीन तस्वीर तथा एआई-पावर्ड फीचर्स के साथ होम एंटरटेनमेंट को नए सिरे से परिभाषित करते हैं। सैमसंग मिनी एलईडी को ज्यादा से ज्यादा दर्शकों तक आधुनिक तकनीक पहुंचाने के लिए डिजाइन किये हैं।42,990 रुपये की शुरूआती कीमत से उपलब्ध सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी 43 इंच से लेकर 100 इंच तक के स्क्रीन साइज में आते हैं, जो हर तरह के ग्राहकों की पसंद को ध्यान में रखते हुए तैयार किए गए हैं। इनका मेटलस्ट्रीम डिजाइन विमान की बनावट से प्रेरित है, जो एक आकर्षक, अल्ट्रा-स्लिम बेजल वाली सिंगल-मेटल बॉडी के साथ किनारे से किनारे तक का शानदार व्यूइंग अनुभव देता है। उन्नत तकनीक, एआई फीचर्स और प्रीमियम डिजाइन के इस संयोजन के साथ सैमसंग के मिनी एलईडी टीवी नेक्स्ट-जेन एंटरटेनमेंट को सबकी पहुंच में लाते हैं।

सैमसंग गैलेक्सी एम और एफ सीरीज पर मिलेंगे स्पेशल ऑफर

नयी दिल्ली। सैमसंग इंडिया ने आज गैलेक्सी एम17 सीरीज, गैलेक्सी एम36 5जी, गैलेक्सी एम56 5जी, गैलेक्सी एफ70ई 5जी और गैलेक्सी एफ36 5जी स्मार्टफोन्स पर 8 मई से स्पेशल कीमतों का ऐलान किया। ग्राहक इन डिवाइसेस को बेहतरीन कीमत पर खरीद सकते हैं और बेहतर पहुंच, रचनात्मकता एवं और प्रोडक्टिविटी का अनुभव ले सकते हैं। हर डिवाइस में हाई-रेजोल्यूशन कैमरा सिस्टम, मजबूत डिजाइन, एआई-पावर्ड टूल्स और लंबे समय तक सॉफ्टवेयर सपोर्ट जैसी एडवांस्ड तकनीकें दी गई हैं।गैलेक्सी एम17 सीरीज, जो अपने प्राइस सेगमेंट में अमेजन पर नंबर 1 बिकने वाला स्मार्टफोन है*, इसमें गैलेक्सी एम17 5जी और एम17ई 5जी स्मार्टफोन शामिल हैं। गैलेक्सी एम17 5जी में साफ और स्थिर फोटोग्राफी के लिए 50एमपी ओआईएस ट्रिपल-कैमरा सिस्टम, शानदार विजुअल्स के लिए ब्राइट और शानदार सुपर एमोलेड डिस्प्ले और अतिरिक्त मजबूती के लिए कॉर्निंग गोरिल्ला ग्लास विक्टस प्रोटेक्शन दिया गया है।

बांग्लादेश में ई-सिगरेट और हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स पर लगा प्रतिबंध हटा

नयी दिल्ली। 11 अप्रैल 2026 को बांग्लादेश के संसद में संशोधित तम्बाकू नियंत्रण अधिनियम पारित किया गया, जिसने अगली जनरेशन के निकोटीन प्रोडक्ट्स, जैसे हीटेड टोबैको प्रोडक्ट्स (एच.टी.पी) और ई-सिगरेट पर लगे प्रतिबंध को समाप्त कर दिया। यह कोई मामूली प्रशासनिक सुधार नहीं, बल्कि नीति में एक महत्वपूर्ण परिवर्तन है, जिसने बांग्लादेश को ज्यादा समृद्ध और विकसित देशों से आगे लाकर खड़ा कर दिया है, जो अभी भी प्रतिबंध की नीति से चिपके हुए हैं, जिसकी विफलता साफ हो चुकी है।यह निर्णय किन्हीं काल्पनिक आँकड़ों के आधार पर नहीं लिया गया है। अमेरिका स्थित कंज्यूमर चॉईस सेंटर के अनुसार बांग्लादेश में 6.2 मिलियन से अधिक धूम्रपान करने वालों को अगर स्मोकलेस प्रोडक्ट्स उपलब्ध हों, जो जिम्मेदारीपूर्वक रैगुलेटेड एवं धूम्रपान छोड़ने में मदद करने के लिए पेश किए जाएं, तो वो सभी धूम्रपान का त्याग कर सकते हैं।

हिमालया बेबीकेयर का मदर्स डे कैम्पेन लॉन्च

नयी दिल्ली। हिमालया बेबीकेयर ने इस मदर्स डे पर मातृत्व की निरंतर विकसित होती यात्रा का जश्न मनाते हुए एक कैम्पेन लान्च किया है। यह कैंपेन एक शिशु के 'पहले अनुभवों' की

एक श्रृंखला और उनसे उत्पन्न होने वाली सुखद भावनाओं के माध्यम से मातृत्व की इस खूबसूरत यात्रा को उजागर करता है। इस कैंपेन का मूल विचार यह है कि जहां ये पड़ाव शिशु के विकास का जश्न मनाते हैं, लेकिन ये पल मां के लिए भी उतने ही महत्वपूर्ण और भावनात्मक होते हैं। आज के दौर में माता-पिता बनने की इस आगे बढ़ती यात्रा में, ऐसे कई पल चुपचाप गुजर जाते हैं, जिनकी अहमियत अक्सर अनदेखी रह जाती है। इसके माध्यम से हिमालया बेबीकेयर ने मां के अनुभवों को केंद्र में रखते हुए उस सहज और गहरे भावनात्मक जुड़ाव को दर्शाया है, जो शिशु के हर पहले कदम के साथ और मजबूत होता जाता है।

सेंसेक्स में 516 अंकों की गिरावट

मुंबई। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव के बीच निवेशकों की धारणा कमजोर पड़ने से घरेलू शेयर बाजारों में शुक्रवार को लगातार दूसरे दिन गिरावट रही। सेंसेक्स करीब 516 अंक टूटकर बंद हुआ जबकि निफ्टी में 150 अंक की गिरावट आई।

विश्लेषकों के मुताबिक, ऊर्जा आपूर्ति को लेकर चिंताएं बढ़ने से बाजार में जोखिम से बचने का रुझान देखा गया। विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों के कमजोर रुख ने भी गिरावट को बढ़ाया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 516.33 अंक यानी 0.66 प्रतिशत गिरकर 77,328.19 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 698.09 अंक तक लुढ़क गया था। वहीं, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का मानक सूचकांक निफ्टी 150.50 अंक यानी 0.62 प्रतिशत गिरकर 24,176.15 अंक पर आ गया। साप्ताहिक आधार पर बीएसई सेंसेक्स में 414.69 अंक यानी 0.53 प्रतिशत की बढ़त रही जबकि एनएसई निफ्टी में 178.6 अंक यानी 0.74 प्रतिशत की तेजी रही। सेंसेक्स के समूह में शामिल कंपनियों में से भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) के शेयर में मार्च तिमाही नतीजों के बाद 6.62 प्रतिशत की गिरावट आई। इसके अलावा एचडीएफसी बैंक, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, अल्ट्राटेक सीमेंट और महिंद्रा एंड महिंद्रा के शेयर भी नुकसान में रहे। हालांकि, टाइटन के शेयर अनुकूल तिमाही नतीजों के बाद 4.76 प्रतिशत चढ़ गया। इसके साथ एशियन पेंट्स, अदाणी पोर्ट्स, इन्फोसिस और एचसीएल टेक के शेयरों में भी तेजी रही। कमजोर वैश्विक संकेतों और नई भू-राजनीतिक चिंताओं के बीच घरेलू बाजार दबाव में रहे। कच्चे तेल में फिर से तेजी आने से निवेशक धारणा बिगड़ गई। इसके अलावा रुपये में कमजोरी कायम रहने और संस्थागत निवेशकों के रुख से भी प्रभाव पड़ा। व्यापक बाजार में छोटी कंपनियों का बीएसई स्मालकैप सेलेक्ट सूचकांक 0.34 प्रतिशत के नुकसान में रहा जबकि मझोली कंपनियों के मिडकैप सेलेक्ट सूचकांक में 0.01 प्रतिशत की मामूली गिरावट रही। वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था। अमेरिका -ईरान के बीच ताजा सैन्य कार्रवाई से संघर्षविराम की उम्मीदें कमजोर पड़ीं, जिससे निवेशकों ने मुनाफावसूली की और जोखिम से बचने की कोशिश की। हालांकि, कच्चे तेल की कीमतें करीब 100 डॉलर प्रति बैरल पर स्थिर रहने और अमेरिकी बॉन्ड प्रतिफल में नरमी से व्यापक धारणा और रुपये को कुछ समर्थन मिला। विदेशी संस्थागत निवेशकों ने बृहस्पतिवार को 340.89 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

विदेशी मुद्रा भंडार 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार एक मई को समाप्त सप्ताह के दौरान 7.79 अरब डॉलर घटकर 690.69 अरब डॉलर रहा। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

इससे पछले 24 अप्रैल को समाप्त सप्ताह के दौरान कुल विदेशी मुद्रा भंडार 4.82 अरब डॉलर घटकर 698.49 अरब डॉलर रहा था। इस साल 27 फरवरी को समाप्त हुए सप्ताह के दौरान, पश्चिम एशिया में संघर्ष शुरू होने से पहले, यह कोष बढ़कर अब तक के सबसे ऊंचे स्तर 728.49 अरब डॉलर पर पहुंच गया था। इसके बाद कई हफ्तों तक इसमें गिरावट देखने को मिली। इसका कारण दबाव में आये रुपये को समर्थन देने के लिए रिजर्व बैंक को डॉलर बेचकर विदेशी मुद्रा बाजार में हस्तक्षेप करना पड़ा था। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक, एक मई को समाप्त सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार का प्रमुख हिस्सा विदेशी मुद्रा परिसंपत्ति 2.79 अरब डॉलर घटकर 551.82 अरब डॉलर रही। डॉलर के संदर्भ में व्यक्त की जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं के मूल्य में बदलाव का प्रभाव शामिल होता है। आरबीआई ने कहा कि आलोच्य सप्ताह के दौरान उसके स्वर्ण भंडार का मूल्य 5.02 अरब डॉलर घटकर 115.22 अरब डॉलर रहा। केंद्रीय बैंक के अनुसार विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 1.5 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.79 अरब डॉलर हो गए। समीक्षाधीन सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष (आईएमएफ) के पास भारत का आरक्षित भंडार 80 लाख डॉलर बढ़कर 4.86 अरब डॉलर रहा।

आरबीआई ने बैंकों को अपना तिमाही लाभ पूंजी गणना में जोड़ने की मंजूरी दी

मुंबई। भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) ने शुक्रवार को बैंकों के पूंजी पर्याप्तता मानदंडों में ढील देते हुए चालू वित्त वर्ष के लाभ को तिमाही आधार पर पूंजी गणना में शामिल करने की अनुमति दे दी।

आरबीआई के एक परिपत्र के मुताबिक, अब बैंकों को तिमाही मुनाफा कॉमन इक्विटी टियर-। (सीईटी-1) पूंजी में शामिल करने के लिए पहले लागू एनपीए से संबंधित अतिरिक्त शर्त का पालन नहीं करना होगा। सीईटी-। बैंक की मुख्य और उच्च गुणवत्ता वाली पूंजी होती है, जो नुकसान की स्थिति में उसे पहला सुरक्षा कवच देती है। इसके सहारे बैंक किसी घाटे या संकट को झेल सकता है। संशोधित प्रावधानों के तहत बैंक पूंजी-जोखिम भारित परिसंपत्ति अनुपात (सीआरएआर) की गणना में चालू वर्ष के मुनाफे को तिमाही आधार पर जोड़ सकेंगे लेकिन इसके लिए उन्हें निर्धारित शर्तों और एक तय फार्मूले का पालन करना होगा। इसके साथ ही बैंकों के लिए प्रत्येक तिमाही में वित्तीय परिणामों का ऑडिट या सीमित समीक्षा कराना अनिवार्य होगा। इसी तरह के निर्देश लघु वित्त बैंकों और भुगतान बैंकों के लिए भी जारी किए गए हैं।

आरबीआई ने इस संबंध में मसौदा संशोधन अप्रैल में जारी कर हितधारकों से सुझाव मांगे थे।

रुपया 25 पैसे टूटकर 94.47 प्रति डॉलर पर

मुंबई। रुपया शुक्रवार को 25 पैसे टूटकर 94.47 (अस्थायी) प्रति डॉलर पर रहा। पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और हॉर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अमेरिका तथा ईरान के बीच ताजा टकराव के साथ घरेलू मुद्रा में गिरावट आई। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पिछले दो कारोबारी सत्रों में मजबूती के बाद निवेशकों की धारणा प्रभावित हुई। ईरान ने अमेरिका पर युद्धविराम उल्लंघन का आरोप लगाया है।

ईरान का कहना है कि अमेरिका ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य और नागरिक इलाकों में नए हमले किए, जबकि अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने कहा कि युद्धविराम अब भी प्रभावी है। अमेरिका-ईरान शांति समझौते के बीच ब्रेंट तेल की कीमतें गिरकर 98 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई थीं, लेकिन निवेशकों द्वारा पश्चिम एशिया शांति समझौते की संभावनाओं का आकलन करने के बाद कीमतों में मामूली वृद्धि हुई और यह बढ़कर लगभग 100 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल तक पहुंच गई। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 94.58 प्रति डॉलर पर खुला। कारोबार के दौरान यह 94.68 तक फिसल गया। अंत में रुपया 94.47 प्रति डॉलर पर रहा। यह पिछले बंद भाव से 25 पैसे की गिरावट है। रुपया बृहस्पतिवार को शुरुआती नुकसान से उबरते हुए 27 पैसे की मजबूती के साथ 94.22 प्रति डॉलर पर बंद हुआ था। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि वैश्विक बाजारों में जोखिम से बचने की प्रवृत्ति और घरेलू शेयर बाजारों में कमजोरी का भी रुपये पर दबाव पड़ा। पश्चिम एशिया में फिर बढ़े वैश्विक तनाव के बीच रुपये में हल्की कमजोरी का रुख रहने की उम्मीद है। कच्चे तेल की कीमतों में सुधार और कमजोर वैश्विक बाजार भी रुपये पर दबाव डाल सकते हैं। उन्होंने कहा कि विदेशी संस्थागत निवेशकों की बिकवाली से रुपये में और गिरावट आ सकती है।

कच्चे तेल के वायदा भाव में गिरावट

नयी दिल्ली। कमजोर हाजिर मांग के बाद कारोबारियों द्वारा अपने सौदों की कटान करने से वायदा कारोबार में शुक्रवार को कच्चा तेल की कीमत 49 रुपये की गिरावट के साथ 8,720 रुपये प्रति बैरल रह गयी।

मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज में कच्चे तेल का जून माह में डिलिवरी होने वाला अनुबंध 49 रुपये या 0.56 प्रतिशत की गिरावट के साथ 8,720 रुपये प्रति बैरल रह गया। इसमें 4,755 लॉट के लिए कारोबार हुआ। बाजार विश्लेषकों ने कहा कि कमजोर हाजिर मांग के बीच कारोबारियों द्वारा अपने सौदों का आकार घटाने से कच्चातेल वायदा कीमतों में गिरावट आई। वैश्विक स्तर पर वेस्ट टेक्सास इंटरमीडिएट कच्चा तेल 0.70 प्रतिशत की तेजी के साथ 99.47 डॉलर प्रति बैरल हो गया जबकि ब्रेंट क्रूड का दाम 1.02 प्रतिशत की बढ़त दर्शाता 101.08 डॉलर प्रति बैरल पर कारोबार कर रहा था।

निर्माण उपकरण की बिक्री घटी, निर्यात बढ़ाः उद्योग

नयी दिल्ली। निर्माण उपकरण उद्योग की वित्त वर्ष 2025-26 में कुल बिक्री करीब दो प्रतिशत की मामूली गिरावट के साथ 136,995 इकाई रही। भारतीय निर्माण उपकरण विनिर्माता संघ (आईसीईएमए) ने शुक्रवार को यह बात कही।

उद्योग संगठन के अनुसार, इससे पिछले वित्त वर्ष 2024-25 में बिक्री।,40,191 इकाई थी। आईसीईएमए ने कहा कि घरेलू बाजार में अस्थायी चुनौतियों, बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के धीमे क्रियान्वयन और परियोजनाओं में देरी के कारण बिक्री प्रभावित हुई। हालांकि, निर्यात में 32 प्रतिशत की अच्छी वृद्धि ने उद्योग की मजबूती बनाए रखी। पिछले वित्त वर्ष में दर्ज गिरावट को उद्योग की संरचनात्मक कमजोरी के रूप में नहीं देखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि इसका मुख्य कारण जमीन पर बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के कार्यान्वयन में धीमापन रहा। सरकार का पूंजीगत व्यय आवंटन अब भी ऐतिहासिक रूप से ऊंचे स्तर पर बना हुआ है, लेकिन परियोजनाओं के क्रियान्वयन में देरी, भूमि अधिग्रहण से जुड़ी चुनौतियों और भुगतान चक्र धीमा रहने से वर्ष के दौरान उपकरणों की मांग प्रभावित हुई। उन्होंने कहा कि निर्यात में मजबूत वृद्धि से उद्योग ने अपनी मजबूती दिखाई है। इससे भारतीय निर्माण उपकरणों की वैश्विक प्रतिस्पर्धा क्षमता बढ़ने का भी संकेत मिलता है। देश में बुनियादी ढांचा विकास पर लगातार ध्यान दिए जाने से हमें उद्योग की दीर्घकालिक वृद्धि संभावनाओं पर भरोसा है। उद्योग संगठन के अनुसार, 2025-26 में घरेलू बिक्री करीब सात प्रतिशत घटकर।,13,229 इकाई रह गई, जो 2024-25 में।,21,301 इकाई थी। यह विभिन्न क्षेत्रों में बुनियादी ढांचा परियोजनाओं के क्रियान्वयन और सतर्क खरीद रुख को दर्शाता है। भारत अभी भी दुनिया का तीसरा सबसे बड़ा निर्माण उपकरण बाजार बना हुआ है। अनुमान है कि यह क्षेत्र सालाना 8.3 प्रतिशत की संचयी वृद्धि दर के साथ 2030 तक 14.76 अरब डॉलर तक पहुंच जाएगा। आईसीईएमए के अनुसार मिट्टी खोदने और हटाने वाले उपकरणों का बाजार में दबदबा बना रहा। इसकी बिक्री 97,236 इकाई रही, जो कुल बाजार का करीब 71 प्रतिशत हिस्सा है। हालांकि, इसमें सालाना आधार पर दो प्रतिशत की गिरावट दर्ज की गई। इसके मुताबिक सामग्री उठाने और ढोने वाले उपकरणों की बिक्री 10 प्रतिशत घटकर 15,290 इकाई रही। वहीं, कंक्रीट उपकरणों की बिक्री 0.09 प्रतिशत की मामूली वृद्धि के साथ 14,486 इकाई रही।

ट्रंप को अदालतों में झटकों से कम पड़ सकती है भारत के साथ बीटीए वार्ता

नयी दिल्ली। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप को अदालतों में लगातार झटके मिलने से अमेरिकी शुल्क व्यवस्था को लेकर अनिश्चितता और बढ़ गई है। विशेषज्ञों का कहना है कि प्रस्तावित द्विपक्षीय व्यापार समझौते (बीटीए) पर आगे बढ़ने से पहले भारत को अमेरिका द्वारा अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से विश्वसनीय व्यापार ढांचा विकसित करने का इंतजार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि यह फैसला इस बात की ओर ध्यान आकर्षित करता है कि ट्रंप के वैश्विक शुल्क विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के नियमों का उल्लंघन करते थे। अमेरिकी अदालतों द्वारा इन्हें निरस्त किया जाना बहुपक्षीय व्यापार मानकों के लिए सकारात्मक संकेत है। अमेरिका की एक संघीय अदालत ने देश के राष्ट्रपति के आधिकारिक आवास एवं कार्यालय व्हाइट हाउस को एक और झटका देते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा लगाए गए 10 प्रतिशत वैश्विक शुल्क को अवैध और कानून द्वारा अनधिकृत करार देते हुए खारिज कर दिया है। ट्रंप द्वारा पहले लगाए गए व्यापक शुल्कों को खारिज करने के उच्चतम न्यायालय के फैसले के बाद अमेरिकी प्रशासन ने 24 फरवरी को भारत सहित सभी देशों पर 150 दिन के लिए नए शुल्क लगाए गए थे।

उच्चतम न्यायालय ने कहा था कि अंतरराष्ट्रीय आपात आर्थिक शक्तियां अधिनियम (आईईईपीए) शुल्क लगाने की अनुमति नहीं देता। अमेरिकी शुल्क नीति को लेकर जारी अनिश्चितता। अदालतों द्वारा ट्रंप के प्रमुख शुल्क बार-बार निरस्त करने से भारत के लिए किसी दीर्घकालिक व्यापार प्रतिबद्धता को उचित ठहराना मुश्किल होता जा रहा है। भारत को द्विपक्षीय व्यापार समझौता अंतिम रूप देने से पहले अमेरिका के अधिक स्थिर एवं कानूनी रूप से भरोसेमंद व्यापार तंत्र विकसित करने का इंतजार करना चाहिए।

पेज एक का शेष

आईएसआई से

भी आरोपियों को सौंपा गया था। इस ढाबे पर रोजाना हजारों लोग आते हैं। सूत्र ने कहा हिसार में एक सैन्य शिविर की भी कथित तौर पर रेकी की गई थी और क्षेत्र के वीडियो सीमा पार आकाओं के साथ साझा किए गए थे। उत्तर प्रदेश के कुछ पुलिस थाने भी हिट लिस्ट में शामिल थे।

सीएम योगी

गुरु गोरखनाथ राजकीय महाविद्यालय में दिखा। यहां ओपन जिम की शुरूआत के मौके पर मुख्यमंत्री फिटनेस के अंदाज में नजर आए। उन्होंने जिम के उपकरणों का जायजा लिया और स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता का संदेश दिया। ग्रामीणों के लिए अपने 'योगी जी' को इतने करीब से देखना किसी उत्सव से कम नहीं था। योगी आदित्यनाथ का यह दो दिवसीय दौरा महज एक राजनीतिक दौरा नहीं, बल्कि अपनी जड़ों की ओर वापसी की एक आध्यात्मिक यात्रा बताई जा रही है. इस कार्यकाल में यह उनका अपने गांव का लगातार तीसरा दौरा है। मंदिर, मूर्तियां और अपनों का साथ- पंचूर से विदा लेते समय सीएम योगी की आंखों में एक अलग ही संतोष और सुकून दिखाई दे रहा था।

बंगाल के

जनादेश दिया है। हम बंगाल में भाजपा के चुनाव घोषणापत्र में किये गये सभी वादों को पूरा करेंगे। उन्होंने केंद्र सरकार और राज्य की नई भाजपा सरकार के बीच समन्वय की जरूरत पर जोर दिया। अधिकारी ने कहा, केंद्र और राज्य बंगाल की जनता की आकांक्षाओं को पूरा करने के लिए मिलकर काम करें। शाह ने पश्चिम बंगाल में नव निर्वाचित विधायकों की एकमत से सहमति का हवाला देते हुए अधिकारी को भाजपा विधायक दल का नेता घोषित किया। शाह ने कहा, "विधायक दल का नेता चुनने की प्रक्रिया पूरी हो गई है। आठ प्रस्ताव मिले थे और उन सभी में सिर्फ एक नाम था। दूसरे नाम के लिए काफी समय दिया गया था, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं। बंगाल में भाजपा की जीत के मुख्य सूत्रधारों में गिने जाने वाले अधिकारी शनिवार को यहां ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक भव्य समारोह में राज्य के नौवें मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण करेंगे। पार्टी सूत्रों के अनुसार शपथ ग्रहण समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी, शाह और कई वरिष्ठ भाजपा नेता शामिल हो सकते हैं। भाजपा ने चुनाव में ज़बरदस्त जीत हासिल की और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल का राज खत्म हो गया।

बंगाल में

प्रस्ताव मिले थे और उन सभी में सिर्फ एक नाम था। दूसरे नाम के लिए काफी समय दिया गया था, लेकिन कोई दूसरा नाम प्रस्तावित नहीं किया गया। इसलिए, मैं शुभेंदु अधिकारी को पश्चिम बंगाल का मुख्यमंत्री घोषित करता हूं।अधिकारी के मुख्यमंत्री बनने से पश्चिम बंगाल में पहली भाजपा सरकार बनने का रास्ता साफ हो गया है। पार्टी ने विधानसभा चुनाव में ज़बरदस्त जीत हासिल की और तृणमूल कांग्रेस के 15 साल का राज खत्म हो गया। शाह ने भाजपा का साथ देने के लिए बंगाल के लोगों का शुक्रिया अदा किया, वहीं आरोप लगाया कि राज्य में दशकों से डर और राजनीतिक हिंसा का माहौल था। उन्होंने कहा मैं बंगाल के लोगों का शुक्रिया अदा करना चाहता हूं। कम्युनिस्ट जमाने से यहां जो माहौल बना था, वह ममता जी के राज में और बढ़ गया। ऐसे हालात में, अपना वोट देना लगभग नामुमकिन हो गया था। उन्होंने कहा हिंसा और क्रूरता के सैकड़ों मामलों के बावजूद, बंगाल के लोगों ने भारतीय जनता पार्टी और हमारे नेता नरेन्द्र मोदी पर भरोसा किया और हमें भारी जीत दिलाई।

तमिलनाडु : विजय

की ताकि उनसे सरकार बनाने का निमंत्रण प्राप्त किया जा सके। सूत्रों के अनुसार विजय पहले ही सरकार बनाने का दावा पेश कर चुके हैं लेकिन संख्याबल को लेकर राज्यपाल संतुष्ट नहीं हैं। उन्होंने बताया कि विजय की राज्यपाल से मुलाकात संक्षिप्त रही। वामपंथी दलों द्वारा बिना शर्त समर्थन देने का वादा करने के कुछ घंटों बाद, विजय गुइंडी में राज्यपाल के कार्यालय पहुंचे। टीवीके समर्थकों को उम्मीद है कि अर्लेकर उन्हें सरकार बनाने का निमंत्रण देंगे। विजय के नेतृत्व वाली तमिलगा वेत्री कषगम (टीवीके) को 234 सदस्यीय विधानसभा में 108 सीट मिली है जो बहुमत के लिए जरूरी 118 सदस्यों की संख्या से कम है। नतीजे आने के कुछ घंटों के बाद ही द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक) के साथ चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी थी। पार्टी के सदन में पांच सदस्य निर्वाचित हुए हैं। विजय ने सरकार बनाने की कोशिशों के तहत द्रमुक की सहयोगी भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (भाकपा), मार्क्सवादी कम्युनिस्ट पार्टी (माकपा) और विदुथालाई चिरुथैगल कच्ची (वीसीके) से संपर्क किया था। तीनों दलों के सदन में दो-दो विधायक हैं। भाकपा और माकपा ने विजय को समर्थन देने की घोषणा कर दी है जबकि वीसीके ने कहा कि वह शनिवार को फैसला लेगी। विजय बाद में भाकपा और माकपा के राज्य मुख्यालय गए और वाम नेताओं को उनके समर्थन के लिए धन्यवाद दिया। विजय ने पहली बार दोनों वामपंथी दलों के कार्यालयों का दौरा किया है।इससे पहले, भाकपा के प्रदेश सचिव एम. वीरपांडियन ने कहा, जनता ने लोकतंत्र का प्रस्ताव रखा है और हमने इसका समर्थन किया है, और इसी के अनुरूप पार्टी टीवीके को अपना समर्थन देती है।माकपा के प्रदेश सचिव पी. शनमुगम ने कहा, राज्य के अधिकारों की रक्षा और इसी तरह के मुद्दों के संबंध में, वामपंथी दल द्रमुक के साथ गठबंधन जारी रखेंगे। आईयूएमएल ने अप्रत्यक्ष रूप से कहा कि उसके दो विधायक सरकार गठन की दिशा में राज्यपाल की पहल का समर्थन करेंगे। आईयूएमएल के शीर्ष नेता प्रोफेसर के.एम. कादर मोहिदीन के इस बयान को इस संकेत के रूप में देखा जा रहा है कि आईयूएमएल टीवीके द्वारा सरकार गठन में सहयोग करेगी। वाम दलों के समर्थन, वीसीके और आईयूएमएल की ओर से सहयोग के संकेत के बाद टीवीके समर्थकों ने जश्न मनान शुरू कर दिया है। उन्होंने भरोसा जताया है कि विजय जरूरी संख्याबल प्राप्त कर सरकार बनाएंगे। जश्न मना रहे समर्थकों में से एक महिला ने पीटीआई वीडियो से कहा, हम सो नहीं पाए। हम बुखार में यहां तीन दिन तक यह जानने के लिए बैठे रहे कि यह अंत है या एक नई शुरुआत। उन्होंने कहा, जब हमने समर्थन शब्द सुना, तो हमने जयकार नहीं की - हम बस मंदिर गए और रोए। भगवान ने आखिरकार हमारे साथ हुए अन्याय को देख लिया है।

अमेरिकी कोर्ट

अमान्य और कानून द्वारा अनधिकृत हैं।

बुलंदशहर

अनुसार, मोटरसाइकिल का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त है। पुलिस का कहना है कि मौके से हरियाणा नंबर की एक ट्रक की नंबर प्लेट मिली है, जिसके आधार पर ट्रक की तलाश की जा रही है। जिले में सघन चेकिंग अभियान चलाया जा रहा है।

हिमालयी क्षेत्र

शिक्षा और स्वास्थ्य संस्थानों के विस्तार पर भी विशेष जोर दिया जा रहा है। कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने बाबा केदारनाथ के दर्शन कर प्रदेशवासियों की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उन्होंने कहा कि केदारनाथ धाम केवल धार्मिक आस्था का केंद्र नहीं, बल्कि सेवा, त्याग और मानव कल्याण की प्रेरणा देने वाला पवित्र स्थल भी है। सरकार इसी भावना के अनुरूप यहां आधारभूत सुविधाओं और जनसेवाओं का विस्तार कर रही है। इस अवसर पर केदारनाथ विधायक आशा नौटियाल ने कहा कि यह अस्पताल हिमालयी क्षेत्रों में स्वास्थ्य सेवाओं को नई दिशा देगा और इससे स्थानीय नागरिकों के साथ-साथ देश-विदेश से आने वाले श्रद्धालुओं को भी व्यापक लाभ मिलेगा।

कार्यक्रम में बीसीसीएल के एमडी संजय खन्ना, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सह-सरकार्यवाह कृष्ण गोपाल, सुरेश सोनी, दिनेश चंद्र, बद्री-केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी, उपाध्यक्ष विजय कप्रवान, श्री केदार सभा के अध्यक्ष राजकुमार तिवारी, जिलाधिकारी विशाल मिश्रा, पुलिस अधीक्षक निहारिका तोमर तथा अजय कोठियाल सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

सपा सरकार

में 0.6, अरुणाचल प्रदेश में 0.3 और मेघालय में 0.2 दर्ज की गई, जबकि उत्तर प्रदेश में यह आंकड़ा शून्य रहा। रिपोर्ट यह भी बताती है कि वर्ष 2023 में भी यूपी में इस श्रेणी में क्राइम रेट शून्य था। यह बदलाव योगी सरकार की अपराध एवं अपराधियों के खिलाफ जीरो टॉलरेंस नीति, सक्रिय पुलिसिंग और संगठित अपराधों पर लगातार कार्रवाई से संभव हुआ है। पुलिस द्वारा गैंगस्टर एक्ट, माफिया की संपत्तियों की जब्ती और अपराधियों की आर्थिक कमर तोड़ने जैसे सख्त कदमों का असर धरातल पर दिखाई दे रहा है। उत्तर प्रदेश में पिछले नौ वर्षों में दंगे की एक भी घटना नहीं हुई। कुछ अराजक तत्वों द्वारा दंगा भड़काने की कोशिश जरूर की गई, लेकिन योगी सरकार में सख्त कानून व्यवस्था ने दंगाइयों के मंसूबों पर पानी फेर दिया।

मामूली हिंसक घटनाओं के उग्र रूप लेने से पहले ही अराजक तत्वों के खिलाफ दंगा विरोधी सख्त कार्रवाई करते हुए उन्हें सलाखों के पीछे धकेल दिया गया। एनसीआरबी की 2024 रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में बलवा की अपराध दर 1.1 दर्ज की गई, जबकि राष्ट्रीय स्तर पर यह दर 2.2 रही। यहां यूपी में बलवा की अपराध दर 1.1 दर्ज होने का आधार वही मामले हैं, जिनमें दंगा भड़काने की कोशिशों को योगी सरकार ने समय रहते विफल कर दिया और अराजक तत्वों के खिलाफ दंगा भड़काने की धाराओं में रिपोर्ट दर्ज कर सख्त कार्रवाई सुनिश्चित की।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी सार्वजनिक मंचों से कहते हैं, ह्यनो कर्फ्यू-नो दंगा, यूपी में सब चंगा।ह्य एनसीआरबी रिपोर्ट में मणिपुर में बलवा की अपराध दर 8.4, महाराष्ट्र में 6.4, कर्नाटक में 5.4, हरियाणा में 5.3 और हिमाचल प्रदेश में 4.7 दर्ज की गई है। उत्तर प्रदेश में एक समय ऐसा था जब दंगे, अपहरण और फिरौती जैसी घटनाएं आम चर्चा का विषय बन चुकी थीं।

यूपी में स्वास्थ्य

अस्पतालों के पंजीकरण व नवीनीकरण में अनियमितता बरतने का दोषी पाया गया है। निजी चिकित्सालयों, नर्सिंग होम ए

केकेआर ने दिल्ली को 8 विकेट से हराया

कोलकाता के लिए नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया

नयी दिल्ली। अनुकूल रॉय और कार्तिक त्यागी की घातक गेंदबाजी के बाद फिन एलन की धुआंधार बल्लेबाजी के दम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) ने दिल्ली कैपिटल्स को आठ विकेट से हरा दिया। शुक्रवार को अरुण जेटली स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करने उतरी दिल्ली ने पथुम निसांका की अर्धशतकीय पारी की मदद से 20 ओवर में आठ विकेट पर 142 रन बनाए। जवाब में केकेआर ने 14.2 ओवर में दो विकेट खोकर 147 रन बनाए और मुकाबला अपने नाम कर लिया।

पहले बल्लेबाजी के लिये भेजी गई दिल्ली के बल्लेबाजों ने एक बार फिर निराश किया और पाथुम निसांका (29 गेंद में 50 रन) तथा सातवें नंबर पर उतरे आशुतोष शर्मा (28 गेंद में 39) को छोड़कर कोई टिककर नहीं खेल सका। बीच के ओवरों में एक बार छह ओवर से अधिक कोई बाउंड्री नहीं लगी और आखिरी ओवर में भी तीन ही रन बने। केकेआर के लिए नारायण ने चार ओवर में 17 रन देकर एक विकेट लिया। वरूण चक्रवर्ती ने चार ओवर में 28 रन दिये जबकि अनुकूल रॉय ने 31 रन देकर दो विकेट चटकाये। तेज गेंदबाज कार्तिक त्यागी ने चार ओवर में 25 रन देकर दो विकेट लिये।

दिल्ली को निसांका और राहुल ने अच्छी शुरूआत दी और ढीली गेंदों को नसीहत देते रहे। निसांका ने दूसरे ही ओवर में वैभव अरोड़ा को छक्का लगाकर अपने तेवर जाहिर कर दिये और अगले ओवर में अनुकूल रॉय की गेंद को भी सीमा के पार पहुंचाया। नारायण चौथे ओवर में गेंदबाजी के लिये आये लेकिन राहुल और निसांका ने चौकों के साथ उनका स्वागत किया। वेस्टइंडीज के इस अनुभवी स्पिनर के पहले ओवर में 11 रन बने। तेज गेंदबाज त्यागी को राहुल ने पांचवें ओवर में दो चौके लगाये लेकिन आखिरी गेंद पर विकेट गंवा बैठे। गेंद पूरी तरह से बल्ले पर नहीं आई और हवा में खेले गए शॉट पर कैमरन ग्रीन ने कैच लपक लिया। आईपीएल के इस सत्र में शानदार फॉर्म में चल रहे राहुल ने 14 गेंद में चार चौकों की मदद से 23 रन बनाये। पावरप्ले में दिल्ली का स्कोर एक विकेट पर 55 रन था लेकिन इसके बाद अगले छह ओवर में सिर्फ 36 रन बने और चार विकेट गिर गए। बीच के ओवरों में केकेआर के गेंदबाजों खासकर स्पिनरों ने दिल्ली के बल्लेबाजों को बांधे रखा। निसांका ने आठवें ओवर में ग्रीन को फाइन लेग के ऊपर से 73 मीटर का शानदार छक्का लगाया। दूसरे छोर पर नीतिश राणा टिककर खेल नहीं सके और आठ रन बनाकर नारायण को कैच देकर लौटे। वरूण ने नौवें ओवर में सिर्फ तीन रन दिये। समीर रिजवी (तीन) नारायण को स्वीप शॉट खेलने के प्रयास में डीप मिडविकेट पर रोवमैन पावेल को कैच दे बैठे।

इस बीच निसांका ने दसवें ओवर में रॉय को एक्स्ट्रा कवर पर चौका लगाकर अपना अर्धशतक 29 गेंदों पर पूरा किया जिसमें पांच चौके और तीन छक्के शामिल थे। वह हालांकि अगली गेंद पर आगे बढकर खेलने के प्रयास में चूके और विकेट के पीछे अंगकृष रघुवंशी ने स्टम्पिंग करने में कोई चूक नहीं की।

तीरंदाजी विश्व कप में सिमरनजीत और साहिल ने भारत को पदक की दौड़ में बनाये रखा

नयी दिल्ली। रिकर्व तीरंदाज सिमरनजीत कौर और कंपाउंड तीरंदाज साहिल जाधव ने शुक्रवार को यहां उतार-चढ़ाव भरे अभियान में भारत के लिए अप्रत्याशित रूप से शानदार प्रदर्शन करते हुए अपने पहले तीरंदाजी विश्व कप में पदक की उम्मीदें बरकरार रखी हैं।

एशियाई खेलों की टीम कांस्य पदक विजेता सिमरनजीत ने विश्व कप के दूसरे चरण में सेमीफाइनल में पहुंचकर व्यक्तिगत रूप से मिले अवसर का भरपूर फायदा उठाया। वह इससे पहले क्वालीफाइंग दौर में दीपिका कुमारी से तीन अंक पीछे रहने के कारण भारतीय महिला टीम में जगह बनाने से चूक गई थीं। हरियाणा की 27 वर्षीय खिलाड़ी ताइवान की किशोरी फोंग यू झू को सीधे सेटों में 6-0 (27-24, 28-26, 29-26) से हराकर विश्व कप में अपना पहला पदक जीतने से सिर्फ एक जीत दूर है। इससे पहले फोंग ने दूसरे दौर में भारत की शीर्ष क्रम की तीरंदाज अंकिता भकत को चौंका दिया था। सिमरनजीत ने क्वार्टर फाइनल में चीनी ताइपे की 19 वर्षीय खिलाड़ी के खिलाफ नौ तीरों में से सिर्फ छह अंक गंवाते हुए अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन जारी रखा।

भारत ने इतिहास रचा, लेबनान को हराकर अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल में पहुंचा

चीन। भारत ने शुक्रवार को यहां अपने आखिरी ग्रुप बी मैच में लेबनान के खिलाफ 4-0 की शानदार जीत के साथ पहली बार एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप के क्वार्टर फाइनल के लिए क्वालीफाई करके शानदार उपलब्धि हासिल की। भारत का क्वार्टर फाइनल में पहुंचना तब पक्का हो गया जब फिलीपींस और चीनी ताइपे अपने आखिरी ग्रुप सी मैच को 12 या उससे ज्यादा गोल के अंतर से जीतने में नाकाम रहे। थाईलैंड के साथ भारत तीसरे नंबर की दो सबसे अच्छी टीमों में से एक के तौर पर अंतिम आठ में पहुंचा। भारत ने ग्रुप चरण तीन अंक और -1 (माइनस 1) के गोल अंतर से खत्म किया जो ग्रुप सी में फिलीपींस के -13 (माइनस 13) से काफी ज्यादा है। सूझोउ ताइहू फुटबॉल स्पोर्ट्स सेंटर में खेले गए मैच में भारत की ओर से प्रीतिका बर्मन ने छठे और 85वें मिनट में दो गोल दागे, जबकि अल्वा देवी सेंजाम ने 36वें मिनट और जया ने 72वें मिनट में गोल कर टीम को ऐतिहासिक उपलब्धि के करीब पहुंचा दिया था। भारत ने 2005 के बाद इस टूर्नामेंट में अपनी पहली जीत और पहले गोल भी दर्ज किए। साथ ही यह एएफसी अंडर-17 महिला एशियाई कप में टीम का नॉकआउट चरण के लिए पहला क्वालीफिकेशन भी है। महिला फुटबॉल में 2004 में एएफसी अंडर-19 चैंपियनशिप के बाद यह भारत का पहला एशियाई कप नॉकआउट चरण है। टीम 2004 में क्वार्टर फाइनल में पहुंची थी।

संक्षेप

ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में होगा

नयी दिल्ली। टेक महिंद्रा और फिडे की संयुक्त पहल ग्लोबल शतरंज लीग का चौथा सत्र भारत में आयोजित किया जाएगा। टूर्नामेंट के आयोजकों ने शुक्रवार को यह घोषणा करते हुए कहा कि उनका उद्देश्य देश में लोकप्रिय हो रही शतरंज संस्कृति का लाभ उठाना है। जीसीएल ने कहा कि मेजबान शहर की घोषणा जल्द की जाएगी। इस आयोजन का तीसरा सत्र पिछले दिसंबर में मुंबई में आयोजित किया गया था, जिसमें एल्पाइन एसजी पाइपर्स टीम चैंपियन बनी थी। लीग ने खेल के प्रारूप में बदलाव किया है। रैपिड प्रारूप के मुकाबलों, मिश्रित टीमों और कड़े प्रतिस्पर्धी मैचों के जरिए इसे दर्शकों के लिए अधिक आकर्षक बनाने की कोशिश की जा रही है। खेल के प्रति भारत का जुनून और इसका तेजी से बढ़ता शतरंज पारिस्थितिकी तंत्र इसे लीग के लिए एक स्वाभाविक गंतव्य बनाता है। हम एक और रोमांचक सत्र का इंतजार कर रहे हैं, जो दुनिया के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों और वैश्विक प्रशंसक वर्ग को एक साथ लाएगा।

क्रिकेट भारत का नंबर एक खेल, बास्केट बॉल के लिए भी अपार संभावनाएं

नयी दिल्ली। एनबीए के महान खिलाड़ी व्लाडे डिवैक इस बात से अच्छी तरह वाकिफ हैं कि भारत में क्रिकेट नंबर एक खेल है लेकिन इसके बावजूद उन्हें उम्मीद है कि बास्केटबॉल भी देश में अपनी जगह बना लेगा। सैक्रामेंटो किंग्स के सात फीट एक इंच लंबे इस खिलाड़ी ने शुक्रवार को यहां अमेरिकन सेंटर में राष्ट्रीय राजधानी के विभिन्न स्कूलों और अकादमियों के 100 से अधिक बच्चों के साथ बास्केटबॉल खेली। डिवैक ने कहा, मैं वास्तव में हैरान हूं। बच्चे काफी प्रतिभाशाली हैं। दो ओलंपिक रजत पदक (1988 और 1996) और दो विश्व चैंपियनशिप स्वर्ण पदक (1990 और 2002) के विजेता डिवैक ने युवा खिलाड़ियों के साथ काफी समय बिताया। मैं लड़कियों के प्रदर्शन से काफी प्रभावित हूं। भारत बड़ा देश है और यहां बहुत सारे बच्चे हैं। भारत अगर सही राह पर चले तो वह इस खेल में मजबूत शक्ति बन सकता है। एनबीए एक वैश्विक ब्रांड है और भविष्य में हमारे पास भारत से कुछ एनबीए खिलाड़ी हो सकते हैं। भारत की एनबीए में पहले भी उपस्थिति रही है, जब कनाडा में जन्मे सिम भुल्लर 2015 में लीग के साथ अनुबंध करने वाले भारतीय मूल के पहले खिलाड़ी बने थे। संयोग से यह सैक्रामेंटो किंग्स ही था जिसने उन्हें टीम में शामिल किया था और उस समय डिवैक टीम के बास्केटबॉल संचालन के उपाध्यक्ष थे। सतनाम सिंह एनबीए में खेलने वाले पहले भारतीय बने थे। उन्होंने 2015 में डलास मावेरिक्स से अनुबंध किया था।

पैसे या भव्य परेड नहीं, बस चाहता हूं कि सभी खेलों की सफलता का जश्न मनेः सात्विक

नयी दिल्ली। स्टार बैडमिंटन खिलाड़ी सात्विकसाईराज रंकीरेड्डी ने शुक्रवार को कहा कि थॉमस कप में भारतीय टीम द्वारा कांस्य पदक जीतने के बाद जनता की फीकी प्रतिक्रिया पर की गई उनकी हालिया टिप्पणी का उद्देश्य पैसे या भव्य स्वागत की मांग करना नहीं था, बल्कि लोगों से सभी खेलों में हर छोटी-बड़ी जीत का जश्न मनाने की अपील करना था।

विश्व रैंकिंग में चौथे स्थान पर काबिज एशियाई खेलों के चैंपियन सात्विक और चिराग शेट्टी की जोड़ी हाल ही में डेनमार्क में आयोजित थॉमस कप में कांस्य पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थी। सात्विक ने हालांकि स्वदेश लौटने पर सोशल मीडिया पर उनकी उपलब्धि को अपेक्षित पहचान न मिलने को लेकर अपनी भावनाएं व्यक्त की थीं। डेनमार्क से वापस आने के बाद सात्विक ने लिखा था, अब घर वापस आ गया हूं। हमेशा की तरह, पिछले दो सप्ताहों में क्या हुआ, यह किसी को पता नहीं है और ऐसा लगता है कि किसी को वास्तव में इसकी परवाह भी नहीं है। इस 25 साल के खिलाड़ी ने शुक्रवार को अपने विचारों को और स्पष्ट करने के लिए एक और सोशल मीडिया पोस्ट साझा किया। उन्होंने लिखा, पिछले कुछ दिनों में थॉमस कप कांस्य पदक को लेकर मेरी टिप्पणियों पर काफी ध्यान दिया गया। मैं लोगों के समर्थन और प्रोत्साहन के लिए आभारी हूं, लेकिन मैं अपने इरादे को स्पष्ट करना चाहता हूं क्योंकि कई लोग मूल मुद्दे से भटकते नजर आ रहे हैं। उन्होंने लिखा, मेरे शब्द व्यक्तिगत प्रसिद्धि पाने या किसी और की उपलब्धियों का श्रेय कम करने की भावना से नहीं आए थे। मैं हर उस खिलाड़ी का बेहद सम्मान करता हूं जो किसी भी खेल में भारत का नाम रोशन करता है। मेरा संदेश केवल इतना था कि हमें ऐसी संस्कृति विकसित करनी चाहिए, जहां हर छोटी या बड़ी जीत का उत्साहपूर्वक से जश्न मनाया जाए। थॉमस कप जैसे टूर्नामेंट में उत्कृष्ट प्रदर्शन खिलाड़ियों के वर्षों के त्याग और कठिन मेहनत का परिणाम होता है और जब ऐसी उपलब्धियों पर चुप्पी छा जाती है।

खिलाड़ियों के कमरों में अनधिकृत प्रवेश पर रोक बीसीसीआई ने हनी ट्रैप, सुरक्षा जोखिम के प्रति चेताया

नयी दिल्ली। भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने संभावित हनी ट्रैप, कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों के प्रति आगाह करते हुए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों के होटल के कमरों में अनधिकृत लोगों के प्रवेश पर प्रतिबंध लगा दिया है, क्योंकि बोर्ड की भ्रष्टाचार विरोधी इकाई (एसीयू) ने दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल के उल्लंघन की घटनाओं को उजागर किया था।

बीसीसीआई ने आईपीएल की 10 फ्रेंचाइजी के लिए जारी एक पत्र में कहा है कि खिलाड़ियों और अधिकारियों के कमरों में मेहमानों के प्रवेश के लिए टीम मैनेजरों से लिखित अनुमति लेना अनिवार्य होगी। बीसीसीआई सचिव देवजीत सैकिया ने 10 फ्रेंचाइजी के सीईओ को जो पत्र लिखा है, उसकी एक प्रति पीटीआई के पास है। सैकिया ने पत्र में कहा है, मौजूदा सत्र के दौरान कुछ घटनाओं को देखते हुए यह सलाह जारी की गई है और इसका उद्देश्य आईपीएल से जुड़े सभी हितधारकों से अपेक्षित पेशेवरपन, अनुशासन, सुरक्षा जागरूकता और प्रोटोकॉल का पालन करने के मानकों को मजबूत करना है। बीसीसीआई के संज्ञान में आया है कि आईपीएल के मौजूदा सत्र के दौरान खिलाड़ियों, सहयोगी स्टाफ के सदस्यों और टीम अधिकारियों से जुड़े दुर्व्यवहार और प्रोटोकॉल उल्लंघन की कुछ घटनाएं हुई हैं। यदि इन घटनाओं पर ध्यान नहीं दिया गया, तो टूर्नामेंट, संबंधित फ्रेंचाइजी और शासी निकाय के रूप में बीसीसीआई की प्रतिष्ठा को गंभीर नुकसान पहुंच सकता है। इससे व्यक्तियों और फ्रेंचाइजी को गंभीर कानूनी दायित्व और सुरक्षा जोखिमों का सामना करना पड़ सकता है। बीसीसीआई ने कहा कि यह देखा गया है कि कुछ खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों ने संबंधित आईपीएल फ्रेंचाइजी टीम के मैनेजर की जानकारी या अनुमति के बिना अनधिकृत व्यक्तियों को होटल के अपने कमरों में प्रवेश करने की अनुमति दी है। पत्र में कहा गया है कि कई मामलों में टीम मैनेजर को ऐसे मेहमानों की उपस्थिति के बारे में बिल्कुल भी पता नहीं था। इस चलन को तत्काल प्रभाव से सख्ती से प्रतिबंधित किया जाता है। सभी खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अब एक मानक संचालन प्रक्रिया (एसओपी) दी गई है जिसका पालन टूर्नामेंट की पूरी अवधि के दौरान करना आवश्यक होगा। इसमें कहा गया है, टीम मैनेजर की पूर्व सूचना और स्पष्ट लिखित स्वीकृति के बिना खिलाड़ी या सहायक स्टाफ सदस्य के होटल के कमरे में किसी अन्य व्यक्ति को प्रवेश करने की अनुमति नहीं दी जाएगी। पत्र के अनुसार बीसीसीआई सभी फ्रेंचाइजी का ध्यान शीर्ष स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में लक्षित यौन शोषण और हनी ट्रैपिंग (सुनियोजित जासूसी या ब्लैकमेलिंग का तरीका, जिसमें किसी व्यक्ति को प्रेम, यौन आकर्षण या भावनात्मक प्रलोभन में फंसाया जाता है) के जोखिमों की तरफ आकर्षित करता है। बोर्ड ने कहा कि ऐसी घटनाओं की संभावना को नकारा नहीं जा सकता जिनसे गंभीर कानूनी आरोप लग सकते हैं, जिनमें यौन दुर्व्यवहार से संबंधित लागू भारतीय कानूनों के तहत आरोप भी शामिल हैं। आईपीएल फ्रेंचाइजी को ऐसे जोखिमों को कम करने के लिए हर समय सतर्क और सक्रिय रहना चाहिए। इसमें खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ के सदस्यों को अपने नामित सुरक्षा अधिकारी और टीम इंटीग्रिटी अधिकारी को सूचित किए बिना अनियमित समय पर टीम के होटलों से बाहर निकलने पर भी प्रतिबंध लगा दिया गया है।

कोहली का विकेट लेने से अच्छा लगा : प्रिंस यादव

लखनऊ। लखनऊसुपर जायंट्स (एलएसजी) के तेज गेंदबाज प्रिंस यादव ने यहां आईपीएल मैच के दौरान रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को एक बेहतरीन गेंद से आउट किया, लेकिन वह इसे ज्यादा तवज्जो नहीं देना चाहते और उन्होंने कहा कि टीम का जीत हासिल करना अधिक महत्वपूर्ण है। आरसीबी की टीम बारिश से प्रभावित इस मैच में डकवर्थ लुईस पद्धति से 213 रन के लक्ष्य का पीछा कर रही थी लेकिन उसकी टीम निर्धारित 19 ओवर में छह विकेट पर 203 रन ही बना पाई। मिचेल मार्श के 111 रन की बदौलत एलएसजी ने तीन विकेट पर 209 रन बनाए थे। प्रिंस ने 33 रन देकर तीन विकेट लिए।

कोहली का विकेट लेने के बाद मुझे अच्छा लगा, लेकिन सबसे ज्यादा खुशी इस बात की है कि हमने मैच जीत लिया। अगर मैंने विकेट लिया होता और हम हार जाते, तो इतना अच्छा नहीं लगता। उन्होंने कहा कि कोई भी गेंदबाज जब किसी भी तरीके से विकेट लेता है तो अच्छा लगता है। अगर परिस्थिति ऐसी होती है कि हम विकेट लेकर ही मैच जीत सकते हैं तो वही हुआ और मुझे अच्छा लग रहा है। प्रिंस ने इस सत्र में शानदार प्रदर्शन करते हुए 16 विकेट लिए हैं, जो शीर्ष पर चल रहे गेंदबाजों भुवनेश्वर कुमार (17) और अंशुल कंबोज (17) से केवल एक विकेट कम है। इस 24 वर्षीय खिलाड़ी ने कहा कि उन्होंने सीनियर तेज गेंदबाज मोहम्मद शमी से नई गेंद से गेंदबाजी करने के बारे में बहुत कुछ सीखा है। उन्होंने कहा कि मैंने उनसे (शमी से) नई गेंद से गेंदबाजी करने के बारे में बहुत कुछ सीखा। उनकी सबसे अच्छी बात यह है कि जब भी कोई गेंदबाज गेंदबाजी कर रहा होता है तो वह मिड-ऑन या मिड-ऑफ पर खड़े होते हैं। अगर आपका साथ देने के लिए इतना अनुभवी खिलाड़ी हो तो आत्मविश्वास का स्तर अलग हो जाता है। आरसीबी के कप्तान रजत पाटीदार ने स्वीकार किया कि प्रिंस की गेंदबाजी ने मैच का रुख बदल दिया। पाटीदार ने कहा कि हमने दिल्ली में प्रिंस के साथ कई घरेलू मैच खेले हैं। मैं उन्हें लंबे समय से देखता आ रहा हूं। उनकी गेंदबाजी में विविधता है। उनके पास गति है। उनके पास स्विंग है। वह एक कुशल तेज गेंदबाज हैं। उन्होंने आज बहुत अच्छी गेंदबाजी की। मुझे लगता है कि अपनी गेंदबाजी से उन्होंने मैच का रुख बदल दिया। आरसीबी अभी 10 मैचों के बाद 12 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर है और पाटीदार ने कहा कि उनकी टीम खिताब का बचाव कर सकती है। उन्होंने कहा कि हम इस सत्र में मौजूदा चैंपियन के रूप में खेल रहे हैं और हमारे पास फिर से चैंपियन बनने का मौका है।

राजस्थान रॉयल्स से आगे निकलने की कोशिश करेगा गुजरात टाइटंस

जयपुर। आत्मविश्वास से ओतप्रोत गुजरात टाइटन्स शनिवार को यहां राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के मैच में अपनी जीत का सिलसिला जारी रखकर अंक तालिका में अपनी स्थिति मजबूत करने की कोशिश करेगा।

राजस्थान रॉयल्स और गुजरात की टीम की स्थिति लगभग समान है। इन दोनों ने अब तक 10 मैचों में छह जीत और चार हार दर्ज की हैं। रॉयल्स बेहतर नेट रन रेट (0.510) के कारण गुजरात से आगे है। गुजरात टाइटन्स ने हालांकि लगातार तीन जीत हासिल की हैं और वह शीर्ष चार में जगह बनाने की कोशिश कर रहा है। रॉयल्स को अपने पिछले पांच मैचों में से तीन मैच में हार का सामना करना पड़ा है। रॉयल्स ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने पिछले मैच में कप्तान रियान पराग के 90 रन की मदद से छह विकेट पर 225 रन बनाए थे लेकिन उसके गेंदबाज इस स्कोर का बचाव नहीं कर पाए थे। यह लगातार दूसरा मौका था जब रॉयल्स 220 से अधिक के स्कोर का बचाव नहीं कर पाया। राजस्थान रॉयल्स हालांकि वैभव सूर्यवंशी (404 रन), यशस्वी जायसवाल (312) और यहां तक कि ध्रुव जुरेल (290) जैसे शीर्ष क्रम के बल्लेबाजों के कारण काफी मजबूत है, लेकिन उसका मध्य और निचले क्रम के बल्लेबाज अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पाए हैं। इन बल्लेबाजों में केवल डोनोवन फरेरा (229) ही 150 या उससे अधिक रन बना पाए हैं। जुरेल रॉयल्स की बल्लेबाजी का महत्वपूर्ण अंग है लेकिन वह अपेक्षित तेजी से रन नहीं बन पा रहे हैं। जुरेल ने अपनी पिछली तीन पारियों में तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करते हुए 30 गेंदों में 42 रन, 20 गेंदों में 16 रन और 30 गेंदों में 42 रन बनाए हैं। इन आंकड़ों को देखकर स्पष्ट हो जाता है कि सुधार की गुंजाइश है क्योंकि टूर्नामेंट में यह साफ हो गया कि कोई भी स्कोर सुरक्षित नहीं है। आईपीएल का मौजूदा सत्र गेंदबाजों के लिए अच्छा नहीं रहा है और ऐसे में रॉयल्स को विशेष कर बीच के ओवरों में अपनी गेंदबाजी की समस्याओं को दूर करना होगा। गुजरात टाइटंस की टीम इस बात से खुश होगी कि उसने सही समय पर लय हासिल कर ली है। कप्तान शुभमन गिल (378 रन) के प्रदर्शन में निरंतरता है और वह इसे बरकरार रखने के लिए प्रतिबद्ध होंगे। साई सुदर्शन (385) भी अपनी फॉर्म का पूरा फायदा उठाना चाहेंगे। उन्होंने अपनी पिछली चार पारियों में दो अर्धशतक और एक शतक लगाया है। जोस बटलर (335) के निरंतरता बनाए रखने से गुजरात टाइटन्स का शीर्ष क्रम बेहद मजबूत नजर आता है। उसके पास निचले क्रम में मुश्किल परिस्थितियों से निपटने में माहिर अच्छे फिनिशर भी हैं। गुजरात टाइटंस की गेंदबाजी भी अच्छी है। कैगिसो रबाडा (16 विकेट) तेज गेंदबाजी आक्रमण की अगुवाई बखूबी कर रहे हैं। उसकी टीम रबाडा, प्रसिद्ध कृष्णा (12) और मोहम्मद सिराज (11) की तेज गेंदबाजी तिकड़ी के प्रदर्शन से काफी खुश होगी। यहां सवाई मानसिंह स्टेडियम में 220 से अधिक के स्कोर का दो बार सफलतापूर्वक पीछा किया जा चुका है, इसलिए टॉस जीतने वाली टीम पहले फील्डिंग करना पसंद करेगी।

टीम इस प्रकार हैं:

राजस्थान रॉयल्स: रियान पराग (कप्तान), अमन राव, शुभम दुबे, शिमरोन हेटमायर, यशस्वी जयसवाल, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), वैभव सूर्यवंशी, लुआन-ड्रे प्रिटोरियस, रवि सिंह, डोनोवन फरेरा, रवींद्र जडेजा, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, ब्रिजेश शर्मा, नांद्रे बर्गर, तुषार देशपांडे, क्वेना मफाका, एडम मिल्ने, सुशांत मिश्रा, विग्नेश पुथुर, रवि बिश्नोई, संदीप शर्मा, कुलदीप सेन, यशराज पुंजा, युद्धवीर सिंह।

गुजरात टाइटंस: शुभमन गिल (कप्तान), अनुज रावत, जोस बटलर (विकेटकीपर), कॉनर एस्टरहुइज़न, कुमार कुशाग्र (विकेटकीपर), बी साई सुदर्शन, एम शाहरुख खान, जेसन होल्डर, ग्लेन फिलिप्स, राशिद खान, निशांत सिद्धू, मानव सुथार, राहुल तेवतिया, वाशिंगटन सुंदर, अरशद खान, अशोक शर्मा, गुरनूर बराड़, कुलवंत खेजरोलिया, मोहम्मद सिराज, प्रसिद्ध कृष्णा, कैगिसो रबाडा, आर साई किशोर, ईशांत शर्मा, ल्यूक वुड, जयंत यादव। मैच भारतीय समयानुसार शाम 7:30 बजे शुरू होगा।

एकता की डोर से बंधा है भारत: मोदी

नयी दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को कहा कि भारत का हर हिस्सा पवित्र है और वह एक ऐसी एकता की डोर से जुड़ा है जो भौगोलिक की सीमाओं से परे है तथा आज की विभाजित दुनिया में एकता की यह भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। मोदी ने पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर को श्रद्धालुओं के लिए फिर से खोले जाने के 75 वर्ष पूरे होने के अवसर पर लिखे एक लेख में कहा कि गुजरात स्थित इस मंदिर की रक्षा के लिए अपने प्राण न्योछावर करने वालों तथा समय-समय पर इसका पुनर्निर्माण करने वालों के संघर्ष और बलिदान को कभी भुलाया नहीं जाएगा।

उन्होंने कहा कि विभाजनों से भरी दुनिया में एकता की यह भावना पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है और सोमनाथ अपनी पूरी गरिमा के साथ हमेशा अडिग खड़ा रहेगा क्योंकि एकता और साझा सभ्यतागत चेतना की भावना हर भारतीय के हृदय में जीवित है। उन्होंने कहा कि सोमनाथ की रक्षा और इसके पुनर्निर्माण के लिए जिन्होंने अपना सर्वस्व बलिदान किया, उनका संघर्ष हम कभी नहीं भुला सकते। भारत के विभिन्न हिस्सों से आए लोगों ने इसकी भव्यता और दिव्यता को लौटाने में अपना अद्भुत योगदान दिया। उनकी ऐसी ही आस्था पूरे भारतवर्ष को लेकर भी थी। वे एकता की ऐसी अद्भुत डोर से बंधे थे, जिसे जमीनी सीमाओं में नहीं बांटा जा सकता। उन्होंने कहा कि आज की विभाजित दुनिया में, सोमनाथ से मिलने वाली एकता की यह सीख पहले से कहीं अधिक प्रासंगिक है। सोमनाथ अपनी गौरवशाली परंपरा के साथ हमेशा खड़ा रहेगा क्योंकि

यह हमारी साझा सभ्यता का प्रतीक है। इसी गौरव को नमन करते हुए बलिदान देने वाले वीरों की स्मृति में और दानवीरों की उदारता को याद करते हुए अगले एक हजार दिनों तक यहां विशेष पूजा आयोजित की जाएगी। यह देखकर बहुत प्रसन्नता हो रही है कि बड़ी संख्या में लोग इस पुनीत कार्य में अपना योगदान दे रहे हैं। मोदी ने कहा कि मैं सभी देशवासियों से आग्रह करता हूं कि इस पावन अवसर पर पवित्र सोमनाथ धाम की यात्रा करें और इसकी भव्यता के साक्षात दर्शन करें। जब आप सोमनाथ के तट पर खड़े होंगे, तब उसकी प्राचीन प्रतिध्वनियों को अपने भीतर महसूस करेंगे। वहां आपको केवल भक्ति का अनुभव नहीं होगा, बल्कि उस सभ्यतागत चेतना की सशक्त धड़कन भी सुनाई देगी, जो कभी रुकी नहीं जिसकी तीव्रता कभी कम नहीं हुई। उन्होंने कहा कि श्रद्धालु वहां भारत की उस अपराजित आत्मा का अनुभव करेंगे, जिसने हर आघात के बावजूद अपनी पहचान और अपनी संस्कृति को अक्षुण्ण बनाए रखा। आप समझ पाएंगे कि इतने प्रयासों के बाद भी क्यों हमारी सभ्यता मिट नहीं सकी। वहां आपको चिर विजय के उस दर्शन का अनुभव होगा जो सदियों से भारत की शक्ति बना हुआ है। मुझे पूरा विश्वास है कि आपके लिए यह एक अविस्मरणीय अनुभव होगा। उन्होंने कहा कि 2026 की शुरुआत में उन्हें सोमनाथ स्वाभिमान पर्व में सम्मिलित होने का सौभाग्य मिला जो सोमनाथ मंदिर पर हुए पहले आक्रमण के एक हजार वर्ष बाद भी मंदिर के शाश्वत और अविनाशी होने का पर्व था। मोदी ने कहा कि उन्हें पुनर्निर्मित सोमनाथ मंदिर के लोकार्पण की 75वीं वर्षगांठ के उपलक्ष्य में अब 11 मई को एक बार फिर सोमनाथ जाने का सुअवसर प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि छह महीनों के भीतर सोमनाथ के इतिहास से जुड़े इन दो अत्यंत महत्वपूर्ण पड़ावों का साक्षी बनना उनके लिए बहुत सौभाग्य की बात है। सोमनाथ केवल एक मंदिर नहीं, हमारी सभ्यता का अटूट संकल्प है। इसके सामने लहराता विशाल समुद्र अनंत काल की अनुभूति कराता है। इसकी लहरें हमें सिखाती हैं कि तूफान चाहे कितने भी विकराल क्यों न हों, मनुष्य का साहस और आत्मबल हर बार फिर से उठ खड़ा होने में सक्षम है। तट से टकराती लहरें सदियों से यह उद्घोष कर रही हैं कि मानवीय चेतना को लंबे समय तक दबाया नहीं जा सकता है।

प्रधानमंत्री स्टार्मर ने स्थानीय चुनावों में पार्टी को मिली हार की जिम्मेदारी ली

लंदन। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री केअर स्टार्मर ने शुक्रवार को कहा कि स्थानीय चुनावों में लेबर पार्टी को मिली करारी हार की जिम्मेदारी वह लेते हैं। इन चुनावों में आप्रवासन विरोधी रुख वाली रिफॉर्म यूके पार्टी को बड़ी जीत मिली है।

स्टार्मर ने बृहस्पतिवार को पूरे ब्रिटेन में हुए स्थानीय परिषदों और स्कॉटलैंड एवं वेल्स की संसदों के चुनावों की मतगणना के दौरान पत्रकारों से कहा कि इस परिणाम से देश की अर्थव्यवस्था के सामने मौजूद चुनौतियों से निपटने के उनके संकल्प में कोई कमी नहीं आएगी। वेस्टमिंस्टर, साउथेम्प्टन, एक्सेटर, रेडिच, वैंड्सवर्थ, हार्टलपूल, टैमवर्थ और टेमसाइड की कई महत्वपूर्ण परिषदों में लेबर पार्टी का बहुमत छिन जाने के बाद स्टार्मर पर पार्टी नेता और प्रधानमंत्री पद से इस्तीफा देने का दबाव बढ़ रहा है। स्टार्मर ने कहा कि नतीजे खराब हैं, बहुत खराब हैं और इसे छिपाया नहीं जा सकता। उन्होंने कहा कि देशभर में लेबर पार्टी के प्रतिभाशाली प्रतिनिधियों को हार मिली है। ये वे लोग थे, जिन्होंने अपने समुदायों और हमारी पार्टी के लिए बहुत कुछ किया। इससे दुख होता है और होना भी चाहिए। मैं इसकी (हार की) जिम्मेदारी लेता हूं। प्रधानमंत्री ने कहा, मैं पीछे नहीं हटूंगा और देश को अराजकता में नहीं धकेलूंगा। यह पूछने पर कि क्या वह 2029 में होने वाले अगले आम चुनाव में लेबर पार्टी का नेतृत्व करेंगे, तो उन्होंने जवाब दिया, हां। मुझे पांच साल के कार्यकाल के लिए चुना गया था और मैं इसे पूरा करने का इरादा रखता हूं। ब्रिटेन के प्रधानमंत्री ने स्वीकार किया कि जब मतदाता इस तरह का संदेश देते हैं, तो सत्ताधारी दल को आत्ममंथन करना और जवाब देना चाहिए। वे जानते हैं कि यथास्थिति उन्हें निराश कर रही है और वे हताश हैं, उन्हें बदलाव महसूस नहीं हो रहा है। रिफॉर्म यूके ने लेबर और विपक्षी दल टोरी दोनों प्रमुख पार्टियों की हराते हुए पार्षदों की 100 से ज्यादा सीट पर जीत हासिल की हैं।

संक्षेप

सोमनाथ मंदिर में आयोजित अमृत महोत्सव समारोह में भाग लेंगे प्रधानमंत्री

सोमनाथ। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 11 मई को गुजरात के वेरावल स्थित प्रसिद्ध सोमनाथ मंदिर में आयोजित सोमनाथ अमृत महोत्सव में भाग लेंगे। राज्य के एक मंत्री ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। यह समारोह भारत के तत्कालीन राष्ट्रपति राजेंद्र प्रसाद द्वारा पुनर्निर्मित मंदिर के उद्घाटन के 75 वर्ष पूरे होने के उपलक्ष्य में आयोजित किया जाएगा। गुजरात के कैबिनेट मंत्री जीतू वाघाणी ने कहा, 11 मई को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ऐतिहासिक मंदिर में आयोजित अमृत महोत्सव में भाग लेंगे। उन्होंने बताया कि मोदी 10 मई को रात 9:30 से 9:45 बजे के बीच हैदराबाद से जामनगर पहुंचेंगे और लाल बंगला सर्कल पर विधायक रिवाबा जडेजा, सांसद पूनम मादम और अन्य भाजपा नेताओं द्वारा उनका स्वागत किया जाएगा। मंत्री ने बताया कि प्रधानमंत्री जामनगर में रात्रि विश्राम करेंगे और 11 मई को सोमनाथ के लिए रवाना होंगे। एक हजार साल पहले हुए विनाश के बावजूद, अटूट आस्था का प्रतीक सोमनाथ मंदिर आज भी खड़ा है। हम सोमनाथ विरासत की 75वीं वर्षगांठ को अमृत महोत्सव के हिस्से के रूप में मनाएंगे, जो उस दिन को चिह्नित करता है।

चीन में भारत के नये राजदूत ने चीनी विदेश मंत्रालय को परिचय-पत्र की प्रति सौंपी

बीजिंग। चीन में भारत के नए राजदूत विक्रम दोराईस्वामी ने सहायक विदेश मंत्री हांग लेई को अपने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी है।

दोराईस्वामी ने ऑपरेशन सिंदूर के एक साल पूरे होने पर बृहस्पतिवार को दूतावास में आयोजित एक समारोह में भी हिस्सा लिया। भारतीय दूतावास ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट साझा करते हुए बताया कि राजदूत दोराईस्वामी ने चीन के विदेश मंत्रालय में प्रोटोकॉल विभाग के महानिदेशक और सहायक विदेश मंत्री हांग लेई को बीजिंग में अपने परिचय-पत्र की प्रति सौंपी। हम अपने सशस्त्र बलों की पेशेवर दक्षता को सलाम करने के लिए एकत्र हुए जिन्होंने अद्वितीय साहस, सटीकता और संकल्प का प्रदर्शन किया। अधिकारियों ने पहलगाम में हुए कायरतापूर्ण आतंकवादी हमले में मारे गए निर्दोष लोगों को याद किया और सभी प्रकार के आतंकवाद से लड़ने का अपना संकल्प दोहराया। वर्ष 1992 बैच के भारतीय विदेश सेवा अधिकारी दोराईस्वामी अपना नया कार्यभार संभालने पिछले रविवार को बीजिंग पहुंचे थे।

महिला सुरक्षा पर सरकार के दावे खोखले : खरगे

नयी दिल्ली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे ने शुक्रवार को कहा कि राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो (एनसीआरबी) के आंकड़ों ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर मोदी सरकार के खोखले दावों को उजागर कर दिया है।

एनसीआरबी-2024 की रिपोर्ट बीते बुधवार को जारी की गई। खरगे ने एक्स पर पोस्ट किया, मोदी सरकार के 12 वर्षों ने कानून-व्यवस्था और महिला सुरक्षा पर उसके दावों का खोखलापन उजागर कर दिया है और सच्चाई देश के सामने ला दी है। उन्होंने कहा कि एनसीआरबी की रिपोर्ट के अनुसार 2013 के बाद से महिलाओं के खिलाफ अपराध 42.6 प्रतिशत बढ़ गए हैं, बच्चों के खिलाफ अपराध 204.6 प्रतिशत बढ़ गए हैं, दलितों के खिलाफ अत्याचार में 41.3 प्रतिशत की वृद्धि हुई है। आदिवासियों के खिलाफ अपराध 46.7 प्रतिशत बढ़ गए हैं। कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा, साइबर अपराध में 1,689 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई है। 2024 में 10,546 किसानों, 52,931 दिहाड़ी मजदूरों और 14,488 छात्रों ने आत्महत्या की। अखिल भारतीय महिला कांग्रेस अध्यक्ष अलका लांबा ने कहा, एनसीआरबी-2024 की रिपोर्ट केंद्र की भाजपा सरकार के महिला सुरक्षा से जुड़े दावों की पोल खोल रही है। आंकड़े बताते हैं कि पिछले 11 साल में 42,85,888 महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले सामने आए हैं। भाजपा सरकार में महिलाओं के खिलाफ अपराध के मामले लगातार बढ़ते ही जा रहे हैं। ये महिलाएं पिछले कई साल से न्याय मांग रही हैं, जिनकी सुनवाई नहीं हो रही। देश में हर 70 मिनट में एक महिला दरिंदगी का शिकार होती है।

ईरान चीनी युआन में तेल शुल्क चाहता है अमेरिकी पेट्रोडॉलर की शक्ति घट रही है

ऑकलैंड। ईरान और अमेरिका द्वारा होर्मुज जलडमरूमध्य में लगाए गए अवरोधों के बीच पिछले कुछ हफ्तों से जारी तनाव ने यह स्पष्ट कर दिया है कि यह संकीर्ण समुद्री मार्ग इस संघर्ष के परिणाम में निर्णायक भूमिका निभा रहा है। अमेरिका ने इस जलमार्ग से जहाजों को सुरक्षित निकालने के लिए एस्कॉर्ट (सुरक्षा) व्यवस्था शुरू की है। लेकिन इस सैन्य गतिविधि के पीछे एक गहरा बदलाव देखा जा रहा है और वह यह कि फारस की खाड़ी में ऊर्जा सुरक्षा व्यवस्था तेज़ी से बदल रही है। वैश्विक प्रवाह को नियंत्रित करने की ईरान और अमेरिका दोनों की कोशिशों के साथ-साथ एक और बड़ा घटनाक्रम सामने आया है। अमेरिका के एक प्रमुख सहयोगी संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) ने ओपेक से खुद को अलग कर लिया है, जिसे तेल गठबंधन के लिए बड़ा झटका माना जा रहा है। इसके अतिरिक्त, ईरान ने युद्ध से हुए नुकसान की भरपाई के लिए होर्मुज जलडमरूमध्य में शुल्क (टैरिफ) लगाने की योजना की घोषणा की है। यदि यह टैरिफ लागू होता है, तो इससे ईरान को हर साल लगभग 40 से 50 अरब अमेरिकी डॉलर की आय हो सकती है। इससे वह अमेरिका द्वारा लगाए गए आर्थिक प्रतिबंधों के प्रभाव को कम कर सकता है।

चंद्रनाथ के हत्यारों के राज्य से भागने की आशंका बंगाल के सीमावर्ती जिलों में निगरानी बढ़ायी गयी

कोलकाता। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के नेता शुभेंदु अधिकारी के करीबी सहयोगी की हत्या में पड़ोसी राज्यों के पेशेवर शूटर की संलिप्तता का संदेह होने के मद्देनजर पश्चिम बंगाल के सीमावर्ती जिलों के पुलिस थानों ने निगरानी और तलाशी अभियान तेज कर दिया है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

अधिकारी ने कहा कि पुलिस उन स्थानीय अपराधियों की भूमिका की भी जांच कर रही है जिन्होंने हमलावरों को संभवतः साजो-सामान और अन्य सहायता उपलब्ध कराई। उत्तर 24 परगना जिले के मध्यमग्राम में मोटरसाइकिल सवार बंदूकधारियों द्वारा अधिकारी के निजी सहायक चंद्रनाथ रथ की हत्या किए जाने के 36 घंटे से अधिक समय बाद भी पुलिस अब तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर सकी है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने पीटीआई-भाषा से कहा, विस्तृत जांच जारी है। जिस तरीके से हमला किया गया, उससे व्यापक रेकी किए जाने और राज्य के बाहर से भाड़े के पेशेवर शूटर की संभावित संलिप्तता का संकेत मिलता है। उन्होंने कहा कि सीमावर्ती जिलों के सभी थानों को सतर्क कर दिया गया है। एक अन्य वरिष्ठ अधिकारी ने कहा कि कई स्थानों पर जांच की जा रही है और जेसोर रोड के आसपास के क्षेत्रों के सीसीटीवी फुटेज को बारीकी से खंगाला जा रहा है। जांच में सामने आए तथ्यों के अनुसार, बंदूकधारियों ने हमला करने से पहले रथ के वाहन का कथित तौर पर पीछा किया था। बंदूकधारियों के भागने के रास्ते से संकेत मिलता है कि वे इलाके से परिचित थे या स्थानीय अपराधियों ने उनकी मदद की होगी। स्थानीय सहायता के बिना गलियों से इतनी जल्दी भागना मुश्किल होता। हालांकि, पुलिस अभी तक हत्या का मकसद पता नहीं लगा पाई है।

प्रदर्शनरत विद्यार्थियों पर पुलिस ने किया बल प्रयोग

पटना। बिहार लोक सेवा आयोग (बीपीएससी) की शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 की अधिसूचना जारी करने में हो रही देरी के विरोध में प्रदर्शन कर रहे विद्यार्थियों को तितर-बितर करने के लिए पटना पुलिस ने शुक्रवार को बल प्रयोग किया। अधिकारियों ने यह जानकारी दी।

पटना के पुलिस अधीक्षक (एसपी-मध्य) दीक्षा ने कहा, प्रदर्शनकारी बैरिकेडिंग तोड़ने की कोशिश कर रहे थे, जिसके बाद उन्हें हटाने के लिए हल्का बल प्रयोग किया गया। हालांकि, विद्यार्थियों का आरोप है कि पुलिस ने उन पर लाठीचार्ज भी किया। बीपीएससी शिक्षक भर्ती परीक्षा (टीआरई)-4 के अभ्यर्थियों ने बड़ी संख्या में पटना महाविद्यालय से विरोध मार्च निकाला था और वे डाकबंगला चौराहा की ओर बढ़ रहे थे, इसी दौरान गांधी मैदान के पास पुलिस ने उन्हें रोक दिया। बिहार में बीपीएससी

टीआरई-4 परीक्षा के माध्यम से 46 हजार से अधिक पदों पर नियुक्ति की उम्मीद है, लेकिन परीक्षा की अधिसूचना अप्रैल 2026 की तय समयसीमा के बाद भी जारी नहीं की गयी है। शुक्रवार को पदभार ग्रहण करने वाले शिक्षा मंत्री मिथिलेश तिवारी ने कहा कि बीपीएससी टीआरई-4 समेत सभी लंबित भर्तियां जल्द पूरी की जाएंगी। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, अब कोई भी भर्ती लंबित नहीं रहेगी। मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी के नेतृत्व में मैं यह सुनिश्चित करने का प्रयास करूंगा कि शिक्षा क्षेत्र बिहार के समग्र विकास की मजबूत नींव बने। तिवारी ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने शिक्षा क्षेत्र में उल्लेखनीय प्रगति सुनिश्चित की थी तथा नई सरकार इसे और आगे बढ़ाएगी। प्रदर्शन मार्च का नेतृत्व कर रहे छात्र नेता दिलीप कुमार ने पूर्व शिक्षा मंत्री सुनील कुमार पर अभ्यर्थियों को झूठा आश्वासन देने का आरोप लगाया। उन्होंने उम्मीद जताई कि तिवारी इस मुद्दे का शीघ्र समाधान करेंगे। इधर, राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के कार्यकारी राष्ट्रीय अध्यक्ष तेजस्वी यादव ने शिक्षक अभ्यर्थियों पर बल प्रयोग किए जाने को लेकर भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नीत राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) सरकार पर शुक्रवार को निशाना साधा और आरोप लगाया कि सरकार युवाओं की मांगों को सुनने के बजाय उन पर लाठियां बरसा रही है।

इंटरटेनमेंट...

सलमान ने खुद जतायी थी राजा शिवाजी का हिस्सा बनने की इच्छा

मुंबई। अभिनेता रितेश देशमुख ने कहा कि सलमान खान फिल्म राजा शिवाजी का हिस्सा बनना चाहते थे, जिसके बाद उन्हें ऐसा खास किरदार गढ़ना पड़ा, जो सलमान के रुतबे के बराबर हो। एक मई को रिलीज हुई यह फिल्म मराठा साम्राज्य के संस्थापक छत्रपति शिवाजी महाराज के जीवन पर आधारित है। रितेश देशमुख ने फिल्म में मुख्य भूमिका निभाने के साथ-साथ इसके सह-लेखन और निर्देशन की जिम्मेदारी भी संभाली है। फिल्म में सलमान खान कैमियो भूमिका में नजर आते हैं। उन्होंने जीवा माहाला का किरदार निभाया है जो एक वीर योद्धा थे, जिन्होंने प्रतापगढ़ की लड़ाई में शिवाजी महाराज की जान बचाई थी। रितेश देशमुख ने कहा एक दिन सलमान ने मुझसे कहा कि उन्हें राजा शिवाजी का हिस्सा बनना है। मैंने इस बारे में सोचा नहीं था, लेकिन उन्होंने कहा तुम मेरे बिना फिल्म नहीं बना सकते, मुझे इसका हिस्सा बनना ही है। मैंने उनसे थोड़ा समय मांगा, क्योंकि अगर वह स्क्रीन पर आएंगे, तो उसका एक अलग महत्व होना चाहिए। आखिरकार वह सलमान खान हैं, लोगों को मजा



आना चाहिए। अभिनेता-निर्देशक रितेश ने कहा कि वह चाहते थे कि सलमान फिल्म में ऐसा किरदार निभाएं जो दर्शकों के दिल में उतर जाए।

उन्होंने कहा मैं चाहता था कि वह एक खास किरदार अदा करें। वह किरदार सलमान खान से भी बड़ा लगना चाहिए और साथ ही प्रशंसक भी उसका आनंद उठाएं। फिर हमें यह किरदार मिला। मुझे पता था कि एक खास संवाद चाहिए जो बिल्कुल फिट बैठे। जब वह दृश्य पर्दे पर आया और वैसा असर छोड़ गया जैसा हम चाहते थे, तो वह पल शानदार था। यह पहली बार नहीं है जब सलमान खान ने रितेश की फिल्मों में खास भूमिका निभाई हो। इससे पहले वह 2022 में रितेश के निर्देशन वाली पहली फिल्म वेद में एक विशेष गाने में नजर आए थे। वहीं लय भारी में भी उन्होंने कैमियो किया था, जो मराठी सिनेमा में रितेश की पहली फिल्म थी।

राजा शिवाजी फिल्मी सितारों से सजी फिल्म है। फिल्म में संजय दत्त ने अफजल खान, अभिषेक बच्चन ने संभाजी शाहजी भोंसले, विद्या बालन ने बड़ी बेगम, फरदीन खान ने मुगल बादशाह शाहजहां और अमोल गुप्ते ने आदिल शाह की भूमिका निभायी है। रितेश ने कहा कि हिंदी फिल्म जगत के उनके दोस्तों ने सिर्फ प्यार और सम्मान की वजह से फिल्म में काम किया और किसी ने फीस के तौर पर एक रुपया तक नहीं लिया। राजा शिवाजी ने मराठी और हिंदी दोनों भाषाओं में घरेलू बॉक्स ऑफिस पर 52.66 करोड़ रुपये की कुल कमाई की है। फिल्म में महेश मांजरेकर, सचिन खेडेकर, भाग्यश्री और जितेंद्र जोशी भी अहम भूमिकाओं में नजर आए हैं। फिल्म को जियो स्टूडियोज प्रस्तुत कर रहा है और इसका निर्माण ज्योति देशपांडे तथा रितेश की पत्नी और अभिनेत्री जेनेलिया देशमुख ने मुंबई फिल्म कंपनी के बैनर तले किया है।

12 जून को रिलीज होगी कंगना रनौत की भारत भाग्य विधाता

नयी दिल्ली। अभिनेत्री और सांसद कंगना रनौत की फिल्म भारत भाग्य विधाता 12 जून को सिनेमाघरों में प्रदर्शित होगी। यह फिल्म वर्ष 2008 में मुंबई में हुए आतंकी हमलों के दौरान 400 लोगों की जान बचाने वाले अस्पताल के कर्मचारियों की सच्ची कहानी से प्रेरित है। निर्माताओं ने बुधवार को यह घोषणा की। भारत भाग्य विधाता की पटकथा और निर्देशन मनोज तापडिया ने किया है। यह फिल्म 26/11 हमलों की रात कामा अस्पताल के अंदर घटित घटनाओं पर आधारित है और इसमें यह दिखाया गया है कि कैसे अस्पताल के सभी नर्स, वार्ड बॉय, सफाईकर्मी, लिफ्ट ऑपरेटर, सुरक्षाकर्मी और प्रशासनिक कर्मचारियों ने बाहर व्याप्त आतंक के दौरान उसका डटकर सामना किया था।

समय रैना ने सुनील पाल को किया रोस्ट

मुम्बई। कॉमेडियन समय रैना, रणवीर अल्लाहबादिया और सुनील पाल का यह एपिसोड द ग्रेट इंडियन कपिल शो में वर्ल्ड लाफ्टर डे के मौके पर प्रसारित हुआ था, जिसे कपिल शर्मा होस्ट करते हैं। शो में सुनील पाल, समय रैना व रणवीर अल्लाहबादिया साथ नजर आए थे, लेकिन बाद में इसके कुछ क्लिप्स सोशल मीडिया पर चर्चा का विषय बन गए।

इन क्लिप्स में समय रैना द्वारा सुनील पाल पर बार-बार किए गए मजाक को लेकर लोगों की मिला-जुला रिएक्शन देखने को मिला। कुछ लोगों ने इसे हल्की-फुल्की मस्ती बताया, जबकि कई लोगों को लगा कि सुनील को शो में थोड़ा असहज किया गया। वहीं कुछ दर्शकों ने सुनील

के कुछ जोक्स को भी पुराना और अजीब बताया। हाल ही में जी स्विच को दिए इंटरव्यू में सुनील पाल ने कहा कि वह इस पूरे सेगमेंट के लिए मानसिक रूप से तैयार नहीं थे। उन्होंने बताया कि शो से पहले उन्हें बहुत कम जानकारी दी गई थी और उन्हें अंदाजा नहीं था कि शो में क्या होने वाला है। सुनील ने कहा, ह्यमुझे बताया गया था कि समय रैना और रणवीर अल्लाहबादिया शो में होंगे और मुझे भी वहां परफॉर्म करना है।

Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com